


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-27 अंक : 169 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) भाद्रपद शु.6 2079 शुक्रवार, 2 सितंबर 2022

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर पृष्ठ : 14 मूल्य : 8 रुपये

## केजरीवाल सरकार ने जीता विश्वासमत

नई दिल्ली, 1 सितंबर (एजेंसियां)। दिल्ली विधानसभा में प्रस्ताव पेश होने के तीन दिन बाद गुरुवार को केजरीवाल सरकार ने विश्वासमत जीत लिया है। सरकार के सपोर्ट में 58 वोट पड़े हैं, जबकि भाजपा ने वोटिंग से वॉकआउट कर दिया। 70 सीटों वाली दिल्ली विधानसभा में आप के 62 और भाजपा के 8 विधायक हैं। गुरुवार को सदन शुरू होते ही भाजपा विधायक शराब घोटाले की चर्चा को लेकर हंगामा करने लगे, जिसके बाद डिप्टी स्पीकर राखी बिरला ने भाजपा के 2 विधायकों को मार्शल आउट कर दिया। विधायकों के मार्शल आउट के बाद दिल्ली असेंबली में नेता प्रतिपक्ष रामवीर विधूड़ी ने कहा कि 2000 करोड़ रुपये का शराब घोटाला है और हमारे विधायकों को बोलने नहीं दिया जा रहा है।




### सियासी संकट : महागठबंधन ने राज्यपाल से कहा - सीएम पर फैसला सुनाएं

# दो दिन में स्थिति स्पष्ट कर देंगे : गवर्नर

रांची/रायपुर, 1 सितंबर (एजेंसियां)। झारखंड में सियासी संकट के बीच यूपीए प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल रमेश बैस से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को ज्ञापन देकर सीएम हेमंत सोरेन की विधायकी पर स्थिति स्पष्ट करने की मांग की। ज्ञापन में महागठबंधन ने अपने एकजुट होने का दावा किया।

इसमें सीएम की विधायकी रद्द होने की खबरों से पैदा हुई भ्रम की स्थिति पर चिंता जताई गई और कहा गया है कि जल्द से जल्द इसे साफ किया जाए। इस तरह के भ्रम से सरकार को डिस्टेबलाइज करने की कोशिश हो रही है। गवर्नर ऑफिस के आधे-अधूरे लीक से कफ्यूजन पैदा हो गया है जो प्रशासन पर असर डाल रहा है।



राज्यपाल से मुलाकात के बाद जेएमएम महासचिव विनोद पांडेय ने कहा कि राज्यपाल ने कहा है कि चुनाव आयोग से चिट्ठी मिली है। इस पर 1-2 दिन में कानूनी सलाह लेकर इस पर स्थिति स्पष्ट कर दी जाएगी। सीएम के इस्तीफे की बात को नकारते हुए विनोद पांडेय ने कहा कि राज्यपाल से हमने कहा है कि जिस तरह से मीडिया में खबरें आ रही हैं, उससे भ्रम की स्थिति पैदा हो रही है। राजभवन से जानकारी दिए जाने का हवाला दिया जा रहा है। जिस पर राज्यपाल रमेश बैस ने कहा कि राजभवन से कोई जानकारी नहीं दी गई है। 1-2 दिनों में पूरी स्थिति साफ कर दी जाएगी। मुलाकात के बाद राजभवन से बाहर निकली सांसद गीता कोड़ा ने कहा कि राज्यपाल ने 1 से 2 दिन के अंदर अपना फैसला चुनाव आयोग को भेजने के लिए कहा है। राजभवन में प्रतिनिधिमंडल करीब आधे घंटे तक रुका। कांग्रेस से कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, सांसद गीता कोड़ा, राज्य सभा सांसद धीरज साहू, जेएमएम से विजय हंसदा और महुआ मांझी राज्यपाल से मुलाकात करने पहुंचे थे। प्रतिनिधिमंडल ने आज ही राज्यपाल से मुलाकात का समय मांगा था। राजभवन से शाम 4 बजे मुलाकात का समय दिया गया था।

इधर, दूसरी तरफ सोरेन कैबिनेट की बैठक शुरू हो गई है। राजभवन पर दबाव बनाने के लिए सरकार विधानसभा का विशेष सत्र भी बुला सकती है। इसके जरिए सरकार दिल्ली की केजरीवाल सरकार की तरह खुद से विधानसभा में विश्वास मत पारित कर सकती है। विधानसभा के विशेष सत्र की घोषणा भी कैबिनेट की बैठक के बाद की जा सकती है। कैबिनेट की बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस होगी।

वहीं दूसरी तरफ कैबिनेट की बैठक के लिए सभी मंत्रियों को रायपुर से रांची बुला लिया गया है। जेएमएम कोटे के मंत्री जहां पहले से ही रांची में थे तो कांग्रेस कोटे के 4 मंत्री जिन्हें रायपुर शिफ्ट किया गया था, उन्हें भी बुधवार की शाम स्पेशल विमान से रांची बुला लिया गया है।

वहीं राज्य में सियासी संकट के मद्देनजर झारखंड की पूरी सरकार शुक्रवार को रायपुर शिफ्ट होने की संभावना है। प्रस्तावित कैबिनेट की बैठक के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अगुआई में सभी देर शाम रायपुर के मेफेयर गोफ्ल रिसॉर्ट रायपुर पहुंच सकते हैं। 3 दिन पहले ही केजरीवाल सरकार ने दिल्ली में भी अपना विश्वास मत पेश किया है।

## राहुल गांधी के खिलाफ सुनवाई टली

नई दिल्ली, 1 सितंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई टाल दी। मामले में अब 8 सितंबर को सुनवाई होगी।

याचिकाकर्ता ने बॉम्बे हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी है जिसमें राहुल गांधी के 2014 में दिए गए भाषण की ट्रांसक्रिप्ट को उनके खिलाफ आपराधिक मानहानि के मामले में सबूत के रूप में माने जाने की मांग को खारिज कर दिया था।

## भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में केरल की बड़ी भूमिका : पीएम मोदी



कोच्चि, 1 सितंबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय यात्रा पर आज केरल पहुंचें हैं। यहां कोचीन में कार्यकर्ताओं के संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने अपनी सरकार की योजनाओं को बताया। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प भारत को एक एक विकसित राष्ट्र बनाना है। उन्होंने कहा कि इसे पूरा करने में केरल के लोगों की बड़ी भूमिका है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, आजादी का अमृतकाल भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प पर काम करना है और इसमें केरल के लोगों की बड़ी भूमिका है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर चलकर बीजेपी संकल्पों को सिद्धि में बदल रही है।

उन्होंने आगे कहा कि हमारी सरकार देश के हर गरीब को पक्के मकान उपलब्ध कराने का अभियान चला रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत केरल के गरीबों के लिए लगभग 2,00,000 पक्के मकानों को भी मंजूरी दी गई है। इसमें से 1,30,000 से अधिक घर पूरे हो चुके हैं।

# तीस्ता सीतलवाड़ के खिलाफ क्या सबूत-सामग्री जुटाई : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, 1 सितंबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार पर बड़े सवाल उठाए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार से पूछा है कि तीस्ता के खिलाफ क्या सबूत और सामग्री जुटाई गई, क्या पुलिस हिरासत से कोई फायदा मिला और मामले की जांच कहां तक पहुंची? सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अभी तक तो एफआईआर सिर्फ कोर्ट के आदेशों पर लगती है। शीर्ष अदालत ने कहा कि तीस्ता पर कोई यूएपीए जैसे आरोप नहीं जो जमानत न दी जाए। ये साधारण सीआरपीसी धाराएं हैं। ये महिला अनुकूल फैसले की हकदार है। मामले में अब शुक्रवार दो बजे सुनवाई होगी। इससे पहले गुजरात दंगे में तत्कालीन सीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ सबूत गढ़ने की आरोपी तीस्ता सीतलवाड़ की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई शुरू हुई। सीजेआई यूयू ललित, जस्टिस एस रवींद्र भट और जस्टिस सुधांशु धुलिया की बेंच यह सुनवाई कर रही है।

गुजरात सरकार ने तीस्ता की जमानत का विरोध करते हुए कहा है कि सीतलवाड़ ने वरिष्ठ राजनीतिक नेता के इशारे पर साजिश रची और इसके लिए उसे बड़ी रकम मिली। सुप्रीम कोर्ट की बेंच की सुनवाई से एक दिन पहले हलफनामा दायर किया गया। गुजरात की अदालत में अपने रुख की तरह गुजरात सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष एक हलफनामा दायर कर कहा है कि 2002 के गुजरात दंगों से संबंधित सबूतों को गलत साबित करने के लिए एक्टिविस्ट तीस्ता सीतलवाड़ के खिलाफ एफआईआर केवल सप्रीम कोर्ट के फैसले पर आधारित नहीं हैं बल्कि सबूतों द्वारा समर्थित है। अब तक की जांच में सीतलवाड़ के खिलाफ 2002 के सांप्रदायिक दंगों से संबंधित सबूतों को गढ़ने और गलत साबित करने का एक प्रथम दृष्टया मामला सामने आया है। अब तक की गई जांच में प्राथमिकी की सामग्री को प्रमाणित करने के लिए अकाट्य सामग्री को रिकॉर्ड में लाया गया है। आवेदक ने अन्य आरोपी व्यक्तियों के साथ साजिश को अंजाम देकर राजनीतिक, वित्तीय और अन्य भौतिक लाभ प्राप्त करने के लिए आपराधिक कृत्य किए थे।






# राडिया टेप लीक से जुड़ी रतन टाटा की अर्ज़ी पर सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट



नई दिल्ली, 1 अगस्त (एजेंसियां)। नीरा राडिया से जुड़े 2010 में ऑडियो टेप के लीक होने की जांच की मांग करने वाली उद्योगपति रतन टाटा की याचिका पर आठ साल के बाद सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। रतन टाटा ने कहा है कि टेप लीक उनके निजता के अधिकार का उल्लंघन है। नीरा राडिया की उद्योगपतियों, पत्रकारों, सरकारी अधिकारियों और प्रमुख पदों पर बैठे अन्य लोगों के साथ फोन पर हुई बातचीत को एक दशक पहले की जांच के हिस्से के रूप में टैप किया गया था। अगस्त 2012 में रतन टाटा ने सुप्रीम कोर्ट से सरकार द्वारा दाखिल की गई रिपोर्ट की एक प्रति मांगी थी, जिसमें बताया गया था कि कैसे टेप लीक हुई है।

इस विवाद को बाद में राडिया टेप विवाद के रूप में जाना गया। नीरा राडिया के साथ रतन टाटा की बातचीत साल 2010 में मीडिया में सामने आई थी। इसके बाद वे सरकार के खिलाफ कोर्ट में पहुंचे और कहा कि टेपों को जारी करना उनके निजता के अधिकार का उल्लंघन है।

# आतंक पर एनआईए का एक्शन

## दाऊद इब्राहिम और गुर्गों पर 90 लाख इनाम घोषित




नई दिल्ली, 1 अगस्त (एजेंसियां)। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम पर 25 लाख रुपये का इनाम घोषित किया है। दाऊद के गुर्गों पर भी जांच एजेंसी ने इनाम रखा है। एनआईए ने इसी साल 3 फरवरी को एक एफआईआर दर्ज की थी। इसमें दाऊद इब्राहिम, छोटा शकील, अनीस इब्राहिम, जावेद चिकना और टाइगर मेमन के खिलाफ हथियारों की तस्करी, नार्को टेररिज्म, अंडरवर्ल्ड क्रिमिनल सिंडिकेट, मनी लॉन्ड्रिंग के अलावा गलत तरीके से जमीन हड़पने का आरोप है।

**दाऊद के गुर्गों पर भी रखा इनाम**

इसके अलावा जैश और अलकायदा जैसे आतंकी संगठनों के साथ जुड़े होने का भी एफआईआर में जिक्र है। अब एनआईए ने इसी मामले में इन तमाम कुख्यात आतंकवादियों पर इनाम घोषित किया है। दाऊद इब्राहिम के ऊपर 25 लाख रुपये, छोटा शकील पर 20 लाख रुपये, जबकि अनीस इब्राहिम, जावेद चिकना और टाइगर मेमन पर 15-15 लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया है।

**कराची में है दाऊद का अड्डा**

दाऊद इब्राहिम ने पाकिस्तान के कराची को अपना ठिकाना बनाया हुआ है। 1993 के मुंबई बम धमाके के अलावा भारत में कई आतंकी गतिविधियों के पीछे दाऊद का ही हाथ है। साल 2003 में यूनाइटेड नेशन्स सिक्योरिटी काउंसिल ने उसके ऊपर 25 मिलियन डॉलर का इनाम घोषित किया था। हाफिज सईद, मौलाना मसूद अजहर, सैयद सलाउद्दीन, अब्दुल रऊफ असगर के साथ-साथ दाऊद भारत के मोस्ट वॉन्टेड आतंकियों में से एक हैं।

**एनआईए का एक्शन जारी**

मई में एनआईए ने मुंबई से डी कंपनी के दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया था। जांच में पता चला था कि गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी मुंबई के पश्चिमी उपनगरों में डी-कंपनी की अवैध गतिविधियों और आतंकी वित्तपोषण में शामिल थे। इसके अलावा, वे शकील शेख उर्फ छोटा शकील के करीबी सहयोगी हैं, जो पाकिस्तान से एक अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक सिंडिकेट चलाता है
और भारत में जबरन वसूली, नशीले पदार्थों की तस्करी और हिंसक आतंकवादी गतिविधियों में शामिल है। एनआईए ने मई में ही दाऊद इब्राहिम के सहयोगियों, ड्रग पेडलर्स और हवाला ऑपरेटरों से जुड़े मुंबई में एक दर्जन से अधिक स्थानों पर भी छापेमारी की थी। एनआईए की टीमों ने मुंबई और ठाणे के नागपाड़ा, भिंडी बाजार, मझगांव, परेल, माहिम, सांताक्रूज, कुर्ला, गोरेगांव, बोरीवली, मुंब्रा (ठाणे) और अन्य स्थानों पर एक साथ रेड डाली थी।

# पंजाब में डीजीपी कुर्सी की 'जंग'

## परमानेंट डीजीपी वीके भावरा वापस लौट रहे, सरकार ने नोटिस भेजा; मूसेवाला मर्डर के बाद ली थी छुट्टी



चंडीगढ़, 1 अगस्त (एजेंसियां)। पंजाब में पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) की कुर्सी की नई जंग शुरू हो गई है। डीजीपी नियुक्त वीके भावरा की छुट्टियां खत्म हो गई हैं। उन्होंने आगे छुट्टियां नहीं बढ़ाई। वह सिद्धू मूसेवाला की हत्या के बाद छुट्टी पर चले गए थे। ऐसे में वह वापस लौटे तो फिर डीजीपी की कुर्सी पर आएंगे। जहां पंजाब की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार ने गौरव यादव को कार्यकारी डीजीपी लगा रखा है। इसे देखते हुए आप सरकार ने वीके भावरा पर दबाव बनाना शुरू कर दिया है। इंटेलिजेंस अलर्ट्स के ऊपर समय पर जरूरी एक्शन न लेने की वजह से उन्हें नोटिस जारी कर दिया है। हालांकि वीके भावरा या पंजाब पुलिस की तरफ से इस बारे में औपचारिक तौर पर कुछ नहीं कहा जा रहा है।

**4 सितंबर को लौटेंगे परमानेंट डीजीपी भावरा**

वीके भावरा को पिछली कांग्रेस सरकार ने डीजीपी लगाया था। यूपीएससी से पैनल के बाद भावरा की नियुक्ति हुई थी। आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद भी वह इस पद पर बने रहे। हालांकि पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला के 29 मई को कत्ल के बाद आप सरकार के खिलाफ माहौल बन गया। आप संगरूर चुनाव हार गई। जिसके बाद भावरा छुट्टी पर चले गए। वह सेंट्रल डेपुटेशन पर जाना चाहते थे लेकिन यह संभव नहीं हुआ। अब वह 4 सितंबर को वापस लौटेंगे।

# जब बंदरों ने बंगले में मचाया था कोहराम

## तब प्रणब मुखर्जी ने क्या दिया जवाब, बेटी ने सुनाया किस्सा



नई दिल्ली, 1 अगस्त (एजेंसियां)। पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की दूसरी पुण्यतिथि के मौके पर बुधवार को उनकी बेटी ने उनसे जुड़ा एक किस्सा याद किया। शर्मिष्ठा मुखर्जी ने उस वक्त को याद किया जब रिटायर होने के बाद प्रणब मुखर्जी का हरा-भरा बंगला एक बार 'बंदरों से भरा' था। लेकिन उन्होंने बंदरों की इस घुसपैठ का बचाव करते हुए कहा था कि इंसानों ने उनकी प्राकृतिक जगह ले ली है।

**बेटी ने सुनाया ये किस्सा**

प्रणब मुखर्जी की याद में आयोजित एक ऑनलाइन कार्यक्रम के दौरान उन्होंने यह किस्सा साझा किया। शर्मिष्ठा ने कहा, 'मेरे पिता एक पशु प्रेमी थे। जब वे राष्ट्रपति पद से रिटायर हुएतो हम 10, राजाजी मार्ग बंगले में चले गए थे। एक बार 50-60 बंदरों का एक झुंड घर के परिसर में घुस गया और कहर बरपाया। उन्होंने आम के पेड़ को बर्बाद कर दिया और बाकी सब अस्त-व्यस्त कर दिया, लेकिन इस बारे में जब पिता को बताया, तो उन्होंने कहा, 'हमने उनकी जगह ले ली है'। उन्होंने बताया कि पिता जी ने आगे कहा, 'हम सब्जियां खरीद सकते हैं, लेकिन क्या वे बंदर बाजार से सब्जियां खरीद सकते हैं।' 11 दिसंबर 1935 को बंगाल के बीरभूम इलाके के मिराटी में जन्मे प्रणब मुखर्जी के बचपन का नाम पोल्टू था। उनके पिता का नाम कामदा किंकर मुखर्जी और माता का नाम राजलक्ष्मी मुखर्जी था। मुखर्जी 25 जुलाई 2012 को भारत के 13वें राष्ट्रपति बने थे। जुलाई 2017 में 81 वर्ष की आयु में वह रिटायर हो गए थे। तीन साल बाद 31 अगस्त 2020 को उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया। प्रणब मुखर्जी बचपन से पढ़ने-लिखने में बेहद होशियार थे। जब वे रिटायर हुए तो 11,776 वर्ग फुट में फैले 10 राजाजी मार्ग वाले बंगले में शिफ्ट हो गए। ग्राउंड फ्लोर पर यहां एक लाइब्रेरी और पढ़ने की जगह थी।

# ममता बनर्जी बोलीं

## पता होता राजनीति इतनी गंदी होगी, तो इसमें कभी नहीं आती



कोलकाता, 1 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक बार फिर केंद्रीय एजेंसियों पर सवाल उठा दिए हैं। खास बात है कि प्रवर्तन निदेशालय की तरफ से मंगलवार को अभिषेक बनर्जी को समन भेजा गया है। उन्हें कोयला घोटाला मामले में पूछताछ के लिए तलब किया गया है। सीएम बनर्जी ने एजेंसियों की तरफ से मिल रहे समन को 'खुली हिंसा' बताया है। हाल ही में उन्होंने 2024 चुनाव को अपनी 'आखिरी जंग' बताया था।
अगर मुझे पता होता कि राजनीति इतनी गंदी हो जाएगी, तो मैं कभी राजनीति में नहीं आती।' उन्होंने दोबारा आरोप लगाए कि पशु और कोयला तस्करी के मुद्दे केंद्रीय गृहमंत्रालय और केंद्र सरकार की जिम्मेदारी हैं। उन्होंने कहा, 'आप हर समय सभी को बेवकूफ नहीं बना सकते।।। जिस तरह आप मीडिया में हमें बगैर सबूत के बदनाम कर रहे हैं, जिस तरह की भाषा का आप इस्तेमाल करते हैं और 'सूत्रों' का हवाला देते हैं।।। आपको सोचना चाहिए कि अगर आपके साथ भी ऐसा ही किया जाए, तो क्या होगा।।।।' इधर, टीएमसी के नेताओं का कहना है कि ईडी और सेंट्रल इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो यानी सीबीआई पार्टी कार्यक्रमों के आसपास उनके खिलाफ काम कर रही हैं।

**कालीघाट का मुद्दा**

भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की तरफ से आरोप लगाए जा रहे हैं कि पशु तस्करी और कोयला घोटाला से मिला पैसा कोलकाता के कालीघाट जाता है। खास बात है कि यहां ममता बनर्जी रहती हैं और जगह काली मंदिर के लिए मशहूर है। इसपर टीएमसी सुप्रीमो ने कहा, 'आप आरोप लगाते हैं कि भ्रष्टाचार की कमाई कालीघाट पहुंच रही है। मैं पूछती हूं, कालीघाट में किसके पास? क्या मां काली? क्या आप कोई नाम बता सकते हैं?'

**भाजपा से 'सेटिंग' के आरोप**

वाम दलों और कांग्रेस ने आरोप लगाए हैं कि बनर्जी और भाजपा के बीच 'सेटिंग' है। इसे लेकर उन्होंने कहा, 'मैं सैटिंग की राजनीति में शामिल नहीं हूं।।। मैं इसमें अच्छी नहीं हूं।।। मैं यह कभी नहीं कर पाऊंगा।।। अगर मैं सैटिंग करने में अच्छी होती, तो अपने पूरे शरीर पर चोट के निशान लेकर मैं वाम राजनीति में चीजे मिलने वाले हिस्से में नहीं होती। कांग्रेस नेताओं की तरह नहीं, जिन्होंने खुद को बेच दिया है।'

### पूर्व मंत्री भारत भूषण को न्यायिक हिरासत में भेजा

लुधियाना, 1 अगस्त (एजेंसियां)। लुधियाना की एक अदालत ने पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस नेता भारत भूषण आशु को अनाज ढुलाई निविदाओं में कथित अनियमितताओं के मामले में बुधवार को दो सप्ताह की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। आशु को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सुमित मक्कड़ के समक्ष पेश किया गया जिन्होंने कांग्रेस नेता को जेल भेज दिया। इससे पहले अदालत ने पूर्व मंत्री को 27 अगस्त तक सतर्कता ब्यूरो की हिरासत में भेजा था। इसने शनिवार को और फिर सोमवार को दो और दिन के लिए उनकी रिमांड अवधि बढ़ा दी थी। बचाव पक्ष के वकील ने पूरे मामले को ''झूठा'' बताया था। पंजाब सतर्कता ब्यूरो ने पूर्व खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री को 22 अगस्त को गिरफ्तार किया था। वह पिछली कांग्रेस सरकार में मंत्री थे। कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष आशु पर पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के काल में वाहनों के फर्जी पंजीकरण नंबर पर ढुलाई निविदा के आवंटन से जुड़े घोटाले में शामिल होने का आरोप है।

# कई राज्यों में अगले 5 दिनों तक हो सकती है भारी बारिश



नई दिल्ली, 1 अगस्त (एजेंसियां)। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को अगले पांच दिनों तक देश के कुछ हिस्सों में भारी बारिश की भविष्यवाणी की है। मौसम विभाग के मुताबिक, दक्षिण भारत के साथ-साथ पश्चिम बंगाल-सिक्किम और पूर्वोत्तर भारत कई राज्यों में भारी बारिश हो सकती है। आईएमडी ने यह भी कहा कि अगले सप्ताह तक उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत में बारिश की गतिविधि कम रहेगी। गुरुवार के लिए मौसम विभाग द्वारा जारी भविष्यवाणी के मुताबिक, समुद्र तल पर मानसून की ट्रफ हिमालय की तलहटी के करीब चल रही है। एक चक्रवाती परिसंचरण निचले क्षोभमंडल स्तर में तमिलनाडु के ऊपर स्थित है। इसके अलावा एक ट्रफ चक्रवाती परिसंचरण के ऊपर से दक्षिण तमिलनाडु प्रदेश और मध्य प्रदेश के निचले क्षोभमंडल स्तर में मध्य प्रदेश तक चल रही है। मौसम विभाग ने कहा कि 31 अगस्त से 2 सितंबर तक नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा और असम में अगले पांच दिनों में गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने यह भी बताया कि 31 अगस्त से 2 सितंबर के बीच अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय में बहुत भारी बारिश की संभावना है। आईएमडी ने कहा, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में 1 सितंबर तक अलग-अलग जगहों पर भारी बारिश और बिजली गिरने की संभावना है। दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में सोमवार शाम को हल्की से मध्यम बारिश हुई।

# बालासाहेब की विरासत के लिए जंग

## दशहरा रैली को लेकर क्यों भिड़े हैं उद्धव सेना और एकनाथ शिंदे?



मुंबई, 1 अगस्त (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में राजनीतिक फेरबदल की शुरुआत होने के बाद से ही शिवसेना के दोनों गुटों में तनातनी चल रही है। एक तरफ उद्धव ठाकरे का गुट है तो दूसरी तरफ मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का। अब दशहरा रैली के दौरान दोनों ही गुट अपनी ताकत का प्रदर्शन करने के लिए तैयारी कर रहे हैं। दादर के शिवाजी पार्क में होने वाली यह रैली शिवसेना के लिए बहुत अहम है। 1966 से ही शिवसेना हर साल यहां दशहरा रैली करती रही है। दोनों ही गुट ओरिजिनल शिवसेना होने का दावा कर रहे हैं। दशहरा रैली के जरिए उद्धव ठाकरे संदेश देना चाहते हैं कि शिवसैनिक अब भी उनके समर्थन में हैं लेकिन इसकी परमिशन को लेकर अभी कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। उद्धव सेना की तरफ से 22 अगस्त को बीएमसी के पास ऐप्लिकेशन जमा किया है। उद्धव ठाकरे के गुट ने 5 अक्टूबर को शिवाजी पार्क में रैली आयोजित करने की इजाजत मांगी है। उद्धव ठाकरे ने कहा है कि रैली के शेड्यूल में कोई भी परिवर्तन नहीं होगा। उन्होंने कहा, चाहे कुछ भी हो जाए, शिवाजी पार्क में रैली होगी। बता दें कि बीएमसी हाउस का पिछला कार्यकाल समाप्त हो गया है। अब फिर से चुनाव कराए जाने हैं। कई महीनों से राज्य सरकार द्वारा नियुक्त प्रशासक ही महानगरपालिका के कामकाज देख रहा है।

**क्यों अहम है दशहरा रैली**

बीएमसी ने अब तक उद्धव ठाकरे के ऐप्लिकेशन पर कोई फैसला नहीं किया है। रिपोर्ट्स ये भी हैं कि शिंदे सेना अपनी अलग ही दशहरा रैली करने की योजना बना रही है। दोनों ही गुटों को इस रैली की अहमियत पता है। यह साल का सबसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम होता है। 30 अक्टूबर सन् 196 को पहली बार यह रैली शिवाजी पार्क में ही आयोजित की गई थी। इसका उद्देश्य साल भर के लिए पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं के लिए अजेंडा सेट करना था। राज्य के हर क्षेत्र से कार्यकर्ता इस रैली में पहुंचते थे। बालासाहेब सालभर की योजना को लेकर यहां भाषण दिया करते थे। 1991 में दशहरा रैली में ही बालासाहेब ने पाकिस्तान के साथ होने वाले मैच का विरोध किया था। इसेक बाद ही शिवसेना कार्यकर्ताओं ने वानखेड़े स्टेडियम की पिच खोद डाली थी जहां कि भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मैच होना था। वहीं 2010 की रैली में उद्धव ठाकरे ने इसी रैली में अपने बेटे आदित्य ठाकरे को लॉन्च किया था।

### गणेश रथयात्रा के दौरान बड़ा हादसा

**बिजली के तार की चपेट में आए कई लोग, अब तक दो की मौत**



विरुधुनगर, 1 अगस्त (एजेंसियां)। तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले में गुरुवार को करंट लगने से दो लोगों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। घटना आज सुबह उस समय हुई जब विरुधुनगर जिले के राजपालयम स्थित सोक्कानाथुर पुत्तूर इलाके में भगवान गणेश का रथ बिजली के तार के संपर्क में आ गया। जिला कलेक्टर ने इस घटना की जानकारी दी है। अधिक जानकारी की अभी प्रतीक्षा है।

# दिल्ली से नासिक जा रही स्पाइसजेट की फ्लाइट बीच रास्ते से लौटी




नई दिल्ली, 1 अगस्त (एजेंसियां)। स्पाइसजेट की फ्लाइट दिल्ली से उड़ान भरकर महाराष्ट्र के नासिक जा रही थी, लेकिन कुछ गड़बड़ के चलते यह फ्लाइट बीच रास्ते से ही वापस लौट आई। डीजीसीए के अधिकारी ने बताया कि ऑटोपायलट में दिक्कत के चलते ऐसा हुआ है, हालांकि फ्लाइट ने दिल्ली में सुरक्षित लैंडिंग की। अधिकारी ने पीटीआई को बताया कि स्पाइसजेट बी737 एयरक्राफ्ट वीटी-एसएलपी, दिल्ली से नासिक (फ्लाइट एसजी-8363) गुरुवार को ऑटोपायलट स्नैग की वजह से बीच रास्ते से ही वापस लौटी है। इसने दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी।

**कई समस्याओं से जूझ रही एयरलाइन**

गिरते रुपये और ईंधन की बढ़ती कीमतों के बीच आर्थिक संकट से जूझ रही यह एयरक्राफ्ट कंपनी पिछले कुछ समय से कई अन्य इसी तरह की घटनाओं में शामिल रही है। इसके चलते डायरेक्टर जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) ने एयरलाइन को कारण-बताओ नोटिस भी जारी किया है। पिछले महीने, 27 जुलाई को एविएशन सेफ्टी रेगुलेटर ने एयरलाइन को अपनी अधिकतम 50 फीसदी फ्लाइट्स को 8 हफ्तों तक उड़ने का आदेश दिया था।

**सीएफओ संजीव तनेजा का इस्तीफा**

गौरतलब है कि स्पाइजेट के चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर (सीएफओ) संजीव तनेजा ने कल तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया था। एयरलाइन ने बुधवार 31 अगस्त को शेयर बाजारों को भेजी एक सूचना में यह जानकारी दी। एयरलाइन ने स्टॉक एक्सचेंजों को यह भी बताया कि उसने अगला सीएफओ नियुक्त करने के लिए कैंडिडेट की पहचान कर ली है। सीएफओ पद पर सितंबर 2022 में नियुक्ति हो जाएगी। बता दें कि तनेजा का यह इस्तीफा ऐसा समय में आया है, जब कंपनी का तिमाही घाटा बढ़ गया है और उसके कई उड़ानों में बीच हवा में तकनीकी खामी का मामला सामने आया है। स्पाइसजेट ने बताया कि जून तिमाही में उसका शुद्ध घाटा बढ़कर 789 करोड़ रुपये रहा, जो इसके पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 729 करोड़ रुपये था। कंपनी ने बताया कि जून तिमाही में जेट फ्यूल की अधिक कीमत और रुपये की वैल्यू में गिरावट के चलते उसका घाटा बढ़ा है।

# सागर में लगातार तीन मर्डर पर गृहमंत्री बोले पुलिस को अलर्ट मोड पर किया



भोपाल, 1 अगस्त (एजेंसियां)। गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने गुरुवार को सागर में हो रही लगातार हत्याओं को लेकर कहा कि मेरी पुलिस अधीक्षक से बात हुई है। संपूर्ण पुलिस को अलर्ट मोड पर किया हुआ है। इसके साथ-साथ रात्रि ग्रस्त और चौकीदारों को भी अलर्ट मोड पर किया है। जनजागरण भी किया जा रहा है। मिश्रा ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज भी अलग-अलग जगह के निकाले गए है। एक दो जगह सीसीटीवी फुटेज में कोई व्यक्ति दौड़ता और भागत दिखा है। मुझे लगता है कि बहुत जल्द ही इसके निष्कर्ष पर हम आ जाएगें। मिश्रा ने कहा कि अभी प्रथम दृष्टियां सामने आ रहा है कि कोई एक ही व्यक्ति इसको कर रहा है। लेकिन जब तक पकड़ा नहीं जाता तब तक कुछ भी कहना भ्रम पैदा करेगा या जल्दबाजी होगी। बता दें सागर में 27 अगस्त को पहली हत्या कल्याण सिंह लोधी की गई है। कारखाने में चौकीदार कल्याण सिंह के सिर पर सोते समय हथौड़ा से वार किया गया। दूसरी हत्यार आर्ट एंड कामर्स कॉलेज की चौकीदार की 29 अगस्त को हुई। यहां पर शंभूदयाल दुबे के सिर पर सोते समय पत्थर पटका गया। तीसरी हत्या एक निर्माणीधीन मकान के चौकीदार मंगल अहिरवार के ऊपर सोते समय फावड़े से हमला किया गया। यह सभी घटना रात 1 से 4 के बीच की गई।

# राष्ट्रपति बनने के बाद पहली बार ब्रह्म कुमारियों से मिलने जाएंगी द्रौपदी मुर्मू



नई दिल्ली, 1 अगस्त (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ओडिशा के रायरंगपुर स्थित ब्रह्म कुमारी आश्रम में सेवा करने के लिए अपनी तीनों बहनों के साथ जाया करती थीं। उनकी एक करीबी सहयोगी लीना बहन का कहना है कि यहां वह खाना परोसने से लेकर खुद के बर्तन साफ करने तक का काम करती थीं। इस सुदूर गांव से उनका जुड़ाव 2009 से 2013 तक चला। विधायक बनने के बाद भी मुर्मू वहां के लोगों की सेवा के लिए प्रतिबद्ध थीं। राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने के बाद द्रौपदी मुर्मू अब पहली बार 11 सितंबर को माउंट आबू स्थित ब्रह्म कुमारी मुख्यालय का दौरा करेंगी। यहां वह संगठन के ग्लोबल समिट में एक सत्र को संबोधित करेंगी। इस दौरान रेलवे और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव भी शामिल होंगे। उनके साथ पर्यटन और संस्कृति मंत्री जी किशन रेड्डी, राजस्थान और केंद्र सरकार के कई सचिव स्तर के आईएएस अधिकारी और लंदन से आया ब्रह्म कुमारी का एक दल भी शामिल होगा। आध्यात्मिक संगठन के साथ उनका जुड़ाव 2009 से है। एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, वह हमारे पास तब आईं जब वह अपने बुरे दौर में थीं। इस जगह ने उन्हें अपना रास्ता खोजने और दुनिया में अपना स्थान खोजने में मदद की।

अधिकारी ने कहा कि 2009 के बाद से मुर्मू ने ब्रह्म कुमारियों के दर्शन को फैलाने के लिए दूरदराज के आदिवासी गांवों में कई शिविर और कार्यक्रम आयोजित किए। मुख्यालय के दौरे के बाद ओडिशा के अपने गृहनगर में इस संगठन की इकाई का भी दौरा करने की संभावना है। मुर्मू ने इस संगठन को दो घर भी दान किए हैं। हरियाणा की रहने वाली रत्ना बहन ने कहा, "उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि जिस महिला को उन्होंने राज्यपाल के रूप में देखा वह एक दिन राष्ट्रपति के पद पर आसीन होगी। लगभग पांच या छह साल पहले उन्होंने माउंट आबू परिसर का दौरा किया था। उस दौरान हमारी सिर्फ ओम शांति के जरिए ही बात हुई। वह काफी जमीनी लग रही थीं। उन्होंने कॉमन डाइनिंग हॉल में सबके साथ लंच भी किया। ब्रह्मकुमारियों के दर्शन को अपने जीवन के 55 वर्ष देने वाले पचहत्तर वर्षीय आरएस सिंह ने कहा कि मुर्मू संगठन में तब आईं जब उन्होंने खुद को खोया हुआ महसूस किया।

वह अपने भीतर कुछ खोज रही थीं और उन्होंने उसे यहां पाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी इस संस्था से जुड़ाव रहा है। उनके अलावा कई प्रमुख राजनीतिक, धार्मिक और उद्योग जगत के दिग्गजों का इस संस्था से लगाव रहा है। भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, कांग्रेस अध्यक्षा सोनिया गांधी, पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा देवी पाटिल, मदर टेरेसा, दलाई लामा और अभिनेता अमिताभ बच्चन जैसे लोग भी यहां पहुंचे हैं।

उद्योग जगत से दिग्गज और विराज समूह के अध्यक्ष नीरज कोचर भी महामारी के दौरान खुद को एक सदस्य के रूप में इस संस्था से जोड़ा। कोमल ने कहा, उन्होंने न केवल दर्शन का अभ्यास किया, बल्कि लगभग 10,000 कर्मचारियों के लिए एक कार्यक्रम शुरू किया। हम अब एक संगठन के रूप में बढ़ रहे हैं।

### कोचिंग से लौटी इछात्रा से मकान मालिक ने किया रेप

ग्वालियर, 1 अगस्त (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के ग्वालियर में इंदौर की छात्रा से रेप का मामला सामने आया है। छात्रा कोचिंग से लौटकर जब नहाने गई, तभी मकान मालिक घर में घुस गया और घटना को अंजाम दिया। विरोध करने पर छात्रा से मारपीट भी की। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। आरोपी फरार है। जानकारी के अनुसार मामला ग्वालियर जिले के थाटीपुर थाना इलाके के संजय नगर का है। पुलिस ने बताया कि छात्रा इंदौर की रहने वाली है और यहां किराए से रहकर जीवाजी विश्वविद्यालय में पढ़ाई कर रही है। उसने पुलिस में शिकायत की है कि मंगलवार की शाम वह कोचिंग से थककर लौटी थी और नहा रही थी इसी दौरान मकान मालिक मनोज यादव जबरन अंदर घुस आया और छेड़छाड़ करने लगा।

सु
वि
चा
र

आज जितनी अधिक दूसरों की भलाई करते हैं, उतनी ही स्वयं अपनी भलाई करते हैं। प्रतिदिन अपनी ऐसी भलाई करते जाइये

# किशोरियों को जल्द निःशुल्क मिलेगा सर्वाइकल कैंसर टीका : स्वास्थ्य मंत्री



हैदराबाद, 1 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। स्वास्थ्य मंत्री टी. हरीश राव ने गुरुवार को केंद्रीय विज्ञान प्रौद्योगिकी मंत्रालय और सीरम इंस्टीट्यूट के तहत जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) को गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर के लिए एक टीका विकसित करने के लिए बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि यह राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम का हिस्सा है और 9 वर्ष से 14 वर्ष की आयु की लड़कियों के लिए निःशुल्क उपलब्ध हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ स्वदेशी रूप से विकसित क्वाड्रिवेलेंट ह्यूमन पैपिलोमावायरस वैक्सीन लॉन्च करने के लिए सीरम इंस्टीट्यूट और बायोटेक्नोलॉजी विभाग को बधाई। आशा है कि यह 9-14 साल की लड़कियों के लिए राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम का हिस्सा होगा और वास्तविक लाभार्थियों तक पहुंचेगा, स्वास्थ्य मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर पर कहा।

सीरम इंस्टीट्यूट (एएस) के साथ, डीबीटी ने गुरुवार को स्वदेश निर्मित सर्वाइकल कैंसर वैक्सीन लॉन्च करने की घोषणा की। सीरम इंस्टीट्यूट के सीईओ, अदार पूनावाला के अनुसार सर्वाइकल कैंसर का टीका पहले भारत में और बाद में अन्य देशों में उपलब्ध कराया जाएगा। वैक्सीन की कीमत 200 और 400 रुपये के बीच होने की उम्मीद है और सीरम संस्थान अगले दो वर्षों में 200 मिलियन खुराक बनाने की तैयारी कर रहा है।

## सरकारी अस्पतालों में अस्थायी रूप से रोकी गई डीपीएल नसबंदी

हैदराबाद, 1 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। इब्राहिमपट्टनम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) की घटना के बाद, जहां एक नसबंदी शिविर में डबल पंचर लैप्रोस्कोपी (डीपीएल) से गुजरने के बाद चार महिलाओं की स्वास्थ्य जटिलताओं के कारण मौत हो गई थी, स्वास्थ्य अधिकारियों ने तकनीक को अस्थायी रूप से रोकने का फैसला किया है।

तेलंगाना वैद्य विधान परिषद (टीवीवीपी) के आयुक्त, अजय कुमार ने गुरुवार को कहा कि नसबंदी करने की डीपीएल तकनीक तेलंगाना के सभी सरकारी अस्पतालों में अस्थायी रूप से रोक दी गई है। डीपीएल को छोड़कर, टीवीवीपी के तहत सभी स्वास्थ्य सुविधाओं में नसबंदी और ट्यूबेक्टोमी सहित नसबंदी के अन्य तरीके जारी रहेंगे। जांच के लिए नियुक्त की गई समिति से विस्तृत रिपोर्ट मिलने के बाद हम डीपीएल को फिर से शुरू कर पाएंगे।

## गुरुवार को प्रसिद्ध खैरताबाद गणेश प्रतिमा के दर्शनार्थ जुटी श्रद्धालुओं की भीड़





# ट्रांसजेंडरों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा प्रदान करने के लिये सरकार प्रयासरत : कोप्पुला



हैदराबाद, 1 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। समाज कल्याण मंत्री कोप्पुला ईश्वर ने गुरुवार को यहां कहा कि राज्य सरकार ने ट्रांसजेंडरों को स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा तक बेहतर पहुंच प्रदान करने के लिए ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड की स्थापना की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने न केवल बोर्ड का गठन किया है, बल्कि 20 करोड़ रुपये भी मंजूर किए हैं। केंद्र सरकार द्वारा संसद में ट्रांसजेंडर व्यक्ति अधिकार संरक्षण अधिनियम पारित करने के बाद, तेलंगाना सरकार ने बोर्ड का गठन किया। निःशक्तजन कल्याण मंत्री बोर्ड के अध्यक्ष होंगे और संबंधित विभाग के निदेशक सदस्य सचिव होंगे। नव नियुक्त बोर्ड के सदस्यों के साथ बातचीत के बाद बोलते हुए, मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ट्रांसजेंडरों की सुरक्षा, कल्याण और विकास के लिए प्रतिबद्ध है। मानदंडों के अनुसार, बोर्ड के सदस्यों का कार्यकाल दो साल का होगा और सदस्यों को हर छह महीने में मिलना चाहिए था ताकि समुदाय के सामने आने वाली समस्याओं पर चर्चा की जा सके। सदस्य समुदाय के कल्याण के लिए विभिन्न नीतियों और कार्यक्रमों को तैयार करने में भी मदद करेंगे। राज्य सरकार द्वारा जारी धनराशि से पुनर्वास केंद्र स्थापित किए जाएंगे और ट्रांसजेंडरों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा ताकि वे स्वरोजगार बन सकें और स्वाभिमान के साथ आगे बढ़ सकें।

# भारत की सर्वश्रेष्ठ औद्योगिक नीति तेलंगाना की : जयेश रंजन

हैदराबाद, 1 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना सरकार के उद्योग व आईटी विभाग के प्रधान सचिव जयेश रंजन ने कहा कि भारत की सर्वश्रेष्ठ औद्योगिक नीति तेलंगाना की है। तेलंगाना उद्योग को बढ़ावा देने और निवेश आकर्षित करने के अपने काम में सर्वश्रेष्ठ है। इंडो-अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश चैप्टर में मुख्य अतिथि के रूप में जयेश रंजन ने कहा कि हम एक अजीब स्थिति का सामना कर रहे हैं। हमारे पास एक आक्रामक पड़ोसी है। जिसका नेतृत्व अनिश्चित व्यवहार करता है, वे कई बार अति हो जाते हैं। ताइवान, जो दुनिया भर में आपूर्ति श्रृंखला को आगे बढ़ाने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, चीन से लगातार खतरे में है। यूक्रेन और रूस का युद्ध कब खत्म होगा, यह कोई नहीं जानता। ब्रिटेन ऊर्जा संकट से जूझ रहा है जैसा पहले कभी नहीं हुआ। विश्व मामलों की इस स्थिति को देखते हुए, भारत के लिए एक व्यवहार्य विकल्प के रूप में उभरने का यह एक उपयुक्त समय है। भारत की कहानी अलग है," उन्होंने कहा और कहा कि "हमारे पास भारत के भीतर 28 भारत हैं।

"देश को व्यापार करने के लिए एक कठिन देश माना जाता था। लेकिन, फिर चीजें बदल गईं। हमने विदेशी निवेश के दरवाजे खोले हैं। हम एक अधिक उद्योग-अनुकूल राष्ट्र बन गए हैं। तेलंगाना, भारत का सबसे युवा राज्य, भारत की सर्वश्रेष्ठ पेशकश करता है। हमारी एक प्रगतिशील औद्योगिक नीति है, और पिछले कई वर्षों में राज्य में निवेश करने वाले निवेशकों का अनुभव बहुत अच्छा रहा है। 20 से अधिक अमेरिकी कंपनियां जिन्होंने तेलंगाना में छोटे निवेश के साथ शुरुआत की थी, अच्छी चल रही थी और वे अपने निवेश को दोहरा रही हैं", जयेश ने कहा, "हमारे पास एक चुस्त राज्य और सरकार है।

हम केवल बड़ी कंपनियों को ही नहीं देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें मिड-स्केल कंपनियों से निवेश की जरूरत है, जो हमारे लिए बेहद मूल्यवान हैं। इससे पहले, हैदराबाद के अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास के कार्यवाहक महावाणिज्य दूत यवोन गुइल्यूम ने कहा कि उन्होंने भारत के साथ एक मजबूत राजनयिक संबंध, द्विपक्षीय जुड़ाव और तेलंगाना और आईएसीसी के साथ साझेदारी का आनंद लिया। दो दशकों में दोनों देशों के बीच व्यापार में आठ गुना वृद्धि हुई और अब यह 159 बिलियन अमेरिकी डॉलर है। भारतीयों ने संयुक्त राज्य अमेरिका में 12.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश किया है। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान में लगभग दो लाख भारतीय यूएसए में पढ़ रहे हैं। कई साल पहले यह संख्या 8000 थी जो अब दो लाख तक पहुंच गई है। इन भारतीय छात्रों ने पिछले साल अमेरिकी अर्थव्यवस्था में 7.7 अरब डॉलर का योगदान दिया था। क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी दसारी बलैया ने कहा, दुनिया खुल गई है। पासपोर्ट और वीजा की मांग बढ़ गई है।

# सितंबर में सामान्य से अधिक बारिश की संभावना

## मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया

हैदराबाद, 1 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने गुरुवार को कहा कि सितंबर के दौरान मानसून शहर में 'सामान्य' रहने की उम्मीद है। आईएमडी-हैदराबाद की वैज्ञानिक श्रावणी ने बताया कि सितंबर के पहले दो हफ्तों के दौरान, विशेष रूप से 5 सितंबर से हम सक्रिय मानसून की स्थिति की उम्मीद करते हैं।

इस अवधि के दौरान शहर में सामान्य से सामान्य से अधिक बारिश हो सकती है। जबकि जुलाई में बारिश अपेक्षाकृत अच्छी थी, अगस्त में स्थिति बिगड़ने लगी, जिसके कारण शहर में भारी वर्षा की कमी है। महीने का अंत हैदराबाद में 87.7 बारिश के साथ हुआ, जो सामान्य 189.3 मिमी से 50 प्रतिशत से अधिक की कमी है। आंकड़ों में कहा गया है कि शहर में केवल दो घटनाएं देखी गई हैं जब बारिश सामान्य से अधिक दर्ज की गई है। इसका मतलब है कि लोगों ने महीने का अधिकांश समय गर्म और आर्द्र परिस्थितियों में बिताया। अगस्त के आखिरी दिन, राज्य की राजधानी में अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री कम 33.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

आईएमडी-एच अधिकारी ने कहा कि हैदराबाद में 'ब्रेक मानसून' अवधि के कारण वर्षा में कमी देखी गई। अगस्त के महीने में ब्रेक मानसून की स्थिति असामान्य नहीं है। इस चरण के दौरान, बारिश बड़े पैमाने पर पूर्वोत्तर और दक्षिणी प्रायद्वीपीय भारत क्षेत्रों तक ही सीमित रहती है। हालांकि, जब कई राज्यों में मानसून की धाराएं कमजोर थीं, तो केरल में मानसून जोरदार था और कर्नाटक में सक्रिय था। कहा जाता है कि मॉनसून ट्रफ की स्थिति ने इन राज्यों में वर्षा को अनुकूल बनाया है। अब विशेषज्ञों का मानना है कि हैदराबाद में निकट भविष्य में भारी बारिश हो सकती है, हालांकि 4 सितंबर तक तापमान में कुछ डिग्री की वृद्धि होने की संभावना है। आईएमडी-एच के आंकड़ों से पता चलता है कि शहर में रविवार तक हल्की से मध्यम बारिश होगी और दिन का तापमान 33 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। हालांकि, मौसम विभाग ने मध्यम से भारी बारिश की भविष्यवाणी करते हुए येलो अलर्ट जारी किया है।



(फाइल फोटो)

## दक्षिण मध्य रेलवे की यात्री खंड में मजबूती से वृद्धि जारी



हैदराबाद, 1 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण मध्य रेलवे के यात्री खंड ने चालू वित्त वर्ष में अपनी वृद्धि में अपनी मजबूती जारी रखी है। अगस्त महीने में, जोन ने 422.33 करोड़ रुपये का यात्री राजस्व दर्ज किया है।

यह अब तक का किसी साल के अगस्त महीने का सबसे अच्छा प्रदर्शन है। पिछला सर्वश्रेष्ठ अगस्त, 2019 में 345.96 करोड़ रुपये था। अगस्त महीने के दौरान हासिल किया गया। दक्षिण मध्य रेलवे उन मार्गों की लगातार निगरानी कर रहा है जहां यात्रियों से उच्च मांग (गंतव्य-वार और विशेष अवसरों के लिए भी) की गई है ताकि विशेष ट्रेनों को शुरू करने की योजना बनाई जा सके।

तदनुसार, छुट्टियों और त्योहारों के मौसम के दौरान अतिरिक्त भीड़ को पूरा करने के लिए अगस्त 2022 के दौरान जोन से 337 विशेष ट्रेन सेवाएं संचालित की गईं, जिससे 2.96 लाख यात्रियों की परिवहन जरूरतों को पूरा करने और 20.19 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित करने में मदद मिली। इसी तरह, नियमित ट्रेनों में यात्रियों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए, जोन जहां भी संभव हो, अतिरिक्त डिब्बे जोड़ रहा है।

अगस्त 2022 के दौरान, 1,089 अतिरिक्त डिब्बों को नियमित ट्रेनों से जोड़ा गया है, जिससे लगभग 80,000 अतिरिक्त यात्रियों के परिवहन में मदद मिली है, जिससे राजस्व में 3.12 करोड़ रुपये का योगदान हुआ है। इन सभी उपायों के फलस्वरूप अंचल में किसी भी वर्ष अगस्त माह में सर्वाधिक राजस्व प्राप्त हुआ है। कुल मिलाकर, 22.14 मिलियन मूल यात्रियों को एससीआर द्वारा अगस्त 2022 के महीने में ले जाया गया, जिसके कारण यह क्षेत्र चालू वित्तीय वर्ष के दौरान 100 मिलियन यात्रियों के परिवहन के एक महत्वपूर्ण मील के पत्थर को पार कर गया।

चालू वित्त वर्ष में, जोन ने अप्रैल-अगस्त 2022 के दौरान 100.7 मिलियन यात्रियों को ढोया है। दक्षिण मध्य रेलवे के महाप्रबंधक (प्रभारी) अरुण कुमार जैन ने कहा है कि यात्रियों की मांग को पूरा करने के लिए जोन अपने दायरे में 100 फीसदी मेल एक्सप्रेस ट्रेनों को फिर से शुरू करने वाले पहले लोगों में से एक है।

**IN THE COURT OF HON'BLE X ADDITIONAL CHIEF JUDGE, CITY CIVIL COURT, HYDERABAD**
**O.S.No. 892 OF 2019**

**Between:**
**G. Vijay Srinath** ...Petitioner
**AND**
**Kamal Bhati** ...Defendant

To,
Kamal Bhati, S/o. M.M. Bhati, R/o. H.No. 15-8-43, Begum Bazar, Hyderabad.

**Notice/Summon**

Please take notice that my client/ plaintiff above has filed the above suit for recovery of money or in the alternative for possession and damages against you (the defendant). That by the order of Hon'ble Court dated:-18.08.2022, it is informed to the defendant herein that the above case stands posted to **19-09-2022** and you are required to appear either in person or through Counsel at 10:30 a.m., on **19-09-2022.** Please learn that if you may not appear, the Hon'ble court may decide the matter in your absence. Hence, this notice as per direction of Hon'ble Court."

Sd/- **Ashutosh B. Joshi,** Advocate
# 3-4-508/1, Street No.12,
Barkatpura Housing
Board Colony, Barkatpura,
Hyderabad-500027.

# CLASSIFIEDS

## CHANGE OF NAME

I, Service No:JC-279701, Rank-Sub, Name Anil Kumar S/o Sat Pal Singh R/o Vill & PO-Brass,Teh-Nissing,Dist., -Karnal , Haryana, Pin-132024, I Have Changed My Daughter's Name From Anchal Singh to ANCHAL.

I, Service No:JC-279701, Rank-Sub, Name Anil Kumar S/o Sat Pal Singh R/o Vill & PO-Brass,Teh-Nissing,Dist.,-Karnal, Haryana, Pin-132024, I Have Changed My Son's Name From Surya Dev Singh Rana to Surya Dev Singh.

I, SHAIK AMAR BIN ABDULLAH BAVAZEER R/o H No. 18-11-158/E, Barkas, Chandrayangutta,. Hyd, Have changed Name as OMER ABDULLAH BAWAZEER

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन के प्रतिपालन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जांच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

## घोषणा

जिला न्यायाधीश-1 न्यायालय तथा मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण के पदेन सदस्य का कार्यालय, बिलोली, जिला नांदेड

एम.ए.सी.पी. 13-2021

सुलोचना एवं अन्य बनाम एस.जी.केमिकल्स एवं एक और अन्य

प्रति,
एस.जी. केमिकल्स,
ए. कोटी रेड्डी द्वारा प्रतिनिधित्व, म.नं. 2-58,बहादुरपल्ली विलेज, कुतबुल्लापुर, हैदराबाद, तेलंगाना।

जबकि, उपरिलिखित प्रार्थी ने अन्य प्रतिवादी के साथ आपके खिलाफ मुआवजे के लिए उपरोक्त दावा याचिका(क्लेम पेटीशन) दायर किया है, तथा जो आपकी उपस्थिति के लिए लंबित है।

उपरोक्त विषय में, आपको न्यायालय द्वारा अनेकों बार कई सम्मन तथा नोटिस भेजे गये हैं, पर आजतक बेलीफ रिपोर्ट नहीं मिली है।

इस मामले में उपरिलिखित याचिकाकर्ताओं का मानना है कि, आप जानबूझकर तत्संबंधित सम्मन एवं नोटिस को प्राप्त नही कर रहे हैं तथा इसे टाल रहे हैं। अत: याचिकाकर्ताओं ने तत्संबंधित माननीय न्यायालय से आपके विरुध्द पेपर प्रोक्लेमेशन या कागजी उद्घोषणा जारी करने का अनुरोध किया है। इसके चलते इस न्यायालय ने तत्संबंधित अनुरोध को स्वीकृति दी है।

अत: आपको व्यक्तिगत रूप में या वकील द्वारा इस न्यायालय अर्थात् डिस्ट्रिक्ट कोर्ट -1 पर, .यथावत सूचित नुसार दि. 17.10.2022 के सुबह 11.00 बजे उपस्थित होना अनिवार्य है। एतद्वारा आपको सूचित किया जाता है कि, यदि आप उपरोक्त तिथि व समय पर तत्संबंधित न्यायालय में उपस्थित नहीं होते हैं तो, आपके खिलाफ एकतरफा कार्रवाई की जायेगी व फैसला सुनाया जायेगा। इसे मेरे द्वारा तथा इस निम्न अदालत की मुहर के तहत 11 अगस्त, 2022 को दिया गया।

आदेश से,

हस्ता/- 23-08-2022
अधीक्षक,
जिला न्यायालय, बिलोली जिला,नांदेड
हस्ता./- ए.बी. जोशी
ज्यू. क्लर्क

(जिला न्यायाधीश-1 न्यायालय तथा मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रीब्यूनल के एक्स आफिसियो मेम्बर, बिलोली, जिला नांदेड कार्यालय की मुहर:)

# देवनूर वन प्रखंड को आरक्षित वन घोषित करने की मांग



हनमकोंडा, 1 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। पर्यावरण संरक्षण के लिए काम कर रहे विभिन्न संगठनों के सदस्यों ने जिले के धर्मसागर मंडल के इनुपराती गट्टू पहाड़ी सहित देवनूर वन खंड के संरक्षण के लिए अपना आंदोलन तेज कर दिया है।

वन सेवा सोसाइटी (वीएसएस), जन विज्ञान वेदिका (जेवीवी), ओरुगल्लु वाइल्डलाइफ सोसाइटी (ओडब्ल्यूएलएस), तेलंगाना बौद्धिक संघ और मेदिनी के प्रतिनिधियों ने गुरुवार को यहां देवनूर और मुप्परम गांवों के बीच वन क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने उच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन करते हुए हाल ही में राजस्व अधिकारियों द्वारा निजी भूमि के रूप में सीमांकित की गई भूमि का निरीक्षण किया है। इस अवसर पर बोलते हुए, उन्होंने अवैध पट्टादार पासबुक जारी करने पर गंभीर चिंता व्यक्त की, जिसके कारण मुकदमेबाजी हुई। कई बड़े और रियल्टी फर्जी दस्तावेजों के साथ वन भूमि पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं।

वन सेवा सोसाइटी के अध्यक्ष पी. वीरभद्र राव ने आरोप लगाया कि लगभग 200 एकड़ जमीन को एक पूर्व तहसीलदार ने अवैध रूप से पट्टा दिया है। पूर्व जिला वन अधिकारी (डीएफओ) के पुरुषोत्तम ने कहा कि वन अधिकारियों को कोर्ट केस लड़ने और वन भूमि की रक्षा के लिए कदम उठाने चाहिए। देवनूर वन ब्लॉक हनमकोंडा जिले के लिए एकमात्र शहरी फेफड़े का स्थान है।

सभी ने मांग की कि भूमि को अवैध अतिक्रमणकारियों से बचाने के लिए देवुनूर वन क्षेत्र को जल्द से जल्द आरक्षित वन घोषित किया जाए। उन्होंने यह भी घोषणा की कि वे इस मुद्दे पर जल्द ही राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) से संपर्क करेंगे और वन अधिकारियों और राजस्व विभाग की वन ब्लॉक को आरक्षित वन के रूप में घोषित करने में लापरवाही पर चिंता व्यक्त की।

बाद में, वे धर्मसागर तहसीलदार एम रजनी से उनके कार्यालय में मिले और उनसे वन भूमि की सुरक्षा के लिए कदम उठाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में पर्यावरण कार्यकर्ता गंगोजुला छोलेट्टी श्रीनिवास, कोलिपका प्रकाश, पित्तल रवि बाबू, कमलाकर, धर्मप्रकाश और देवनूर और मुप्परम के कई युवाओं ने भाग लिया।



# गिरिराज का तंज: 'केसीआर नीतीश जी को सिखाने आए कि बिहार को पीएफआई युक्त और हिंदू मुक्त कैसे बनाएं'

पटना, 1 सितंबर (एजेंसियां)। तेलंगाना के सीएम के. चंद्रशेखर राव के पटना दौरे पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और वरिष्ठ भाजपा नेता सुशील मोदी ने निशाना साधा है। सिंह ने कहा कि केसीआर नीतीश कुमार को सिर तन से जुदा कार्यक्रम कैसे चलता है, यह सिखाने आए थे। वहीं, सुशील मोदी ने कहा, केसीआर व नीतीश कुमार दिवास्वप्न देख रहे हैं।

भाजपा नेता व केंद्रीय मंत्री ने नीतीश व केसीआर पर निशाना साधते हुए ट्वीट किया। इसमें उन्होंने तंज किया 'केसीआर नीतीश जी को यह सिखाने के लिए बिहार आए थे कि बिहार को पीएफआई युक्त और हिंदू मुक्त कैसे बनाया जाए, जैसे तेलंगाना और हैदराबाद में 'सर तन से जुदा' का कार्यक्रम चल रहा है।'

भाजपा सांसद सुशील मोदी ने कहा, 'ये नेता दिन में सपने देख रहे हैं। केसीआर को 2023 के चुनावों में तेलंगाना में अपनी सीएम सीट बचाने की कोशिश करना चाहिए। 2024 तक न तो



गिरिराज सिंह | नीतीश कुमार

केसीआर और न ही नीतीश कुमार मुख्यमंत्री रहेंगे। जिनकी खुद की सीटें सुरक्षित नहीं हैं वे पीएम बनने का सपना देख रहे हैं।'

बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम सुशील कुमार मोदी ने कहा कि केसीआर ने नीतीश कुमार को पीएम उम्मीदवार के रूप में स्वीकार नहीं किया। इतना ही नहीं उन्होंने सीधे तौर पर नीतीश की पीएम दावेदारी से इनकार कर दिया है।

**पीएम दावेदारी के सवाल पर नीतीश कुर्सी से उठ गए**

बता दें, तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने बुधवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से पटना में मुलाकात की। मुलाकात के बाद दोनों नेताओं ने संयुक्त प्रेस वार्ता की। इस प्रेस वार्ता के दौरान दोनों ने लगभग 50 मिनट तक सवालों के जवाब दिए लेकिन जैसे ही पत्रकारों ने पीएम उम्मीदवारी पर सवाल करना शुरू किया वैसे ही सीएम नीतीश कुमार सीट से उठने लगे। इसके बाद केसीआर ने कहा कि 'नीतीश जी बैठिए न' लेकिन नीतीश बैठने के लिए तैयार नहीं हो रहे थे ऐसे में केसीआर ने उनका हाथ पकड़ लिया और बैठाने की कोशिश की। फिर नीतीश बैठ गए लेकिन सवालों को टालते रहे। केसीआर जब बैठने के लिए ज्यादा जिद करने लगे तो नीतीश कुमार ने कहा, 'अरे इनके चक्कर में मत पड़िए, 50 मिनट तो दे दिए। फिर वहां जोर से ठहाके लगने लगे।'

दरअसल, पत्रकारों ने जब तेलंगाना के सीएम केसीआर से सवाल पूछा कि क्या 2024 में विपक्ष का नेतृत्व नीतीश कुमार करेंगे? क्या नीतीश कुमार पीएम पद के उम्मीदवार होंगे?

फिर क्या था सवाल सुनते ही सीएम नीतीश असहज हो गए और सीट से उठ खड़े हुए। इससे कुछ देर तक सभी हैरान रह गए। केसीआर बैठने के लिए बोलते रहे और नीतीश कुमार थे कि बैठने के लिए तैयार नहीं हो रहे थे। इस दौरान केसीआर कभी नीतीश कुमार का हाथ, तो कभी उनका कुर्ता पकड़ कर खींच कर उन्हें बिठाने की कोशिश करते रहे, लेकिन नीतीश कुमार बैठने को तैयार नहीं हुए।

# एक आदेश दो कि कोई मुसलमान नहीं रहेगा

## यूपी में मदरसों के सर्वे पर भड़के असदुद्दीन ओवैसी

लखनऊ/हैदराबाद , 1 सितंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने गैर-मान्यता प्राप्त मदरसों के सर्वे का फैसला लिया है। सरकार के इस निर्णय पर विवाद भी छिड़ गया है और असदुद्दीन ओवैसी भी इसमें कूद गए हैं। योगी सरकार के फैसले पर सवाल उठाते हुए ओवैसी ने कहा कि ऐसा ही है तो फिर आदेश जारी करना चाहिए कि अब कोई मुसलमान नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि योगी सरकार का यह फैसला मनमाना है और मुसलमानों को शक की नजर से देखने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि यह छोटा एनआरसी जैसा फैसला है। ओवैसी ने कहा कि सरकार जिन मदरसों को कोई मदद नहीं देती है, उनकी जांच कराने का हक उसके पास नहीं है।

ओवैसी ने कहा, 'निजी मदरसों से सरकार का कोई लेना-देना नहीं है। उनका सर्वे आखिर सरकार क्यों करा रही है। मदरसा बोर्ड से मान्यता प्राप्त संस्थानों को ही सरकार मदद देती है और उनकी ही जांच करा सकती है।' हैदराबाद के सांसद ने कहा कि संविधान के



आर्टिकल 30 के तहत अल्पसंख्यकों को अपने संस्थान चलाने का हक है। उन्होंने कहा कि यह सर्वे नहीं है बल्कि छोटा एनआरसी है। वहीं इस पर विवाद छिड़ने के बाद योगी सरकार में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने सरकार का मकसद बताया है कि आखिर क्यों मदरसों के सर्वे का फैसला लिया गया है।

**योगी के मंत्री ने बताया- क्या है सर्वे कराने का मकसद**

दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि हम यह सर्वे इसलिए करना चाहते हैं ताकि छात्रों की संख्या पता हो। किसी भी तरह का डेटा हमारे सामने होगा, तभी तो हम योजनाओं को आसानी से तैयार कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि इस मामले में एसपी और बीएसपी की ओर से भ्रम फैलाया जा रहा है। गौरतलब है कि यूपी में गैर मान्यता प्राप्त मदरसों का सर्वे करवाया जाएगा। इसके लिए शासन के उप सचिव शकील अहमद सिद्दीकी की ओर से एक आदेश जारी किया गया है। इस आदेश में कहा गया है कि 10 सितम्बर तक इस सर्वे के लिए टीम गठित की जाएगी, जिसमें संबंधित तहसील के उप

**योगी सरकार के फैसले पर सवाल उठाते हुए ओवैसी ने कहा कि ऐसा ही है तो फिर आदेश जारी करना चाहिए कि अब कोई मुसलमान नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि मदरसों का सर्वे कराना योगी सरकार का मनमाना फैसला है।**

जिलाधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी शामिल होंगे। यह सर्वे 5 अक्टूबर तक पूरा होना है और सरकार के पास 25 अक्टूबर तक यह डेटा जाएगा। सर्वे में बिना मान्यता के मदरसों की स्थापना का वर्ष, भूमि का विवरण, भवन की स्थिति, छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों की संख्या, पाठ्यक्रम, आय का स्रोत आदि की डिटेल होगी। मदरसों का सर्वे कराकर इन मदरसों का सम्पूर्ण विवरण प्राप्त किया जाएगा, जिससे मालूम हो सकेगा कि प्रदेश में कुल कितने प्रकार के मदरसे हैं। दानिश आजाद ने कहा कि यह एक सर्वे है, ताकि विवरण हासिल हो सके। इसे किसी भी प्रकार की जांच ना समझा जाए।

# आरा-बक्सर हाईवे पर दंपती को गोलियों से भूना

## पत्नी बोली-पति ने दी थी सुपारी

पटना, 1 सितंबर (एजेंसियां)। बिहार में आए दिन अपराधियों का हौसला बुलंद होता जा रहा है। ताजा मामला है भोजपुर का जहां कुछ हथियारबंद बदमाशों ने आरा-बक्सर हाईवे पर दंपती को गोली मार दी। पति को जहां पैर और कमर में गोली लगी है वहीं पत्नी भी गंभीर रूप से घायल हो गई। दोनों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

**पति ने दी थी सुपारी: पत्नी**

महिला ने बताया कि हम रेस्टोरेंट में खाना खाने जा रहे थे। पति ने सुनसान जगह पर गाड़ी रोक कहा मैं कोई अच्छा होटल देखकर आता हूं। इसके बाद वो 2 लड़कों से बातें करने लगे। दोनों लड़कों ने फायरिंग शुरू कर दी। मुझे लगता है मेरे पति मुझे मरवाने के लिए लाए थे।



**पहले से कुछ चल रहा था: भोजपुर एसपी संजय कुमार**

वहीं घटना की जानकारी देते हुए भोजपुर एसपी संजय कुमार सिंह ने कहा कि यह लोग रेस्टोरेंट से खाना खाकर वापस आ रहे थे तब यह घटना घटी।

परिजनों ने भी ज्यादा जानकारी नहीं दी है और घटना का कारण क्या हो सकता है यह भी स्पष्ट नहीं कर पा रहे हैं। संकेत से पता चल रहा है कि पहले से कुछ चल रहा है। जो संकेत दिए गए हैं उस पर जांच करेंगे।

# यूपी में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

## नवनीत सहगल अपर मुख्य सचिव सूचना पद से हटे, अमित मोहन बने एसीएस एमएसएमई

लखनऊ, 1 सितंबर (एजेंसियां)। यूपी सरकार ने बुधवार शाम को प्रशासनिक अमले में बड़ा फेरबदल किया है। एसीएस नवनीत सहगल को अपर मुख्य सचिव के पद से हटा दिया गया है। उन्हें खेलकूद विभाग में तैनात कर दिया गया है। केंद्र सरकार से प्रतिनियुक्ति के बाद लौटे पार्थसारथी सेन शर्मा को प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य बनाया गया है।

बुधवार रात जारी अधिसूचना के अनुसार, अमित मोहन प्रसाद को अपर मुख्य सचिव बनाया गया है। हिमांशु कुमार को ग्राम्य विकास एवं ग्रामीण अभियंत्रण सेवा विभाग का मुख्य सचिव बनाया गया है। वे अभी समाज कल्याण एवं अल्पसंख्यक कल्याण व मुस्लिम वक्फ बोर्ड के मुख्य सचिव थे। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के पद



नवनीत सहगल | अमित मोहन प्रसाद

पर नवनीत को हटाकर वरिष्ठ आईएएस संजय प्रसाद को तैनात किया गया है। इससे पहले बुधवार को अपर मुख्य सचिव, गृह अवनीश अवस्थी आखिरकार सेवानिवृत्त हो गए। उप्र. एक्सप्रेसवेज इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीडा) समेत उनके सभी विभागों का कार्यभार प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री व सूचना संजय प्रसाद को सौंपा गया है।

# 24 घर काट चुकी घाघरा नदी

लखीमपुरखीरी, 1 सितंबर (एजेंसियां)। धौरहरा तहसील के कैरातीपुरवा गांव के 24 घरों को घाघरा नदी अब तक काट चुकी है। इसी के साथ ही गांव के अस्तित्व को खतरा पैदा हो गया है। मंगलवार को नदी में 10 घर समा गए जबकि 14 घर पहले ही कट गए थे। नदी की दहशत में लोग गांव से पलायन कर रहे हैं। करीब पचास घरों से आबाद गांव कैरातीपुरवा में अब उंगलियों पर गिनने लायक ही घर बचे हैं। गांव का बड़ा हिस्सा नदी में समा गया है। बीते तीन दिनों में ही घर गंवाने वाले परिवारों की संख्या करीब 24 पहुंच गई। मंगलवार की रात तक करीब 10 और घर नदी की भेंट चढ़ गए। गांव के ब्रजमोहन, फूल कुमारी, शिवरानी, रमाकान्त, राजेन्द्र, सतनाम, सियाराम, विनोद, किशुन, निरंकार के घर कट गए हैं। अब केशवराम, आत्माराम, राधेश्याम, रामकुमार, सोनू, प्रमोद के घर नदी की करार पर आ गए हैं। कटान लगातार जारी है। घर ही

**गांव के वजूद पर खतरा लोगों ने उठाए ये कदम**

नहीं, ग्रामीणों की अब तक सैकड़ों बीघे जमीन भी बाढ़ की भेंट चढ़ गई। प्रशासन की ओर से कटान रोकने को कोई बन्दोबस्त नहीं किया गया। यही हाल रहा तो जल्दी ही गांव का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। इस बीच बाढ़ खण्ड ने भी बचाव के उपाय ठप कर दिए।

बाढ़ खण्ड को उम्मीद थी अब कटान रुक गया है। मगर ग्रामीणों को आशंका थी कि कटान फिर से शुरू हो सकता है। बाढ़ खण्ड के तकनीकी अनुमानों पर ग्रामीणों के अनुमान आखिर भारी पड़े। नदी किनारे बसे ग्रामीण अपने अनुभव बताते हुए कहते हैं कि नदी अपनी प्रवृत्ति के अनुसार कटान करती है। जब कटान थमा था तब बाढ़ खण्ड को अपनी कोशिशें तेज़ कर देनी थीं। मगर बाढ़ खण्ड कटान थमते ही रफूचक्कर हो गया। जिस वजह से नदी तेज़ी से कटान करने लगी।

## 17,355 फीट ऊंची फ्रेंडशिप पीक पर तिरंगा फहराएंगे नीतीश सिंह

**सीबीआई के ज्वाइंट डायरेक्टर ने सौंपा तिरंगा**



गोरखपुर, 1 सितंबर (एजेंसियां)। गोरखपुर के रहने वाले युवा पर्वतारोही नीतीश सिंह हिमाचल प्रदेश की 17,355 फीट ऊंची फ्रेंडशिप पीक पर चढ़ाई करेंगे। वह दो सितंबर को हिमाचल की सोलंग वैली से अपने अभियान की शुरूआत करेंगे। बुधवार को सीबीआई के ज्वाइंट डायरेक्टर नवल बजाज ने नीतीश को तिरंगा सौंपकर यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। राजेंद्र नगर पश्चिमी, न्यू कॉलोनी के रहने वाले नीतीश के पिता अमरजीत सिंह भारतीय सेना में लांस नायक थे। पिता की उत्तराखंड में तैनाती के दौरान नीतीश आर्मी स्कूल रूड़की में कक्षा पांच में पढ़ाई करते थे।

# जदयू के नए पोस्टर में नीतीश का नया नारा लिखा- 'प्रदेश में दिखा, देश में दिखेगा'

पटना, 1 सितंबर (एजेंसियां)। बिहार की सियासत में रोज नए-नए दावे किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के भाजपा से अलग होने के बाद से ही उन्हें 2024 में विपक्ष का पीएम उम्मीदवार बनाने के दावे किए जा रहे हैं। इस बीच पटना में जदयू के नए पोस्टरों के जरिए इन दावों को और बल मिला है। इन पोस्टरों में सीएम नीतीश कुमार ने जदयू के पोस्टरों पर लिखा- 'आश्वासन नहीं, सुशासन' 'प्रदेश में देखा, देश में दिखेगा' और 'जुमला नहीं, हकीकत'। पटना में जदयू कार्यालय में इन पोस्टरों के बाद सियासी गलियारों में नीतीश की 2024 में विपक्ष का पीएम उम्मीदवारी को लेकर अटकलें फिर तेज हो गई हैं।

इससे पहले बीते दिन पटना में तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव नीतीश और डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव से मिले थे। सूत्र बताते हैं कि भेंट मुलाकात में ताजा राजनीतिक हालात, अपने-अपने हित और सामूहिक राजनीतिक हित पर बात हुई। नीतीश कुमार की तरफ 2024 को लेकर उम्मीद की निगाह से केवल केसीआर ने ही नहीं देखा है, माकपा महासचिव सीताराम येचुरी को भी नीतीश कुमार के रूप में विकल्प मिलता हुआ नजर आ रहा है। राजद और कांग्रेस के साथ महागठबंधन में शामिल होने के लिए नीतीश कुमार ने कांग्रेस पार्टी की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी से बात की थी। कांग्रेस पार्टी के पूर्व महासचिव का कहना है कि अभी इसका समय नहीं आया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कौन टक्कर देगा? अभी समय तैयारी और टक्कर देने लायक बनने का है। इसलिए विपक्ष के दलों को इसे ध्यान में रखकर आगे बढना चाहिए।

# शिवपाल यादव ने पूर्व सांसद डीपी यादव के साथ मिलकर शुरू किया यदुकुल पुनर्जागरण मिशन



लखनऊ, 1 सितंबर (एजेंसियां)। प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया के संस्थापक शिवपाल यादव ने गुरुवार को यादव समुदाय के लिए एक नए संगठन के गठन की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह संगठन सामाजिक न्याय के लिए लड़ेगा। शिवपाल यादव यादव ने कहा कि यदुकुल पुनर्जागरण मिशन किसी राजनीतिक दल के लिए या उसके खिलाफ नहीं था। शिवपाल यादव यदुकुल पुनर्जागरण मिशन के संरक्षक होंगे, वहीं संभल के पूर्व सांसद डीपी यादव इसके अध्यक्ष हैं जबकि लेखक विश्वात्मा मिशन के संस्थापक सदस्य हैं।

शिवपाल यादव ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम जल्द ही राज्य और देश भर में मिशन की इकाई का गठन करेंगे। उन्होंने कहा कि नया संगठन जिन मुद्दों को उठाने जा रहा है उनमें जाति जनगणना और अहीर (यादव) रेजिमेंट के गठन की मांग शामिल है। गौरतलब है कि यादवों को समाजवादी पार्टी का मुख्य वोट बैंक माना जाता है। 2024 लोकसभा चुनाव से पहले यदुकुल पुनर्जागरण मिशन की स्थापना यादव समुदाय को लुभाने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

शिवपाल यादव ने हाल ही में अपने भतीजे और समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव से दूरी बना ली थी। समाजवादी पार्टी से खींचतान के बीच शिवपाल यादव ने ने 2018 में प्रगतिशील समाजवादी पार्टी-लोहिया का भी गठन किया।

पिछले दिनों समाजवादी पार्टी ने बाकायदा आधिकारिक बयान जारी कर कहा था कि शिवपाल यादव को अगर ये लगता है कि उन्हें पार्टी में उचित सम्मान नहीं मिल रहा है तो वो कहीं भी जाने के लिए स्वतंत्र हैं।

समाजवादी पार्टी ने शिवपाल यादव के साथ-साथ सुलेहदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओपी राजभर के लिए भी ऐसा ही बयान जारी किया था।

# कार्तिक कुमार की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

## अपहरण केस में कभी भी हो सकती है गिरफ्तारी, सीएम बोले- पहले ही जानकारी थी, इसलिए इस्तीफा लिया

पटना, 1 सितंबर (एजेंसियां)। अपहरण केस में फंसे कार्तिक कुमार की अग्रिम जमानत अर्जी दानापुर कोर्ट ने खारिज कर दी है। अब किसी भी वक्त उनकी गिरफ्तारी हो सकती है। उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट पहले से जारी है। मुख्यमंत्री नीतीश ने कहा है कि मामले की पहले ही जानकारी मिल गई थी इसलिए उनसे इस्तीफा ले लिया गया। इधर, सुशील मोदी ने ट्वीट किया कि कार्तिक कुमार की बेल याचिका ख़ारिज होने के बाद अविलम्ब उसे गिरफ्तार करें।

कोर्ट ने 1 सितंबर तक की रोक लगाई थी। उन्हें या तो कोर्ट में सरेंडर करना पड़ेगा, नहीं तो उनकी गिरफ्तारी होगी। पूर्व बाहुबली विधायक अनंत सिंह के करीबी मास्टर कार्तिक साल 2014 के अपहरण के एक मामले में आरोपित हैं। बता दें कि महागठबंधन की सरकार बनने के महज 22 दिन



बाद कार्तिक कुमार ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। कल ही विभाग बदल कर उन्हें गन्ना उद्योग मंत्रालय सौंपा गया था, जिसके बाद उन्होंने देर शाम अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

**मीडिया ट्रायल से परेशान होकर इस्तीफा दिया**

अपने इस्तीफे पर कार्तिक कुमार ने कहा- मेरी वजह से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का नाम खराब हो, यह मैं बर्दाश्त नहीं कर सकता। इसलिए मैंने इस्तीफा दे दिया। भाजपा के रोज मीडिया ट्रायल से मैंने परेशान होकर इस्तीफा देना उचित समझा। कार्तिक कुमार ने कहा- ताउम्र मेरे ऊपर इस केस के अलावा कोई दूसरा केस नहीं है। मैंने 27 सालों तक सरकारी नौकरी की है। अनंत सिंह और उनके बड़े भाई से मेरे रिश्ते रहे हैं, इससे मैं इनकार नहीं करता हूं। उसी का फायदा उठाकर भाजपा हमारे नेता को बदनाम कर रही थी। बता दें कि जमानत पर सुनवाई से 24 घंटे पहले गन्ना उद्योग मंत्री कार्तिक कुमार ने बुधवार की देर शाम इस्तीफा दे दिया था।

## कचरे से होगी कमाई

**गोरखपुर में इंदौर की तर्ज पर लगेगा बायो सीएनजी प्लांट, रोजगार के भी बढ़ेंगे मौके**



गोरखपुर, 1 सितंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में कचरा अब सिरदर्द नहीं बल्कि कमाई का जरिया बनने जा रहा है। इदौर की तर्ज पर कचरे से बायो कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) बनाने की तैयारी चल रही है। इसके अलावा इससे लिक्विड खाद का भी निर्माण होगा। इससे ना सिर्फ कचरे का निपटारा होगा बल्कि कई नौकरियों का भी सृजन होगा। इंदौर की कंपनी इंडो एनवायरो इंटीग्रेटेड साल्यूशन लिमिटेड के अफसरों ने बायो कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) प्लांट बनाने के लिए नगर आयुक्त अविनाश सिंह से मुलाकात की है।

# तेजप्रताप और ऐश्वर्या के तलाक पर फैसला 8 सितंबर को

पटना, 1 सितंबर (एजेंसियां)। लालू प्रसाद के बेटे वन मंत्री तेजप्रताप यादव और उनकी पत्नी ऐश्वर्या राय के तलाक मामले में पटना हाईकोर्ट में गुरुवार को बेंच बैठी लेकिन सुनवाई पूरी नहीं हो पाई। अगली तिथि 8 सितंबर तय की गई है। बताया जाता है कि जस्टिस आशुतोष कुमार के निजी कारणों के कारण आज यह सुनवाई पूरी नहीं हो सकी। दोनों पक्षों के वकील भी कोर्ट में सुनवाई के लिए मौजूद रहे।

बता दें कि तेजप्रताप ने पत्नी से तलाक की अर्जी दे रखी है, लेकिन ऐश्वर्या उनका साथ नहीं छोड़ना चाहती हैं। 13 दिन पहले हुई सुनवाई के समय ऐश्वर्या के वकील पीएन सिन्हा कोर्ट में नहीं आए थे, इसलिए ऐश्वर्या की तरफ से आगे समय मांगा गया था। ऐश्वर्या के वकील के जूनियर निलांजन चटर्जी ने कोर्ट से स्टे

**पटना हाईकोर्ट में जज ने निजी कारणों से सुनवाई टाली**



चाहा लेकिन कोर्ट ने रिफ्यूज कर दिया था। तेजप्रताप की तरफ से जगन्नाथ सिंह और गजेन्द्र यादव ने कोर्ट से मांग की कि मामले की जल्द से जल्द सुनवाई पूरी की जाए। हाईकोर्ट ने पहले ही दोनों के बीच सुलह कराने की कोशिश की। चैंबर में दोनों को आमने-सामने बैठाकर सवाल-जवाब किया गया, लेकिन तेजप्रताप साथ रहने को तैयार नहीं। इसके बाद कोर्ट ने दोनों परिवारों के बीच पटना जू में मीटिंग कराने की जवाबदेही दोनों पक्षों के वकीलों जगन्नाथ सिंह और पी.एन. शाही को दी। लालू प्रसाद की सेहत खराब होने की वजह से यह मीटिंग नहीं हो सकी। इसके बाद 5 अगस्त को पटना जू में दोनों परिवारों के बीच मीटिंग हुई। इस मीटिंग में तेजप्रताप की तरफ से उनकी मां राबड़ी देवी और ऐश्वर्या की तरफ से उनके पिता चंद्रिका राय पहुंचे। लेकिन मीटिंग इसलिए सफल नहीं हो सकी। राबड़ी देवी ने इसमें कहा कि 'जब तेजप्रताप ही तैयार नहीं हैं तो हम इसमें क्या कर सकते हैं?' बता दें कि 12 मई 2018 को भूतपूर्व मुख्यमंत्री दरोगा प्रसाद राय की पोती ऐश्वर्या राय के साथ पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद के बेटे तेजप्रताप यादव की शादी शादी हुई थी। बता दें कि कुछ सप्ताह पहले तेजप्रताप ने सोशल मीडिया के सामने आकर कहा था कि ऐश्वर्या का पूरा परिवार उन्हें परेशान करने में लगा है और उनसे 10 करोड़ रुपए जैसी बड़ी रकम की मांग की जा रही है। उन्होंने तब यह भी कहा था कि जल्द ही सबूतों के साथ कुछ ऐसे तथ्य सामने लाने वाला हूं जो सभी की आंखें खोल देगा।

## मायके गई पत्नी की पति ने दांत से काटी नाक

लखीमपुर खीरी, 1 सितंबर (एजेंसियां)। यूपी के लखीमपुर खीरी में पति-पत्नी के झगड़े ने एक युवक को हैवान बना दिया। युवक ने न केवल अपनी पत्नी को पीटा बल्कि अपनी दांतों से उसकी नाक काट ली और नाक का टुकड़ा लेकर वह भाग निकला। युवक नाक का टुकड़ा लेकर सीधे फरधान थाने पहुंच गया। थाने में युवक के हाथ में मांस का टुकड़ा देखकर पुलिस के होश उड़ गए। इसके बाद पुलिस युवक को पकड़ कर हैदराबाद थाने ले आई। मामला हैदराबाद थाना क्षेत्र के गांव ढकिया का है। इसी गांव के रहने वाले शिवराम की पुत्री वन्दना की शादी थाना फरधान के संजय के साथ करीब डेढ़ वर्ष पहले हुई थी। कुछ महीने तक तो सब कुछ ठीक ठाक चलता रहा। बताया जाता है कि फिर आए दिन वन्दना मायके चली आती थी। वन्दना मायके में थी तो सोमवार को संजय ससुराल आया और वन्दना से कुछ झगड़ा हुआ।

# केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा की जमानत रद्द करने की मांग

लखनऊ, 1 सितंबर (एजेंसियां)। हत्या के एक मामले में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा उर्फ टेनी को मिली जमानत को निरस्त करने की मांग करते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में प्रार्थना पत्र दाखिल किया गया है। यह प्रार्थना पत्र दो सितंबर को सुनवाई के लिए न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा व न्यायमूर्ति रेनू अग्रवाल की खंडपीठ के समक्ष सूचीबद्ध है।

प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि अजय मिश्रा उर्फ टेनी की दोषमुक्ति के खिलाफ दाखिल राज्य सरकार की अपील की सुनवाई में उनकी ओर से सहयोग नहीं किया जा रहा है। इसलिए टेनी के बॉन्ड को निरस्त किया जाए।

वहीं इस मामले में अजय मिश्रा की ओर से दाखिल स्थानांतरण प्रार्थना पत्र को मुख्य न्यायमूर्ति

**लखनऊ बेंच में होगी सुनवाई**



राजेश बिंदल ने खारिज कर दिया है। प्रार्थना पत्र में उनके खिलाफ दाखिल इस अपील को हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच से प्रधान पीठ इलाहाबाद स्थानांतरित किए जाने की मांग की गई थी। प्रार्थना पत्र में कहा गया था कि अजय मिश्रा के वकील गोपाल चतुर्वेदी प्रयागराज में रहते हैं और अधिक उम्र के कारण लखनऊ आकर बहस नहीं कर सकते। मुख्य न्यायमूर्ति ने इसे पर्याप्त आधार न मानते हुए प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया है।

# एजेंसी क्षेत्र के लोगों का विकास एवं कल्याण पुलिस का उद्देश्य : जिला पुलिस अधीक्षक

## एसपी ने लेंडी गुडा और मंदिरीगुडा क्षेत्रों का दौरा कर ली समस्याओं की जानकारी



आसिफाबाद, 1 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कुमरम भीम आसिफाबाद जिला एसपी के सुरेश कुमार आईपीएस ने कहा कि जिला पुलिस का मुख्य उद्देश्य आसिफाबाद जिले के एजेंसी क्षेत्र के लोगों का विकास और कल्याण है। एसपी ने लिंगापुर थाने के स्टाफ से बात कर निर्देश दिए कि दूर-दराज के इलाकों से जब लोग पुलिस थाने पहुंचे तो वे हमेशा उपलब्ध रहे और मदद करे।बाद में वे लिंगापुर थाने में रुके।आसिफाबाद डीएसपी श्रीनिवास, जैनूर सीआई रामकृष्ण, जैनूर एसएस मधुकर और अन्य स्टाफ सदस्यों ने चोर पल्ली ग्राम पंचायत के लेंडी गुडा और मंदिरी गुडा क्षेत्र का दौरा किया।इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। उन्हें आश्वासन दिया गया कि समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर कोई नया व्यक्ति उनके गाँव में प्रवेश करता है तो उन्हें तुरंत सूचित करें।इस अवसर पर एसपी ने कहा कि विश्वसनीय जानकारी के अनुसार ज्ञात होता है कि इन आदिवासी क्षेत्रों में हाल ही में माओवादी घूम रहे हैं, इसलिए युवक-युवतियां माओवादी / आतंकवादी गतिविधियों में योगदान देकर अपना भविष्य खराब न करें। यदि इस क्षेत्र में माओवादी बलों के सदस्यों की कोई गतिविधि देखी जाती है तो पुलिस को सूचित करने की सलाह दी जाती है। उन्होंने सुझाव दिया कि सरकार गरीबों और आदिवासियों के विकास के लिए कई कल्याणकारी योजनाओं को लागू करेगी, और अतीत में अनुभव की गई बुरी यादों को याद रखेगी और माओवादियों के अस्तित्व को शुरू से ही रोकेगी। उन्होंने बताया कि लोगों की जो भी समस्या है उसका समाधान सरकार व पुलिस करे, पुलिस आपके लिए कार्यक्रम के माध्यम से जिले के आदिवासी क्षेत्रों में कई राहत कार्यक्रम चला रही है, आपके क्षेत्र की समस्याओं पर जिला प्रशासन से चर्चा की जायेगी. आपसी सहयोग से समस्याओं का समाधान होगा। यदि आप अज्ञात व्यक्तियों की सूचना जानते हैं, तो आप इसकी सूचना थाने में दें या 100 को डायल करें और इसकी सूचना दें। सूचित करने वालों का विवरण गोपनीय रखा जाएगा और उन्हें तदनुसार पुरस्कृत किया जाएगा।



अग्रवाल समाज मलकपेट शाखा द्वारा अग्रसेन हॉल में विघ्नहर्ता श्री गणेश जी की पूजा अर्चना की गई। इसमें भाग लेते हुए शाखा के अध्यक्ष लाजपत राय गुप्ता, मानद मंत्री पंकज संघी, केंद्रीय समिति सदस्य महावीर प्रसाद अग्रवाल, उपाध्यक्ष सत्यनारायण मोदी, हरिश्चंद्र बजाज, सतीश बंसल, अशोक कुमार अग्रवाल, श्याम लाल गोयल, संजीव गोयल, युवा मोर्चा के नितिन अग्रवाल, नितेश अग्रवाल तथा निश्चिंत अग्रवाल।

### सोशल मीडिया पर हुई दोस्ती, संबंध बनाने के लिए बुलाया घर, तो खुली असलियत

भोपाल, 1 अगस्त (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के खजराना थाना क्षेत्र में बीते दिन हिस्सों में मिले शव के मामले में पुलिस ने बड़ा पर्दाफाश किया है। पुलिस ने आरोपी नूर मोहम्मद को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने संबंध बनाने के लिए फोन कर लड़की को बुलाया था, पर वो किन्नर निकला। और विवाद में उसकी गला दबाकर हत्या कर दी।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




| ग्रह स्थिति | | | लग्नारंभ समय | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सूर्य- | सिंह | में | सिंह... | 05-00 | बजे |
| चंद्र- | तुला | में | कन्या | 07-07 | बजे |
| मंगल | वृष | में | तुला - | 09-12 | बजे |
| बुध- | कन्या | में | वृश्चिक | 11-22 | बजे |
| गुरु- | मीन | में | धनु--- | 13-36 | बजे |
| शुक्र- | सिंह | में | मकर- | 15-42 | बजे |
| शनि- | मकर | में | कुंभ - | 17-33 | बजे |
| राहु- | मेष | में | मीन... | 19-10 | बजे |
| केतु- | तुला | में | मेष-- | 20-46 | बजे |
| | | | वृष-- | 22-31 | बजे |
| | | | मिथुन.. | 00-32 | बजे |
| | | | कर्क... | 02-35 | बजे |

विक्रम श्री नल नाम संवत्- **2079**
शक संवत् **-1944,** कलियुग अवधि-**432000**
भोग्य कलि वर्ष-**426878**
कलियुग संवत् **-5123** वर्ष सूर्य-दक्षिणायने
कल्पारंभ संवत् **-1972949123**
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-**1955885123**
महावीर निर्वाण संवत् **-2548,**हिजरी सन् **-1443**
ऋतुशरद,दिशाशूल- पश्चिम-दही खाकर घर से निकले
तिथि- षष्ठी **- 13-51** तक उपरान्त, सप्तमी
मास - भाद्रपद शुक्ल पक्ष ,शुक्रवार, **02 Sep**
नक्षत्र -विशाखा - **23 -47** - तक उपरान्त, अनुराधा
योग - ऐन्द्र - **19- 15** - तक उप- वैधृति
करण- तैतिल-**13 -51** - तक,उप- गर
विशेष:- श्री बलदेव छठ,सूर्य षष्ठी
व्रत -त्योहार - सन्तान सप्तमी

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए ।

**राहुकाल 10:43 से 12:16 तक**

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र बेगम बाजार हैद्रा.

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चंचल | 06:05 - 07:36 | शुभ | रोग | 18:28 - 19:55 | अशुभ |
| लाभ | 07:36 - 09:10 | शुभ | काल | 19:55 - 21:22 | अशुभ |
| अमृत | 09:10 - 10:43 | शुभ | लाभ | 21:22 - 22:49 | शुभ |
| काल | 10:43 - 12:16 | अशुभ | उत्पात | 22:49 - 00:16 | अशुभ |
| शुभ | 12:16 - 13:49 | शुभ | शुभ | 00:16 - 01:43 | शुभ |
| रोग | 13:49 - 15:22 | अशुभ | अमृत | 01:43 - 03:10 | शुभ |
| उत्पात | 15:22 - 16:55 | अशुभ | चंचल | 03:10 - 04:37 | शुभ |
| चंचल | 16:55 - 18:25 | शुभ | रोग | 04:37 - 06:05 | अशुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): आज के दिन आपसे बहुत सारी अपेक्षाएं रहेंगी। आप अपने वर्त्तमान घर या नौकरी में बदलाव का फैसला ले सकते हैं। कशमकश में न रहें , बदलाव होना अच्छा ही रहेगा। आपको किसी ऐसे आदमी से बात करके अप्रत्याशित सहायता मिल सकती है जो चुपचाप आपकी भलाई चाहता रहा है।

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): आज आप व्यावहारिकता की अपेक्षा रखने वाले कई मुद्दों में भावनात्मक व्यवहार करेंगे।स्पष्ट सोच रखते हुए यह समझने की कोशिश करें की आपकी इच्छाएं क्या हैं और आपके लिए अच्छा क्या हैं। आपके भीतर कुछ ऐसी भावनाए पैदा हो सकती हैं जो आपको कुछ सीमायें लांघने के लिए उकसा सकती हैं।

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): आज आप नम्र रहेंगे और दूसरों की स्वार्थरहित सेवा करेंगे। दूसरों को संतुष्ट करने के लिए अपना समय ,स्थान ,पैसा और यह तक कि अपना भोजन भी लगायेंगे।लोग आपकी इसके लिए तारीफ करेंगे लेकिन अपनी सीमायें निर्धारित करें। अपने बच्चों पर भी ध्यान दें,उन्हें कोई संकर्मण हो सकता है।

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): आज अपमनी दार्शनिकताओं तथा विचारों को किसी के साथ बाँट लेने का मौका देखें आपकी मुलाकात एक बेहतरीन व्यक्ति से हो सकती है।इससे एक ख़ूबसूरत दोस्ती या अच्छी साझेदारी भी जन्म ले सकती है।थोड़े से ध्यान से देखने से,आप अपने आसपास से बहुत सारी चीजें सीख पायेंगेऔर यह ज्ञान आपके लिए लाभकारी सिद्ध होगा।

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): आज का दिन आपके लिए बहुत शुभ है,आपको वित्तीय क्षेत्र में अपने प्रयासों के चलते लाभ होगा।आप अपने परिजनों के लिए सर्वोत्तम उपलब्ध चीज खरीदना चाहेंगे।बस इतना ध्यान रखें कि सारा पैसा खर्च न करके कुछ बचत भी कर लें।आप अपने पार्टनर के साथ कुछ बहुत ख़ास पल गुजारेंगे जिन्हें आप हमेशा याद रखेंगे।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): अपने वादों का सम्मान करें। आपको इसके लिए अपने मजे तथा आनंद के समय से समझौता करना पड़ सकता है परन्तु अगर आप दूसरों को दु:ख नही पहुंचना चाहते तो आपको यह करना पड़ेगा। आपकी कल्पनात्मक शक्ति आपको लक्ष्य प्राप्ति में सहायता करेगी।आप मानवीय आवश्यकताओं का ध्यान रखते हैं,आपकी प्रगति तय है।

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): आज आपको अपनी मेहनत का फल मिलेगा।पहचान और इज्जत भी मिलेगी।वित्तीय स्थिति बेहतर होगी,ऑफिस में तारीफ़ मिलेगी।वेतन में बढ़ोतरी भी संभव है।सेल्स क्षेत्र वाले लोग भी लक्ष्य हासिल क्र पायेंगे।आज अपने परिधान में नीला रंग शामिल करें।इससे सकारात्मक ऊर्जा मिलेगी।

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): आज आपको ईमानदारी से काम लेना है।आज का दिन अपने काम की बारीकियों पर ध्यान देने और उन महत्वपूर्ण कामों को पूरे कर लेने के लिए भी बहुत अच्छा है जिन्हें आप कुछ समय से टाल रहे हो। आप इन नीरस रूटीन कामों को पूरा करने में आलस कर रहे हैं लेकिन एक बार आप इन्हें शुरू कर दें तो बहुत जल्दी पूरा भी कर लेंगे।

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): आज कर्म में आपका विश्वास और पक्का हो जाएगा।आप यह मान लेंगे कि कर्म का फल अवश्य मिलता है।आप दूसरों की तकलीफ समझते हैं।आप सबसे आगे चलते हुए अपने व्यक्तित्व की उदारता की भी नोट करेंगे।कोई आपसे मदद मांगेगा।प्रियजनों के साथ छोटी-मोटी यात्रा कर सकते हैं।

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): आज बोलने में सावधानी रखें। आप जिसे अपना करीबी समझते हैं,वो आपकी गुप्त बात को उजागर कर सकता है। बोलने से पहले सोच लें,अपनी बातचीत का विषय अपने और सामने वाले तक ही सीमित रखें। किसी तीसरे के बारे में बात करने से बचें।किसी दूसरे शहर की यात्रा हो सकती है।

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): आज आप जिद्दीपन के प्रति अपना स्वाभाविक झुकाव महसूस करेंगे।लेकिन जब आपको यह अनुभव होगा की ऐसा करना आपके हित में नही है तो आप पछतावा भी महसूस करेंगे।अच्छे से स्थिति समझें आकस्मिक भावनाओं के बहाव में बहने के स्थान पर स्पष्ट सोच से काम लें।अगर आप थोड़ी सी समझदारी से काम लेंगे तो समाधान जल्दी निकलेगा।

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): रियल एस्टेट से जुड़े लोगों के लिए बहुत अच्छा दिन है। आपके निवेश पर अच्छा लाभ मिलेगा। किसी भी तरह के विवाद से बचें .आपका स्पष्टीकरण मुद्दों को जटिल ही करेगा।आप कुछ नया सीखना चाहते हैं,इससे आपको औरों के मुकाबले तरजीह मिलेगी,चाहे आप केवल साधारण रूप से गिटार ही सीखें।

**पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654,8309517693**



विनायक चतुर्थी के अवसर पर पूजा अर्चना करते हुए तेलंगाना बजरंग सेना के वरिष्ठ पदाधिकारी एनआर लक्ष्मण राव व उनके परिजन।

## अग्र महिला मंच का विनायक उत्सव आज



हैदराबाद, 1 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अग्र महिला मंच की कार्यकारिणी बैठक अध्यक्षा दीपा गर्ग के निवास स्थान, हिमायतनगर पर संपन्न हुई। अग्र महिला मंच तेलंगाना द्वारा गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में 2 सितंबर को महिलाओं द्वारा विनायक उत्सव मनाया जाएगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए मंच की अध्यक्षा दीपा गर्ग ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि अग्रसेन हाल, बाबूखान एस्टेट, बशीरबाग में ये कार्यक्रम मध्याह्न 2 से 5 रखा गया है। इसके अंतर्गत अर्ली बर्ड, गणेशजी के गीतों पर नृत्य, श्री गणेशजी के लिए गहने बनाने की प्रतियोगिताएं होंगी। मुख्य आकर्षण कार्यकारणी सदस्यों द्वारा लघु नाटक रहेगा। मंत्राणी अंजु गोयल ने निवेदन किया है कि समय पर आकर इस कार्यक्रम का आनन्द उठाएं व सफल बनाए। सरला अग्रवाल के धन्यवाद ज्ञापन से सभा का समापन हुआ।



गुजराती समाज द्वारा आयोजित गणेश पूजा में भाग लेते हुए महेश पटेल, उदय मेता, गोपाल पटेल व विद्यार्थी।

## जिला प्रशासक मुशर्रफ़ फारूकी ने भगवान गणेश की स्थापना की



भैंसा, 1 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता) तेलंगाना के निर्मल जिला प्रशासक मुशर्रफ़ फारूकी ने बुधवार को चतुर्थी के अवसर पर प्रशासक कार्यालय में विधि विधान सहित भगवान गणेश प्रतिमा स्थापित की। निर्मल के कलेक्टर ने भगवन की मूर्ति स्थापित कर मिशाल पेश की है इतनाही नहीं उन्होंने अपने माते पर टिका भी लगाया और बड़ी श्रद्धा पूर्वक भगवन गणेश का स्वागत किया उनके इस कार्य से सभी में भाई चारे की भावना जागेगी।

उनकी मने तो उत्सव किसी का भी हो आपस में मिल जल कर मनाना चाहिए। आप को बतादे यह पहली बार नहीं है जब निर्मल कलेक्टर ने इस तरह उत्सव में भाग लिया। आप को जानकर हैरानी होगी की तेलंगाना में आए दिन हैदराबाद , बोधन , निजामबाद , निर्मल , भैंसा , आदिलाबाद जैसे क्षेत्रों में धर्म को लेकर लोग आपस में भीड़ जाते है।

भैंसा के बब्रु माहराज कहते है मुसरफ फारूकी जैसे लोग इस देश को बचा सकते है भाई चारे की मिसाल पेश की है वे सन्मान होना चाहिए।

इस अवसर पर कलेक्टर हेमंत बोरकड़े, पी. रामबाबू रोडो तुकाराम, तहसीलदार सुभाष चंदर, तिरुमाला समर्थक, कलेक्ट्रेट कर्मचारी आदि शामिल थे।



चक्रीपुरम स्थित न्यू लचेटा सदन में छज्जाराम-खींवणीदेवी लचेटा(चेलावास) परिवार द्वारा आयोजित श्री आईमाताजी के जागरण कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा नेता सोहनसिंह, लक्ष्मणसिंह राजपुरोहित, सीरवी समाज पूर्व सचिव पूनाराम हाम्बड़, भरखादेवी आईस्क्रीम प्रबंधक प्रकाश जाट, भीकाराम, सुनिलकुमार, सोहनलाल, भोलाराम लचेटा, रमेशकुमार, दिनेशकुमार व अन्य।

## चिड़ियाघर में सफेद बाघ की मौत

दुर्ग, 1 अगस्त (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के मैत्री बाग चिड़ियाघर में 'किशन' नाम के नौ वर्षीय नर सफेद बाघ की मौत हो गई। वह कैंसर से पीड़ित था। मैत्री बाग के अधिकारियों ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि भिलाई इस्पात संयंत्र के मैत्री बाग में मंगलवार को नौ वर्षीय सफेद बाघ किशन की मौत हो गई। वह कैंसर से पीड़ित था। मैत्री बाग का रखरखाव भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) द्वारा किया जाता है। यह देश की सबसे बड़ी स्टील निर्माता स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की एक प्रमुख इकाई है।



पोट मार्केट स्थित शोरुम में पाली सांसद पी.पी.चौधरी का सम्मानकर स्थापित गणेश प्रतिमा की पूजा अर्चनाकर, दर्शन वंदन करते हुए शांतिदेवी-घेवरराम सैंणचा, मोहिनीदेवी, ढगलाराम मुलैवा, बाबुलाल राठौड़, सुरेश चौधरी, हेमाराम सैंणचा, सुरेश रावल, महेन्द्र हाम्बड़ व अन्य।



अत्तापुर स्थित करवा निवास पर आयोजित ऋषि पंचमी उत्सव में भाग लेते हुए कमला बाई करवा, किरण-रामप्रसाद चितलांग्या, प्रेमा-रामचंद्र चितलांग्या, स्वाति-सुरेश चितलांग्या, राखी-घनश्याम चितलांग्या, सारीका-प्रकाश चितलांग्या, भारती-राजेश करवा, अत्तापुर समाज सेवी एवं अन्य।



**पू. साध्वी विजपूर्णाश्रीजी म.सा. के पावन सानिध्य मे चैतन्यपुरी स्थित वासूपुज्य स्वामी मंदिर मे पर्युषण महापर्व अंतर्गत जिनालय द्वार उद्घाटन व प्रथम पूजा करते हुए लाभार्थी मातुश्री देवकाबेन विरचंद जागीरदार परिवार के कांतिलाल शाह, जया जागीरदार, कल्पना लोडाया, गीता शाह, मिनाक्षी नागडा, मनीष नागडा, सिद्धार्थ शाह, तोरल रिद्धीश, अपर्णा गौतम लोडाया व अन्य**



अग्रवाल समाज शालीबंडा शाखा द्वारा उमेश अग्रवाल के निवास पर भगवान गणेश जी की पूजा की गई, जिसमें उपस्थित शाखा के अध्यक्ष महावीर प्रसाद डोकानिया, उपाध्यक्ष आनंद संघी, कोषाध्यक्ष पंकज गोयंका, केंद्रीय समिति सदस्य उमेश अग्रवाल, निवर्तमान अध्यक्ष नवल किशोर गोयल, नारायण दास अग्रवाल, पवन कुमार डोकानिया, नितेश अग्रवाल, पधाधिकारी।

## एमएलए के बेटे का दावा

### बीजेपी नेता ने ठगा, एसआई भर्ती के लिए ले गया था 49 लाख रुपये

चंडीगढ़, 1 अगस्त (एजेंसियां)। हरियाणा पुलिस ने पूंडरी से निर्दलीय विधायक रणधीर गोलन के बेटे अमित सिंह के साथ कथित धोखाधड़ी करने पर एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शिकायत के मुताबिक, अमित के मामा के लड़के का सलेक्शन पुलिस सब-इंस्पेक्टर पद पर कराने के लिए 49 लाख रुपए ठगे गए हैं। अमित ने पंचकूला के सेक्टर 14 पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत में अमित ने कहा कि विनोद खरब नाम के एक युवक ने साल 2020 में वादा किया था कि वह उसके मामा के लड़के का सलेक्शन पुलिस सब इंस्पेक्टर के पद पर करवा देगा। शिकायत में खरब को भाजपा के किसान मोर्चा से जुड़ा हुआ बताया गया है। वहीं, पानीपत के भाजपा जिला अध्यक्ष अर्चना गुप्ता का कहना है कि खरब पहले किसान मोर्चा से जुड़ा हुआ था, लेकिन बाद में पार्टी ने निष्कासित कर दिया था। विधायक के बेटे अमित ने बताया, 'मैं साल 2013 में भाजपा युवा मोर्चा से जुड़ा हुआ था, आरोपी भी उसमें शामिल था। तब से उसका घर पर आना जाना था। पिताजी के विधायक बनने के बाद ज्यादा आने जाने लगा। मुझे एक दिन आकर कहता है कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग में उसका संपर्क हैं, और वहां सब-इंस्पेक्टर पद की भर्ती निकली हुई है। मैं सलेक्शन करवा दूंगा। मेरे मामा के लड़के ने आवेदन किया हुआ था, मुझे लगा कि वह सलेक्शन करवा देगा। वह पहले मुझसे 25 लाख रुपए ले गया। उसके बाद पेपर हुए और फिर कहता है कि पेपर में पास हो गया और फिर 24 लाख रुपए ले गया। लेकिन जब रिजल्ट आया तो उस लिस्ट में मेरे मामा के लड़के का नाम नहीं था।' अमित ने साथ ही बताया, 'मैं मेरे पैसे वापस लेने के लिए पिछले एक साल से लगा हुआ हूं। लेकिन वह लगातार बहाने बना रहा था। मैं एक बार उसके गांव पहुंचा तो उसके गांववालों ने बताया कि वह ठग किस्म का आदमी है, उसने कई और लोगों से भी 10-15 करोड़ रुपए ठग रखे हैं। जब उसके घर पहुंचे तो उसने जान से मारने की धमकियां दीं। लेकिन जब शिकायत दर्ज हुई तो वह सेशन और हाईकोर्ट पहुंचा, लेकिन दोनों ही कोर्ट में उसे अग्रिम जमानत देने से मना कर दिया।'

स्वतंत्र वार्ता

शुक्रवार, 2 सितंबर, 2022

# गुलाम नबी के आंसू से इस्तीफे तक मिशन कश्मीर

कांग्रेस के बागी नेता गुलाम नबी आजाद ने अपने इस्तीफे के बाद कांग्रेस पर जो तोहमत जडा है उनमें से प्रमुख है कि 'भारत जोड़ो यात्रा से पहले देशभर में कांग्रेस जोड़ो यात्रा निकाली जानी चाहिए।' 'कांग्रेस अब अपनी लड़ने की इच्छाशक्ति और क्षमता खो चुकी है और पार्टी में किसी भी स्तर पर चुनाव नहीं हो रहे हैं।' 'कांग्रेस पार्टी में बड़े पैमाने पर हो रहे इस धोखे के लिए पूरी तरह से पार्टी का शीर्ष नेतृत्व जिम्मेदार है।'




लगभग पचास साल तक कांग्रेस की भरपूर सेवा का अवसर उठाने के बाद अब गुलाम नबी आजाद ने कहा है कि कांग्रेस से तंग आकर लोग दूसरी पार्टियों में जा रहे हैं, उन्हें रोकने के लिए नई पार्टी बना रहा हूं। 29 अगस्त को गुलाम नबी आजाद ने कहा, 'मैं तो मोदी जी को क्रूर आदमी समझता था। मुझे लगता था कि उन्होंने शादी नहीं की है और उनके बच्चे नहीं हैं तो उन्हें कोई परवाह नहीं है, लेकिन कम-से-कम उनमें इंसानियत तो है।' गुलाम नबी के बाद जम्मू कश्मीर में कांग्रेस के 64 बड़े नेताओं ने इस्तीफा दे दिया है। इनमें पूर्व डिप्टी सीएम तारा चंद, पूर्व मंत्री माजिद वानी, घारू चौधरी आदि शामिल हैं। शुरुआत के तीनों तल्ख वाक्य पचास साल बाद कांग्रेस को अलविदा कहने वाले गुलाम नबी आजाद की उस चिट्ठी का हिस्सा हैं, जो उन्होंने 26 अगस्त को कांग्रेस अध्यक्ष के नाम लिखी है। बाद के दो बयान और एक घटना गुलाम नबी आजाद के असली मिशन को बता रहे हैं। ऐसे में आज समझते हैं कि आजाद का मिशन कश्मीर क्या है?

सबसे पहले गुलाम नबी आजाद के कांग्रेस से अलग होने की सभी घटनाओं के बारे में जानते हैं। सितंबर 2013: राहुल ने की मनमोहन सरकार के अध्यादेश को फाड़ने की बात, आजाद विरोध में उतरे।

जुलाई 2013 में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया- भ्रष्टाचार के दोषी सांसदों और विधायकों की सदस्यता समाप्त कर दी जाए। 2011 के अन्ना आंदोलन के बाद देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ माहौल था, लेकिन सरकार के सामने राजनीतिक मजबूरियां थीं। सो 2 महीने बाद मनमोहन सरकार इस फैसले के खिलाफ अध्यादेश ले आई। भाजपा, लेफ्ट समेत सभी दल इस अध्यादेश का विरोध करने लगे। 27 सितंबर 2013 को कांग्रेस उपाध्यक्ष राहुल ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में अध्यादेश को फाड़कर फेंकने की बात कह दी थी। यह पहला मौका था, जब गांधी परिवार के वफादार आजाद ने पार्टी की बैठकों में राहुल का विरोध किया था।

बात मार्च 2020 की है। कांग्रेस के 23 सीनियर नेताओं ने अध्यक्ष सोनिया गांधी को बागी तेवर में एक चिट्ठी लिखी। इस चिट्ठी में दो बड़ी शिकायतें थीं। पहली- पार्टी का पूरा संगठन सुस्त पड़ चुका है। इसमें ऊपर से नीचे तक पूरी तरह बदलाव किया जाना चाहिए। दूसरी- सीडब्ल्यूसी की बैठक तुरंत

## आजाद के मिशन कश्मीर की क्रोनोलाजी

बुलाई जाए और चुनाव के जरिए कांग्रेस अध्यक्ष बनाया जाए। चिट्ठी लिखने वाले इन नेताओं को ही ग्रुप 23 कहा जाने लगा। माना जाता है कि इस चिट्ठी के बाद से ग्रुप के सभी नेता कांग्रेस आलाकमान के निशाने पर आ गए। नवजोत सिद्धू से टकराव के बाद कैप्टन अमरिंदर सिंह का इस्तीफा हो, या जितिन प्रसाद का भाजपा में शामिल होना। बगावत भरी चिट्ठी को ही इसकी वजह माना जाता है। इसके पहले 15 फरवरी 2021 के दिन गुलाम नबी आजाद के राज्यसभा का कार्यकाल खत्म हुआ। विदाई कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी ने भावुक भाषण दिया, उनके आंसू छलक पड़े। उन्होंने कश्मीर में हुए एक धमाके को याद करते हुए सीएम रहते हुए गुलाम नबी आजाद की शानदार भूमिका को लेकर उनकी जमकर तारीफ की।

सितंबर 2021 में महाराष्ट्र की 7 राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव होने थे, जिसमें कांग्रेस के हिस्से में 2 सीटें आनी थीं। गुलाम नबी को कैंडिडेट बनाए जाने की उम्मीद थी, लेकिन कांग्रेस ने उनकी जगह जम्मू-कश्मीर की प्रभारी रजनी पाटिल को टिकट दे दिया। 52 साल कांग्रेस के सिपाही रहे गुलाम नबी को 21 मार्च 2022 को मोदी सरकार ने समाज सेवा का पद्म भूषण दिया। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने इस पर तंज कसा था। रमेश ने बंगाल के पूर्व सीएम बुद्धदेव भट्टाचार्य के पद्म भूषण पुरस्कार को अस्वीकार करने के फैसले को याद करते हुए कहा था, 'उनका यह फैसला सही था, वह गुलाम नहीं आजाद होना चाहते थे।' ये वो 5 घटनाएं हैं, जो गुलाम नबी और कांग्रेस के बीच की तल्खी और उनके मिशन कश्मीर की ओर जाने की क्रोनोलॉजी बताते हैं।

अब जानते हैं कि गुलाम नबी आजाद का अगला कदम और मिशन कश्मीर क्या है? इस बात की मजबूत संभावना है कि जम्मू-कश्मीर में गुलाम नबी आजाद नई पार्टी बनाएंगे। ऐसा उन्होंने अपने कुछ इंटरव्यू में कहा भी है। लगता है कि इन सबके पीछे भाजपा है। भाजपा को लग रहा है कि जम्मू कश्मीर में सरकार बनाने के लिए घाटी में उसे एक साथी की जरूरत है।

ऐसा साथी जो दिखने में भाजपा से अलग हो, लेकिन अंदर से उसके साथ हो। भाजपा के इस सपने को गुलाम नबी आजाद ही पूरा कर सकते हैं।' पिछले साल भर में गुलाम नबी आजाद जम्मू कश्मीर में करीब 100 से ज्यादा रैलियां कर चुके हैं। ऐसे में साफ है कि वह यहां की राजनीति में एंट्री करने वाले हैं। आजाद की पार्टी कश्मीर में 10 या इससे ज्यादा सीटें जीतने में कामयाब होती है तो इससे बीजेपी की मदद से सरकार भी बन सकती है। प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले आजाद की पार्टी शायद बीजेपी से किसी तरह का गठबंधन नहीं करे, लेकिन चुनाव के बाद ऐसा हो सकता है। यहां लोग नए विकल्प की तालाश में हैं। ऐसे में पुराने नेता होने और कश्मीरियत की बात करने की वजह से आजाद की पार्टी को लाभ मिल सकता है। अब इन 3 घटनाओं के बारे में पढ़िए जिससे बीजेपी और गुलाम नबी आजाद की नजदीकी के संकेत मिलते हैं। 5 अगस्त 2019 को केंद्र सरकार ने संविधान से अनुच्छेद 370 और आर्टिकल 35A को खत्म कर दिया। इसके बाद महबूबा मुफ्ती, फारूक अब्दुल्ला, उमर अब्दुल्ला समेत सभी बड़े नेताओं को हिरासत में लेकर नजरबंद किया गया था, लेकिन गुलाम नबी इस वक्त भी आजाद थे। फरवरी 2021 के बाद से गुलाम नबी आजाद लोकसभा और राज्यसभा किसी भी सदन के सदस्य नहीं हैं।

उनके पास कोई दूसरा अहम पद भी नहीं है। इसके बावजूद लुटियंस में उनका बंगला खाली नहीं कराया गया। अगस्त 2022 में ही उनके बंगले का एक्सटेंशन दे दिया गया। 29 अगस्त को गुलाम नबी आजाद ने एक सवाल के जवाब में कहा, 'मैं तो मोदी जी को क्रूर आदमी समझता था। मुझे लगता था कि उन्होंने शादी नहीं की है और उनके बच्चे नहीं हैं तो उन्हें कोई परवाह नहीं है, लेकिन कम से-कम उनमें इंसानियत तो है।'

# कैसे बचाएं बेटियों को?

कैसी बिडंबना है कि एक ओर तो सरकारें महिला सुरक्षा को लेकर दावे खूब बढ़-चढ़ कर करती हैं, तो दूसरी ओर हकीकत यह है कि दिनोंदिन उनके खिलाफ उत्पीड़न और हिंसा की घटनाएं और तेजी से बढ़ती जा रही हैं। आदिवासी राज्य झारखंड के दुमका की लोमहर्षक घटना ने एक बार फिर महिला सुरक्षा को लेकर सरकारों के दावों की पोल खोल कर रख दी है। सबसे खौफनाक तो यह है कि अपराधियों में अब कानून का कोई डर नहीं दिखाई देता। इन दिनों कई ऐसी घटनाएं घटी हैं जिनके अपराधी जघन्यतम अपराध के बाद पकड़े जाने पर मुस्कराते हुए फोटो खिंचाते हैं फिर सलाखों के पीछे जाते हैं। ऐसी घटनाएं सवालों के साथ ही चिंता भी पैदा कर रही हैं कि आखिर अपराधियों में ऐसी निडरता दिखाने का मतलब क्या है? दुमका में लडकी को जलाने की घटना में एकतरफा प्यार बताया जा रहा है। पुलिस ने जो जानकारी दी है उसके मुताबिक आरोपी एकतरफा प्यार के चलते लंबे समय से युवती को परेशान कर रहा था। जब युवती ने उसकी तरफ कोई ध्यान ही नहीं दिया तो उसकी प्रतिक्रिया में आरोपी ने रात को युवती के कमरे में खिड़की से पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी। नब्बे फीसद जलने के बाद आखिरकार इलाज के दौरान लडकी ने दम तोड़ दिया। लडकी की मौत के बाद झारखंड सरकार, प्रशासन और महिला आयोग इस घटना को लेकर जागे हैं। पीड़ित परिवार को राज्य सरकार ने दस लाख का मुआवजा भी दे दिया है। दो आरोपी आनन-फानन में पकडे भी गए हैं। अब इनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया जा रहा है। लेकिन सवाल है कि इतनी सक्रियता के बाद भी क्या गारंटी है कि अब वहां ऐसी कोई दूसरी घटना नहीं घटेगी। बता दें कि यह पहली बार नहीं हो रहा है जब एकतरफा प्यार या प्यार में मिली विफलता की वजह से किसी लडकी की इतना जघन्य तरीके से हत्या की गई हो। देश के लगभग हर हिस्से में ऐसी घटनाएं होना अब आम बात हो गई है। बिहार और झारखंड में लड़कियों पर तेजाब फेंकने की घटनाएं किसी से छिपी नहीं हैं। हर बार ऐसी घटनाएं अब नहीं होने का दंभ सरकारें व उनके नुमाइंदे भरते रहते हैं लेकिन अब तक देखने में यही आया है कि कुछ दिन बीतने के साथ ही पुलिस सबक लेने की बजाय सुस्त होने लगती है। पुलिस फिर तभी जागती है जब पिछली घटना से भी अधिक कोई जघन्य घटना घटित नहीं हो जाती है। दिल्ली के बहुचर्चित निर्भया कांड के बाद महिला सुरक्षा संबंधी कानूनों को काफी सख्त बना दिया गया था। कई राज्य सरकारों ने प्यार में लड़कियों को फांस कर धोखा देने वालों के खिलाफ भी कड़े कानून बना रखे हैं। फिर भी वासना के वशीभूत अपराधियों में कानून का भय पैदा नहीं हो पा रहा है। अब इसमें दोष कहां है,इस पर चिंतन किया जाना जरूरी है। बीते कुछ सालों में बलात्कार के बाद हत्याओं की दर काफी हद तक बढ़ी है। हैरानी की बात है कि दुमका का सिरफिरा आशिक अगर लड़की को लंबे समय से परेशान कर रहा था, तो लड़की ने उसके बारे में अपने परिवार वालों या नजदीकी लोगों को बताना और उससे छुटकारा पाने का प्रयास क्यों नहीं किया। इतने सालों से ऐसी घटनाएं होती रहने के बावजूद हम अपनी लड़कियों को इतनी साहसी क्यों नहीं बना पा रहे हैं कि वे अपने साथ हो रहे किसी गलत व्यवहार के बारे में अपने वालों को भी बताने से संकोच करती हैं। स्कूलों व कई सामाजिक संस्थओं में लड़कियों को जागरूक बनाने के लिए विविध कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। आत्मरक्षा का प्रशिक्षण आदि भी दिए जा रहे हैं, इसके बावजूद अगर लड़कियां अपने खिलाफ हो रहे किसी अन्यायपूर्ण व्यवहार पर चुप्पी साधे रहती हैं, तो यह समाज और व्यवस्था दोनों का ही दोष है। मगर इसमें व्यवस्था की कमी अधिक इसलिए है कि तमाम सख्त कानूनों और महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों के त्वरित निपटारे की व्यवस्था के बावजूद ऐसे मामलों में जांच आदि को इस कदर उलझा दिया जाता है कि बहुत सारे मामलों में समय रहते उचित न्याय मिल ही नहीं पाता। ऐसे मामलों में दोष सिद्धि की दर भी काफी कम है। जाहिर है, अपराधी तत्व कानून की ऐसी कमजोर कडियों का लाभ उठा कर कानून से खिलवाड करते हुए डरते नहीं हैं।

## सार्थक मौलिक अधिकार का इंतजार करती माताएं



संजीव ठाकुर

देश की विशाल जनसंख्या में 50% की भागीदारी रखने वाली राष्ट्र की संवेदनशील माताएं ,बहने अपने मूल तथा सार्थक अधिकार की तलाश में अभी भी संविधान और सरकार की तरफ आस लगाए इंतजार में बैठी हुई है। स्त्रियों का एक बड़ा तबका अभी भी अपनी स्वतंत्रता एवं मौलिक अधिकार से वंचित है। महिलाओं का विकास जितना विशाल आभासी रूप से दिखाया जा रहा है, वास्तविकता एवं धरातल पर स्थिति वैसी नहीं है। महिलाओं के भौतिक रूप से विकास के लिए एक जन अभियान और पृथक समेकित योजना की आवश्यकता देश में होगी तब जाकर महिलाओं के सशक्तिकरण की बात अपनी मूल भावना को प्राप्त कर पाएगा। भारतीय गणतंत्र में 15वीं राष्ट्रपति के रूप में महामहिम द्रौपदी मुर्मू जी के निर्वाचित होने के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण और आदिवासी महिलाओं के लिए विकास के नए द्वार खुलने की संभावनाएं बलवती हो गई हैं। माननीय राष्ट्रपति को महिलाओं के संघर्ष, जिजीविषा और नैतिक मूल्यों की पोषक होने का पर्याय माना जा रहा है। उनके राष्ट्रपति चयनित होने के साथ-साथ आदिवासी वर्ग में और खासकर समग्र रूप से महिलाओं में नई ऊर्जा,शक्ति तथा उत्साह का संचार हुआ है। अब भारत देश के क्रमिक विकास में महिलाओं की भागीदारी में निश्चित तौर पर इजाफा होना चाहिए, आदिवासी महिला के सर्वोच्च राष्ट्रपति जैसे गरिमामई पद में चयन होना भारतीय लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत है। वर्तमान में भारत की विशाल जनसंख्या में 45% से 50% भागीदारी महिलाओं की है । महिलाओं को अभी उनके हक का अधिकार एवं भागीदारी सुनिश्चित नहीं हो पा रही है, ऐसे में रक्षा प्रतिरक्षा क्षेत्र में महिलाओं की भर्ती एक अच्छे संकेत के रूप में सामने आ रही है। आज के समय में महिलाएं सभी क्षेत्रों में साहस, शौर्य और ऊर्जा का बेहतरीन प्रदर्शन करते आ रही हैं, महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर काम में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए तैयार है। अब इसमें सशस्त्र बलों यानी डिफेंस सर्विस भी अछूता नहीं रहा सबसे बड़ी बात स्वतंत्र भारत की दूसरी रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण बनी थी इसके पूर्व श्रीमती इंदिरा गांधी प्रथम रक्षा मंत्री रही थी1 अब कोई भी क्षेत्र ऐसा अछूता नहीं रहा जहां महिलाओं ने अपनी सशक्त दस्तक ई पहचान ना कराई हो, यह तो पूर्व से ही कहा गया है यदि आप एक पुरुष को शिक्षित करते हैं तो सिर्फ एक पुरुष शिक्षक होता है किंतु यदि आप किसी महिला को सर्वांगीण शिक्षा देते हैं तो आने वाली संपूर्ण पीढ़ी को शिक्षित कर रहे हैं । नारी शक्ति को अब ज्यादा दिनों तक देश की प्रगति विकास के योगदान से परे नहीं रखा जा सकता है परिवार की धुरी महिलाएं होती है परिवार से घर बनता है धर से समाज और समाज और संपूर्ण समाज से एक सशक्त राष्ट्र की बुनियाद रखी जाती है। इस तरह देश की बुनियाद ही स्त्री सशक्तिकरण है।

# स्मृति शेष: मिखाइल गोर्बाचेव

## कभी न भूलने वाली 01 दिसंबर, 1991 की वो शाम

रशियन टेलीविजन पर 01 दिसंबर, 1991 को शाम के बुलेटिन की शुरुआत नाटकीय घोषणा के साथ हुई थी- 'गुड इवनिंग। इस वक्त की खबर है- अब सोवियत संघ का अस्तित्व नहीं रहा...।' दरअसल इससे कुछ दिन पहले ही रूस, बेलारूस और यूक्रेन के नेताओं ने सोवियत संघ से अलग होने को लेकर मुलाकात की थी। इस मुलाकात में स्वतंत्र राज्यों के एक राष्ट्रमंडल के गठन का मुद्दा भी था। इस मुलाकात में आठ अन्य सोवियत राज्यों ने भी इस राष्ट्रमंडल का हिस्सा बनने का फैसला किया था। इन सबने तत्कालीन राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाचेव को दरकिनार करने का फैसला किया था। और इस घटनाक्रम के बाद 25 दिसंबर, 1991 को गोर्बाचेव ने सोवियत संघ के राष्ट्रपति पद से इस्तीफा की घोषणा की थी। तब क्रेमलिन में सोवियत झंडे को आखिरी बार झुकाया गया। सोवियत साम्राज्य के पतन का श्रेय रोनाल्ड रीगन ने अमेरिका को दिया था। बड़ी बात यह है कि लाखों रूसियों का मानना था कि मिखाइल गोर्बाचेव के पेरेस्त्रोइका और ग्लासनोस्त (समकालीन सुधारवादी नीति) अंततः सोवियत संघ के विघटन का कारण बने। यह बड़ा तथ्य है कि कई रूसियों की तरह व्लादिमीर पुतिन ने ऐतिहासिक रूस के विघटन पर अपमानित महसूस किया और गोर्बाचेव को कभी माफ नहीं कर पाए। तथ्य



यह भी है कि गोर्बाचेव के बिना बर्लिन की दीवार नहीं गिरती और जर्मनी का एकीकरण नहीं होता। शायद इसीलिए जर्मनी में गोर्बाचेव को नायक के रूप में देखा जाता है । शीतयुद्ध के दौर की गवाह इस दीवार को 9 नवंबर 1991 को ढहाया जाना समकालीन इतिहास की बड़ी घटना माना जाता है। रूस और यूक्रेन के बीच छिड़े युद्ध में गोर्बाचेव के एक संस्मरण का संदर्भ जरूरी है। अपने संस्मरण में गोर्बाचेव ने नाटो के पूर्व की ओर विस्तार नहीं होने के बारे में कुछ आश्वासनों की बात की थी, लेकिन आश्चर्यजनक रूप से उन्होंने बाद में अपना दावा वापस ले लिया। पुतिन ने दिसंबर 2021 में चुटकी लेने के लिए गोर्बाचेव को उद्धृत करते हुए कहा- 'आपने 1990 में हमसे वादा किया था कि नाटो पूर्व की ओर एक इंच भी आगे नहीं बढ़ेगा। आपने बेशर्मी से हमें धोखा दिया।' दरअसल पुतिन यूक्रेन को लेकर विशेष रूप से संवेदनशील रहे हैं। वह मानते रहे हैं कि अगर यूक्रेन नाटो में शामिल होता है, तो यह रूस की सुरक्षा के लिए सीधे खतरा होगा। उन्हें लगा कि रूस के खिलाफ नाटो के हमले के लिए यूक्रेन फौजों का अड्डा बन सकता है। पुतिन की अपने देश के लिए सुरक्षा संबंधी चिंताएं जायज हैं। सोवियत संघ के पतन पर उनके अपमान की भावना और रूस के पुराने वैश्विक प्रभाव को बहाल करने के उनके सपनों को आसानी से समझा जा सकता है। लेकिन यूक्रेन पर क्रूर आक्रमण के उनके फैसले को सही नहीं ठहराया जा सकता। आज जब गोर्बाचेव हमारे बीच नहीं हैं। दुनिया उन्हें श्रद्धांजलि दे रही है तब वह भारत से दोस्ती के लिए भी याद आ रहे हैं।भारत और रूस की दोस्ती में सोवियत संघ के आखिरी शासक मिखाइल गोर्बाचेव के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। सोवियत नेता मिखाइल गोर्बाचेव और राजीव गांधी ने 27 नवंबर, 1986 को जब दिल्ली घोषणापत्र जारी किया तो अमेरिका और यूरोप सन्न रह गए थे।

राजीव का हाथ थामे मिखाइल गोर्बाचेव ने कहा था- अगर भारत की अखंडता और एकता पर कोई भी खतरा पैदा हुआ तो सोवियत संघ चुप नहीं बैठेगा। अगली पंक्ति थीं- हम अपनी विदेश नीति में एक कदम भी ऐसा नहीं बढ़ाएंगे जिससे भारत के वास्तविक हितों पर चोट पहुंचती हो। इससे पहले 1971 में पाकिस्तान के साथ युद्ध से ठीक पहले इंदिरा गांधी और ब्रेझनेव ने फ्रेंडशिप ट्रीटी पर दस्तखत किए थे। अमेरिका इससे बुरी तरह हिल गया था। यह ट्रीटी भारत-रूस के रिश्तों में मील का पत्थर साबित हुई थी। भारत-पाकिस्तान युद्ध में इसका साफ-साफ असर दुनिया देख चुकी है। आखिर में यह भी, गोर्बाचेव के सोवियत संघ ने भारतीय फिल्मों खासतौर पर राजकपूर के सिनेमा को बेपनाह मोहब्बत दी। जब 'आवारा' सोवियत संघ में रिलीज हुई तो वो वहां की एक तरह से राष्ट्रीय फिल्म बन गई। इसका गाना 'आवारा हूं...' हर सोवियत नागरिक की ज़ुबान पर रहा। राजकपूर के प्रति पूरे सोवियत संघ में दीवानगी तब और बढ़ गई जब उनकी अगली फिल्म 'श्री 420' रिलीज हुई। वर्ष 1954 में भारतीय प्रतिनिधिमंडल सोवियत संघ गया तो हर जगह 'आवारा हूं..' गीत गाने की फरमाइश की गई। पंडित जवाहर लाल नेहरू की पहली सोवियत संघ यात्रा पर भी कुछ ऐसा ही नजारा रहा। गोर्बाचेव को रूस के बड़े साहित्यकार दोस्तोव्स्की बहुत पसंद थे। वो जासूसी उपन्यास पढ़ना भी पसंद करते थे। मिखाइल गोर्बाचेव को 1990 में नोबल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

# देश को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी उम्मीद




डॉ. वेदप्रताप वैदिक

सुप्रीम कोर्ट ने न्यायमूर्ति यू. यू. ललित के प्रधान न्यायाधीश बनते ही दनादन फैसले शुरू कर दिए हैं। यह अपने आप में एक मिसाल है। ऐसा लगता है कि अपने ढाई माह के छोटे से कार्यकाल में वे हमारे सारे न्यायालयों को शायद नए ढांचे में ढाल जाएंगे। इस समय देश की अदालतों में चार करोड़ से ज्यादा मुकदमे लटके हैं। कई मुकदमे लगभग 30-40 साल से विचाराधीन हैं। मुकदमों में फंसे लोगों की परेशानी की कहानी अलग है। न्यायमूर्ति ललित की अदालत ने गुजरात के दंगों की 11 याचिकाओं, बाबरी मस्जिद से संबंधित मुकदमों और बेंगलुरु के ईदगाह मैदान के मामले में जो फैसले दिए हैं, उनसे आप सहमति व्यक्त करें, यह जरूरी नहीं है लेकिन उन्हें दशकों तक लटकाए रखना तो बिल्कुल निरर्थक ही था। जॉन स्टुअर्ट मिल ने अपने प्रसिद्ध ग्रंथ 'लिबर्टी' में पते का वाक्य लिखा है। उन्होंने कहा है- ''देर से दिया गया न्याय तो अन्याय ही है।'' जस्टिस ललित से हम आशा करते हैं कि वे अपने छोटे-से कार्यकाल में कुछ ऐसा कर जाएं, जो पिछले 75 साल में कोई नहीं कर सका और उनके किए हुए को लोग सदियों तक याद रखें। एक तो कानून की पढ़ाई सारे देश में मातृभाषा के जरिए हो, अदालत की सारी बहसें और फैसले अपनी भाषाओं में हों ताकि न्याय के नाम पर भाषायी दिक्कत खत्म हो। वादी और प्रतिवादी को भी पता चले कि उनके वकीलों ने क्या बहस की है और न्यायाधीशों ने अपने फैसलों में कहा क्या है। सीजेआई ललित की अदालत में अभी तीन महत्वपूर्ण मुकदमे भी आनेवाले हैं। इन तीनों मामलों में उनके फैसले युगांतरकारी हो सकते हैं। पहला मामला है- गरीबों और मुसलमानों को आरक्षण देने के विरुद्ध।

मैं मानता हूं कि गरीबी, जाति और धर्म के आधार पर सरकारी नौकरियों में आरक्षण देना बिल्कुल गलत है, अनैतिक है और देश को तोड़नेवाला है। आरक्षण सिर्फ शिक्षा में दिया जा सकता है। वह भी सिर्फ गरीबी के आधार पर। नौकरियां शुद्ध गुणवत्ता के आधार पर दी जानी चाहिए। जहां तक दूसरे मामले- मुस्लिम बहुविवाह और निकाह हलाला का सवाल है तो तीन तलाक की तरह इस पर भी कानूनी प्रतिबंध होना चाहिए। भारत के मुसलमानों को पीछे देखू नहीं, आगे देखू बनना होगा। तीसरा मामला है- राज्यों में अल्पसंख्यकों की पहचान का। यदि भारतीय संविधान के अनुसार यदि सभी भारतीय नागरिक एक समान हैं, तो किसी राज्य में उनकी संख्या के आधार पर बहुसंख्यक और अल्पसंख्यक का तमगा उनके चेहरे पर चिपका देना उचित नहीं है। यह ठीक है कि ऐसा कर देने से थोक वोट की राजनीति का धंधा बड़े मजे से चल सकता है लेकिन न तो यह भारत की एकता के हिसाब से ठीक है और न ही स्वतंत्र लोकतंत्र के लिए लाभदायक है।

# दबावों के बावजूद सही सुराग मिल ही जाता है



रजनीश कपूर

किसी भी क्राइम आधारित धारावाहिक या फ़िल्म में आपने अक्सर ये सुना होगा कि मुजरिम कितना भी शातिर क्यों न हो वो कोई न कोई सुराग ज़रूर छोड़ जाता है। बड़े-बड़े अपराधों की गुत्थी अक्सर छोटे से सुराग से ही सुलझ जाती है। अक्सर वो सुराग अपराध की जाँच कर रहे पुलिसकर्मियों के सामने ही होते हैं परंतु वे दिखाई नहीं देते। अनुभवी और समझदार पुलिस अधिकारी कड़ी से कड़ी जोड़कर देर से ही सही लेकिन अपराधी तक पहुँच ही जाते हैं। शायद इसीलिए कहा गया है कि क़ानून के हाथ बहुत लम्बे होते हैं। पुलिस फ़ाइलों में पुराने अपराधों और उनको सुलझाने के तरीक़े वर्तमान में होने वाले वैसे ही अपराधों को सुलझाने में काफ़ी कारगर साबित होते हैं। परंतु हमेशा ऐसा नहीं होता। कभी-कभी अपराधी पुलिस को चकमा देने की फ़िराक़ में पुराने अपराधों के तरीक़े का चोला पहन कर अपराधों को अंजाम देता है। ऐसे अपराधों को सुलझाने के लिए पुलिस कुछ समय के लिए अपराधी के जाल में फँसती ज़रूर है परंतु जैसे ही कोई ऐसा सुराग सामने आता है जो जाँच को सही दिशा में ले जाता है, अपराधी का खेल ख़त्म हो जाता है। कुछ ऐसा ही दिखा हाल ही में रिलीज़ हुई वेब सीरिज़ 'दिल्ली क्राइम' के दूसरे सीज़न में। अपने पहले सीज़न में सुर्ख़ियाँ बटोरने के बाद 'दिल्ली क्राइम' ने नेटफलिक्स पर पिछले शुक्रवार को 'दिल्ली क्राइम 2' रिलीज़ किया। पिछले सीज़न में बहुचर्चित निर्भया कांड की गुत्थी को दिल्ली पुलिस ने किन परिस्थितियों में सुलझाया, इसे नाटकीय ढंग से दिखाया गया था। यह सीज़न काफ़ी हिट रहा। पिछले सीज़न की ही टीम को लेकर फ़िल्माए गए सीज़न 2 के पाँच एपिसोड आपको पूरा धारावाहिक देखने को मजबूर करेंगे। एक अनुशासित डीसीपी का किरदार निभा रही अभिनेत्री शेफाली शाह ने अपने किरदार को बखूबी निभाया है। 'दिल्ली क्राइम 1' की ही तरह 'दिल्ली क्राइम 2' में भी शेफाली शाह और राजेश तैलंग की जोड़ी काफ़ी हिट रही। वहीं रसिका दुग्गल, सौरभ भारद्वाज व अन्य कलाकारों का अभिनय भी काफ़ी सराहनीय है। 'दिल्ली क्राइम 2', 90 के दशक में चर्चित 'कच्छा बनियान गैंग' की आड़ में एक नए गैंग द्वारा किए गए हत्या कांडों पर आधारित है। यह गैंग दिल्ली के पॉश इलाक़ों में बुजुर्गों को अपनी लूट का शिकार बना कर उनकी निर्मम हत्या कर देता है। दिल्ली पुलिस को गुमराह करने के लिए यह गिरोह 'कच्छा बनियान' पहन कर इन वारदातों को अंजाम देता है। एक के बाद एक होने वाले लूट और हत्या कांड से दिल्ली की पुलिस भी भौचक्की रह जाती है। दिल्ली वासियों में भी एक ख़ौफ़ की लहर उठ जाती है। मजबूरी में दिल्ली पुलिस के अधिकारी इसे 'कच्छा बनियान गिरोह' का ही काम मानकर गिरोह की जाती से संबंधित हिस्ट्रीशीटर्स को उठा लेती है। कई दिनों तक पूछताछ का सिलसिला जारी रहता है। कहानी में मोड़ तब आता है जब शक की बिनाह पर उठाए गए इन्हीं लोगों में से एक लड़की डीसीपी के दफ़्तर में जबरन घुसकर अपना पक्ष रखने की कोशिश करती है। सुर्ख़ियों में आने के बाद ऐसे बड़े अपराधों में, राजनैतिक दबाव के चलते, कभी-कभी पुलिस के आला अधिकारी भी ऐसी गलती कर बैठते हैं जो केस कि जाँच को ग़लत दिशा में ले जाता है। 'दिल्ली क्राइम 2' में भी ऐसा ही कुछ देखने को मिला जब पुलिस अधिकारी अपराधियों द्वारा बिछाए गए जाल में फँस गए और जाँच को सही दिशा में ले जाने में देरी हुई। संगीन अपराधों में पुलिस के निचले अधिकारियों द्वारा मीडिया में गुप्त सूचनाओं का लीक होना, जाँच कर रही टीम के लिए किस कदर भारी पड़ता है इसे भी बखूबी दर्शाया गया है। पुलिस पर राजनैतिक दबाव के चलते जल्दबाज़ी में लिए गए निर्णय केस की जाँच के लिए घातक साबित होते हैं। परंतु सही सूझ-बूझ, तकनीकी सहयोग और अनुभव के चलते जुर्म की कड़ियों को जोड़ते हुए एक छोटे से सुराग से कैसे इस संगीन हत्या कांड को सुलझाया गया, यह देखने योग्य है। दरअसल ऐसे बड़े अपराधों में पुलिस पर हर ओर से दबाव होता है। पुलिस के बड़े अधिकारी हों या छोटे अधिकारी, सभी चाहते हैं कि सुर्ख़ियों में आने के बाद केस जल्द से जल्द सुलझाया जाए और अपराधी सलाख़ों के पीछे हो। परंतु पुलिस को अंजाम तक पहुँचने में जिन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, इसका अनुमान लगाना आसान नहीं। फिर वो दबाव, राजनैतिक हो, आला अधिकारियों का हो, मीडिया का हो या फिर पारिवारिक समस्याओं का हो।

# कुबेरदेव के यहां भोजन करने पहुंचे थे गणपति

## कभी भी अपनी धन-दौलत का घमंड न करें, गणेश जी ने तोड़ा था कुबेरदेव का घमंड





कुबेरदेव देवताओं के कोषाध्यक्ष थे तो उनके पास बहुत धन-संपत्ति थी। एक बार कुबेर को अपनी धन-दौलत पर घमंड हो गया। घमंड में ही वह शिव जी को खाने पर आमंत्रित करने पहुंच गए।

कुबेरदेव ने शिव जी पूरे परिवार के साथ भोजन के लिए अपने महल आने का न्योता दिया। शिव जी समझ गए कि कुबेरदेव को घमंड हो गया है। उन्होंने कहा, हमसे अच्छा है कि आप जरूरतमंद लोगों को भोजन कराएं।

कुबेरदेव ने जवाब दिया, मैं तो सभी को खाना खिलाते रहता हूं, आज मेरी इच्छा है कि मैं आपके परिवार को भी खाना खिलाऊं। इसलिए आप मेरे महल में आइए और राजसी भोजन करिए।

शिव जी ने सोचा, कुबेरदेव का घमंड दूर करना होगा। उन्होंने कहा, मैं तो नहीं, लेकिन आप गणेश को ले जाइए। ध्यान रखिएगा कि गणेश बहुत जल्दी तृप्त नहीं होता है।

कुबेरदेर को अहंकार था ही तो उन्होंने कहा, 'मैं तो सभी को भोजन करा सकता हूं तो गणेश जी को भी तृप्त कर सकता हूं।

आमंत्रण मिलते ही गणेश जी कुबेरदेव के महल में पहुंच गए। कुबेरदेव ने गणेश जी के लिए बहुत सारा खाना बनवाया और गणेश जी को खाना परोसना शुरू किया।

बहुत देर तक खाना खाने के बाद भी गणेश जी तृप्त नहीं हुए। कुबेरदेव के यहां का अन्न का भंडार ही खाली हो गया, लेकिन गणेश जी को और भूख लग रही थी।

थक-हारकर कुबेरदेव तुरंत ही शिव जी के पास पहुंचे और पूरी बात बता दी। कुछ ही देर में गणेश जी भी वहीं पहुंच गए। शिव जी ने देवी पार्वती से गणेश जी के खाने के लिए कुछ लाने के लिए कहा।

पार्वती जी तुरंत ही खाना ले आईं। देवी पार्वती के हाथ का बना खाना खाकर गणेश जी भूख शांत हो गई।

ये देखकर कुबेरदेव को अपनी गलती का एहसास हो गया। कुबेरदेव ने शिव जी से क्षमा मांगी और घमंड न करने का संकल्प लिया।

इस कथा से हमें सीख मिल रही है कि हमें कभी भी अपनी धन-संपत्ति का घमंड नहीं करना चाहिए।

# युद्ध से पहले शिव जी ने भी की थी पुत्र गणेश की पूजा



हिंदू धर्म में सभी देवताओं में से प्रथम पूजनीय देवता भगवान गणेश जी को माना गया है। जी हाँ और आप सभी जानते ही होंगे गौरी पुत्र गणेश जी को विघ्नहर्ता भी कहते हैं, इस वजह से किसी भी मांगलिक कार्य की शुरुआत श्री गणेश से होती है, ताकि बिना किसी बाधा के कार्य पूर्ण हो। हालाँकि क्या आप जानते हैं भगवान शिव जी ने भी गणेश जी की पूजा की थी? जी दरअसल पौराणिक ग्रंथों में भगवान शिव द्वारा अपने पुत्र गणेश की पूजा से जुड़ी कथा का उल्लेख मिलता है। आज हम आपको उसी के बारे में बताने जा रहे हैं।

**त्रिपुरासुर को मिला वरदान-** पौराणिक कथा के अनुसार, त्रिपुरासुर नामक असुर ने भगवान ब्रह्माजी से अमरता का वरदान मांगा। तब ब्रह्माजी ने कोई और वरदान मांगने को कहा। तब त्रिपुरासुर ने कहा, हे प्रभु! हमारे लिए तीन पुरिया वरदान में दे दीजिए। जिस पर ब्रह्माजी ने तथास्तु कह कर वरदान दे दिया। वरदान मिलने के बाद तारकाक्ष के लिए स्वर्णपुरी, कमलाक्ष के लिए रजतपुरी और विद्युन्माली के लिए लौहपुरी का निर्माण हुआ। यही वजह है कि इन तीन असुरों को त्रिपुरासुर कहा जाता था। तीनों भाइयों ने देवताओं को सताना शुरू कर दिया। त्रिपुरासुर के सताने से सभी देवता परेशान हो गए। त्रिपुरासुर का वध करने के लिए किसी में भी इतनी शक्तियां नहीं थी। तब भगवान शिवजी आगे आए।


देवताओं ने अपनी आधी शक्ति भगवान शिव को समर्पित कर दी। इसके बाद सभी देवताओं ने मिलकर संहार की सारी लीला रची। महादेव ने उस असुर नगर को देखा। भगवान शिव ने सभी जतन कर लिए, लेकिन उन असुरों का वध करने में असफल रहे। तब नारदजी ने भगवान शिव को कहा कि आप गणेशजी की पूजा किए बगैर युद्ध करने चले आए, इसलिए आप युद्ध में विजय प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं। तब शिवजी ने अपने पुत्र गणेश की पूजा की और लड्डुओं का भोग लगाया। अंत में भगवान शिव त्रिपुरासुर का वध करने में सफल हो गए।


# महाराष्ट्र में पुणे के आसपास है गणपति के ये 8 सिद्ध मंदिर


- पुणे से बारामती रोड पर 66 किलोमीटर दूर **मयूरेश्वर गणपति मंदिर** है।
- पुणे से सोलापुर के रास्ते पर 30 किलोमीटर दूर **चिंतामणी गणपति मंदिर** है।
- **सिद्धिविनायक (सिद्धटेक मंदिर) मंदिर** पुणे से 98 किलोमीटर दूर है।
- पुणे से 55 किलोमीटर दूर अहमदनगर के रास्ते पर **महागणपति मंदिर** है।
- पुणे से नासिक रोड पर 85 किलोमीटर दूर **विघ्नेश्वर गणपति मंदिर** है।
- पुणे से **गिरजात्मज मंदिर** की दूरी 99 किलोमीटर है।
- **वरदविनायक गणपति मंदिर**, पुणे से मुंबई ओल्ड हाइवे पर 83 किलोमीटर दूर महाड में है।
- पुणे से **बल्लालेश्वर गणपति** की दूरी 110 किलोमीटर है।

**कैसे जाएं-** पुणे से ट्रेन की सुविधा नहीं है। सभी जगह बस से पहुंच सकते हैं।

### अष्टविनायक मंदिरों का क्रम कुछ ऐसा है









**मयूरेश्वर मंदिर:** गणपतिजी का यह मंदिर पुणे से 80 किलोमीटर दूर मोरगांव इलाके में स्थित है। मयूरेश्वर गणपति मंदिर के चारों कोनों में मीनारें हैं और लंबे पत्थरों की दीवारें हैं। यहां मौजूद चारों दरवाजे चारों युग सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग और कलियुग के प्रतीक हैं। इस मंदिर के द्वार पर शिवजी के वाहन नंदी की मूर्ति स्थापित है, इसका मुंह भगवान गणेश की मूर्ति की ओर है। नंदी की मूर्ति के संबंध में यह मान्यता प्रचलित है कि प्राचीन काल में शिवजी और नंदी इस मंदिर क्षेत्र में विश्राम के लिए रुके थे, लेकिन बाद में नंदी ने यहां से जाने के लिए मना कर दिया। तभी से नंदी यहीं पर हैं। नंदी और मूषक (चूहा) दोनों ही मंदिर के रक्षक के रूप में रहते हैं। मंदिर में गणेशजी बैठी मुद्रा में विराजमान हैं और उनकी सूंड़ बाएं हाथ की ओर है, उनकी चार भुजाएं और तीन नेत्र हैं।


**सिद्धिविनायक मंदिर:** अष्टविनायक में दूसरे गणेश हैं सिद्धिविनायक। यह मंदिर पुणे से करीब 48 किमी दूरी पर स्थित है। इस मंदिर के पास ही भीम नदी है। यह मंदिर पुणे के सबसे पुराने मंदिरों में से एक है, क्योंकि यह करीब 200 साल पुराना है। मान्यता है कि यही पर भगवान विष्णु ने सिद्धियां हासिल की थीं। सिद्धिविनायक मंदिर एक पहाड़ की चोटी पर बना हुआ है। जिसका मुख्य द्वार उत्तर दिशा की ओर है। मंदिर की परिक्रमा के लिए पहाड़ी की यात्रा करनी होती है। यहां गणेशजी की मूर्ति 3 फीट ऊंची और ढाई फीट चौड़ी है। भगवान गणेश की सूंड़ सीधे हाथ की ओर है।


**बल्लालेश्वर मंदिर:** अष्टविनायक में तीसरा मंदिर श्री बल्लालेश्वर मंदिर है। यह मंदिर मुंबई-पुणे हाईवे पर पाली से टोयन में और गोवा राजमार्ग पर नागोथाने से पहले 11 किलोमीटर दूर स्थित है। इस मंदिर का नाम गणेशजी के भक्त बल्लाल के नाम पर पड़ा है। माना जाता है कि प्राचीन काल में बल्लाल नामक एक भक्त को उसके घर वालों ने गणेशजी की प्रतिमा के साथ जंगल में फेंक दिया था। गंभीर हालत में बल्लाल गणेशजी के मंत्रों का जप कर रहा था। इस भक्ति से प्रसन्न होकर गणेशजी ने उसे दर्शन दिए। तब बल्लाल ने गणेशजी से आग्रह किया अब वे इसी स्थान पर निवास करें। गणपति ने आग्रह मान लिया। तभी से गणेशजी बल्लालेश्वर नाम से यहां विराजित हो गए।

**वरदविनायक मंदिर:** अष्ट विनायक में चौथे गणेश जी हैं श्री वरदविनायक। यह मंदिर महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के कोल्हापुर क्षेत्र में स्थित है। यहां एक सुंदर पर्वतीय गांव है महाड़। इसी गांव में है श्री वरदविनायक मंदिर। यहां प्रचलित मान्यता के अनुसार वरदविनायक भक्तों की सभी कामना को पूरा करते हैं। इस मंदिर में नंददीप नाम का एक दीपक है जो कई वर्षों से प्रज्ज्वलित है। वैसे तो इस मंदिर का पौराणिक महत्व है और ऋषि विश्वामित्र की एक कथा भी इस मंदिर से जुड़ी हुई है, लेकिन आधुनिक काल में इस मंदिर का निर्माण सन 1725 का माना जाता है। उस समय सूबेदार रामजी बिलवलकर ने इसका निर्माण कराया था।




**चिंतामणि गणपति:** अष्टविनायक में पांचवें स्थान में हैं चिंतामणि गणपति। यह मंदिर पुणे जिले से 30 किलोमीटर दूर हवेली इलाके में स्थित है। मंदिर के पास ही दो नदियों मुला और मुथा का संगम है। इस मंदिर के बारे में मान्यता है कि यदि किसी भक्त का मन बहुत विचलित है और जीवन में दुख ही दुख प्राप्त हो रहे हैं तो इस मंदिर में आने पर उसकी सभी समस्याएं दूर हो जाएंगीं। माना जाता है कि भगवान ब्रह्मा ने अपने विचलित मन को वश में करने के लिए इसी स्थान पर तपस्या की थी।

चिंतामणि गणपति के प्रमुख पुजारी सचिन अगलावे ने बताया कि चिंतामणि गणपति के दर्शन मात्र से शारीरिक, आर्थिक और मानसिक सभी तरह की चिंताएं समाप्त हो जाती हैं। इस मंदिर को माता की जगह माना जाता है। यहां गणपति एक माता की तरह अपने बच्चों की चिंता करते हैं। चिंतामणि के नाभि में हीरा है और उनके माथे पर शेषनाग का प्रभाव है। यहां दिन में तीन बार पूजन और दर्शन होता है।

**श्री गिरजात्मज गणपति मंदिर:** अष्टविनायक में छठें स्थान में है श्री गिरजात्मज। यह मंदिर पुणे-नासिक राजमार्ग पर पुणे से करीब 90 किलोमीटर दूरी पर स्थित है। इलाके के नारायणगांव से इस मंदिर की दूरी 12 किलोमीटर है। गिरजात्मज का अर्थ है गिरिजा यानी माता पार्वती के पुत्र गणेश। यह मंदिर एक पहाड़ पर बौद्ध गुफाओं के स्थान पर बनाया गया है। यहां लेनयादरी पहाड़ पर 18 बौद्ध गुफाएं हैं और इनमें से 8वीं गुफा में गिरजात्मज विनायक मंदिर है। इन गुफाओं को गणेश गुफा भी कहा जाता है। यह पूरा मंदिर ही एक बड़े पत्थर को काटकर बनाया गया है।

**विघ्नेश्वर गणपति मंदिर:** अष्ट विनायक में सातवें स्थान में हैं विघ्नेश्वर गणपति। यह मंदिर पुणे के ओझर जिले में जूनर क्षेत्र में स्थित है। पौराणिक कथाओं के अनुसार विघनासुर नामक एक असुर था जो संतों को प्रताड़ित करता रहता था। भगवान गणेश ने इसी क्षेत्र में उस असुर का वध किया और सभी को कष्टों से मुक्ति दिलवाई थी। तभी से यह मंदिर विघ्नेश्वर, विघ्नहर्ता और विघ्नहार के रूप में जाना जाता है।

**महागणपति मंदिर:** अष्टविनायक मंदिर के आठवें स्थान में हैं 'महागणपति।' यह मंदिर पुणे के रांजणगांव में स्थित है। यह पुणे-अहमदनगर राजमार्ग पर 50 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इस मंदिर का इतिहास 9-10वीं सदी के बीच माना जाता है। मंदिर का प्रवेश द्वार पूर्व दिशा की ओर है जो कि बहुत विशाल और सुन्दर है। यहां की गणेश जी प्रतिमा अद्भुत है। प्रचलित मान्यता के अनुसार मंदिर की मूल मूर्ति तहखाने में छिपी हुई है। पुराने समय में जब विदेशियों ने यहां आक्रमण किया था तो उनसे मूर्ति को बचाने के लिए उसे तहखाने में छिपा दिया गया था।

### सबसे बड़े केंद्र रहे हैं अष्टगणपति

पुणे में धार्मिक विषयों के जानकार अभय तिलक ने बताया कि महाराष्ट्र में उपासना की पांच धाराएं बहती रही हैं, उनमें सबसे प्राचीन है नाथ संप्रदाय। नाथ की तरह ही गणेशजी की उपासना करने वाले गाणपत्य समुदाय के लोग भी पुणे और उसके आसपास सक्रिय रहे हैं। मान्यता है कि बप्पा के तीन सबसे बड़े उपासक हुए हैं, उनमें सबसे प्रमुख हैं मोरया गोसावी। इनका प्रभाव क्षेत्र थेयूर, मोरगांव और सिद्धगांव में था। दूसरे उपासक थे गणेश देवत्य और तीसरे थे गणेश योगी। इन तीनों की उपासना का केंद्र यह अष्टगणपति रहे हैं।

### व्यापारियों की रक्षा करते रहे हैं अष्टविनायक

इन अष्टगणपति का एक भौगोलिक महत्व भी है। महाराष्ट्र को दक्षिण और उत्तर भारत को जोड़ने वाली धरती कहा जाता है। पुणे से कोंकण और गुजरात में जो व्यापार होता था, उसी ट्रेड रूट पर ये अष्टगणपति मौजूद हैं। यह मान्यता रही है कि विघ्नहर्ता व्यापारियों की रक्षा करते थे, इसलिए वे यहां से गुजरने के दौरान उनकी पूजा करते थे और धीरे-धीरे इन व्यापारियों ने अष्टगणपति की महिमा देश के कोने-कोने तक पहुंचाई।

# मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी का दावा : जैकलीन के लिए सुकेश ने श्रीलंका में खरीदा था घर, बहरीन-मुंबई में भी बंगले का एडवांस दे दिया था

**200 करोड़ रुपए** के मनी लॉन्ड्रिंग केस की चार्जशीट में ईडी ने बड़े खुलासे किए हैं। मुख्य आरोपी सुकेश चंद्रशेखर ने एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस को सिर्फ घोड़ा, बिल्ली और ज्वेलरी ही गिफ्ट नहीं की थी, बल्कि एक्ट्रेस के लिए श्रीलंका में एक घर भी खरीदा था। बहरीन और मुंबई में भी एक-एक घर लेने के लिए एडवांस दे चुका था। बहरीन में जैकलीन के पेरेंट्स रहते हैं।

ईडी ने अपनी चार्जशीट में ये भी दावा किया है कि जैकलीन ये जानती थी कि सुकेश एक ठग है। उसके खिलाफ केस चल रहा है। जैकलीन ने ये कबूल किया है कि सुकेश ने उसे श्रीलंका में घर खरीदने के बारे में बताया था। हालांकि, वो कभी उस घर में गई नहीं। यह प्रॉपर्टी श्रीलंका के Weligama में बताई जाती है। यह श्रीलंका की मशहूर टूरिस्ट डेस्टिनेशन है।

इसके अलावा, जुहू में बंगला भी बुक किया जा चुका था। सुकेश ने अपनी सहयोगी पिंकी ईरानी को इन प्रॉपर्टी की खरीद के बारे में बताया था। पिंकी वह महिला थी जिसको यह काम दिया गया था कि वह सुकेश और जैकलीन की दोस्ती कराए, जिसके बदले पिंकी को भी करोड़ों रुपए दिए गए थे।



ईडी ने कहा- सब कुछ पता होने के बावजूद जैकलीन गिफ्ट लेती रहीं

हालांकि, इससे पहले जैकलीन ने अदालत में बताया था कि उनको सुकेश की असली पहचान के बारे में नहीं पता था। वह सुकेश को शेखर के नाम से जानती थीं, जो कि एक मशहूर राजनीतिक परिवार से है, लेकिन ईडी का आरोप है कि एक महीने में ही जैकलीन को खबरों के जरिए इस बात की जानकारी हो गई थी वह सुकेश चंद्रशेखर है, इसके बावजूद इसके वह महंगे तोहफे लेती रहीं।

पटियाला कोर्ट में 17 अगस्त को फाइल की गई चार्जशीट में जैकलीन पर सुकेश से 5.71 करोड़ रुपए लेने के आरोप हैं। ईडी ने ये भी कहा है कि सुकेश से गिफ्ट लेने के मामले में जैकलीन खुद को एक विक्टिम की तरह बता रही हैं, जबकि वो सुकेश के काम के बारे में जानती थीं। ईडी ने जैकलीन को भी इसमें सह-आरोपी बनाया है।

चार्जशीट के मुताबिक, सुकेश ने जैकलीन ही नहीं उसके भाई और बहन की ट्रिप को भी फाइनेंस किया था। ईडी के मुताबिक, सुकेश ने जैकलीन की बहन को 1 लाख अमेरिकी डॉलर (लगभग 79,42,000 रुपए) और भाई को 2,67,40 आस्ट्रेलियन डॉलर (लगभग 14,79,267 रुपए) गिफ्ट किए थे। इसके अलावा उसने एक्ट्रेस को 5.71 करोड़ रुपए के तोहफे दिए थे।

26 सितंबर को जैकलीन को कोर्ट में होना है पेश

दिल्ली की पटियाला कोर्ट ने इस मामले में बुधवार को सुनवाई की थी। इसके बाद एक्ट्रेस जैकलीन को समन जारी करते हुए 26 सितंबर को अदालत में पेश होने का आदेश दिया है। वहीं, 12 सितंबर को दिल्ली पुलिस भी एक्ट्रेस से पूछताछ करेगी। 12 सितंबर को दिल्ली पुलिस भी अभिनेत्री से पूछताछ करेगी। दिल्ली में होने वाली इस पूछताछ में EOW के लोग भी शामिल होंगे।

## कार्तिक आर्यन का रिलेशनशिप स्टेटस पर खुलासा : सारा अली खान संग ब्रेकअप के बाद बोले- मैं पिछले 1 साल से सिंगल हूं



**बॉलीवुड एक्टर** कार्तिक आर्यन ने हाल ही में फिल्म कम्पैनियन को दिए एक इंटरव्यू में अपने रिलेशनशिप स्टेटस के बारे में खुलासा किया। कार्तिक अक्सर एक्ट्रेस सारा अली खान संग ब्रेकअप की खबरों की वजह से चर्चा में रहते हैं। लेकिन पहली बार उन्होंने अपनी लव लाइफ के बारे में बात की है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि वो अब सिंगल हैं।

**कार्तिक 1 साल से हैं सिंगल**

कार्तिक ने कहा, 'मैं पिछले सवा साल से सिंगल हूं। बाकी मुझे कुछ नहीं पता।' इस पर उनसे कहा गया कि वो टाइमलाइन को लेकर काफी स्पेसिफिक हैं, तो वो शरमा गए और कहने लगे कि वो पिछले 1 साल से सिंगल हैं। इसके बाद कार्तिक से पूछा गया कि क्या वो आगे भी यही कहेंगे कि उनका काम ही उनकी रिलेशनशिप है। इसके जवाब में उन्होंने कहा, 'नहीं ऐसा नहीं है, लेकिन मैं सिंगल हूं। बस इतनी सी ही बात है।'

**कार्तिक ने सारा को सोशल मीडिया से कर दिया है अनफॉलो**

सारा ने कुछ साल पहले कॉफी विद करण में अपने पिता सैफ अली खान के सामने कहा था कि उन्हें कार्तिक पर क्रश है। साथ ही सारा ने कार्तिक को डेट करने की इच्छा भी जताई थी। ऐसे में जब दोनों ने 'लव आज कल 2' में साथ काम किया तो इनके अफेयर को लेकर अफवाहें जोर पकड़ने लगीं। हालांकि, फिल्म की रिलीज के बाद दोनों के अफेयर की खबरें भी हवा हो गईं। खबरें तो यहां तक आईं कि कार्तिक ने सारा को इंस्टाग्राम पर अनफॉलो भी कर दिया है।

**कार्तिक आर्यन-सारा अली खान का वर्क फ्रंट**

कार्तिक के वर्कफ्रंट की बात करें तो वो इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'शहजादा' की शूटिंग में बिजी हैं। ये फिल्म अल्लू अर्जुन की फिल्म की हिंदी रीमेक होगी। इसके अलावा कार्तिक 'कैप्टन इंडिया' और 'सत्यप्रेम की कथा' में भी नजर आएंगे। वहीं सारा इन दिनों पवन कृपलानी की फिल्म की शूटिंग में बिजी हैं। इसके अलावा सारा लक्ष्मण उटेकर की अनटाइटल्ड फिल्म में विक्की कौशल के साथ पहली बार स्क्रीन पर नजर आएंगी।



## काश मुझे कोई कंपनी देता; मुझे नहीं पता इंडस्ट्री में कौन सिंगल है? : कृति सेनन

कृति सेनन को फिल्म मिमी में अच्छी परफॉर्मेंस के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला है। अवॉर्ड जीतने के बाद कृति से एक मीडिया इंटरेक्शन के दौरान सवाल किया गया कि वो इंडस्ट्री में से किसे रेड कार्पेट पर डेट के तौर पर लाना पसंद करेंगी। इस पर एक्ट्रेस ने रिप्लाई करते हुए कहा कि फिल्म इंडस्ट्री में कोई सिंगल इंसान नहीं बचा है।

**कृति के लिए इंडस्ट्री में कोई सिंगल इंसान नहीं है**

कृति ने मीडिया से अपनी डेट को रेड कार्पेट पर लाने के बारे में कहा, काश की कोई मुझे रेड कार्पेट पर कंपनी देने के लिए होता। अगर ऐसा कोई इंसान मेरी लाइफ में होता तो वो यहां जरूर आपको दिखाई देता। मुझे नहीं पता है कि इंडस्ट्री में कौन सिंगल है? यह सच में काफी मुश्किल है। मुझे लगता है कि इंडस्ट्री में कोई सिंगल इंसान नहीं है।

**बेस्ट एक्ट्रेस कैटेगरी में कृति को मिला फिल्मफेयर अवॉर्ड**

कृति ने बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड जीतने के बाद सोशल मीडिया पर एक नोट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने अपने सपनों के पूरे होने की बात लिखी है। साथ ही कृति ने एक वीडियो भी पोस्ट किया है। वीडियो में कृति बेड पर लेटी हुई हैं और उन्होंने ट्रॉफी को अपने सिर के पास रखा हुआ है। कृति ने नोट में लिखा, मैं आज अकेले नहीं सो रही हूं। मेरा दिल कृतज्ञता से भरा हुआ है। ब्लैक लेडी फाइनली मेरे पास है। मेरे सपनों को सच करने के लिए, थैंक्यू फिल्मफेयर।

कृति ने फिल्म टीम को लिखा थैंक्यू नोट

कृति ने आगे लिखा, मुझे यह रोल देने के लिए और हमेशा मुझे सपोर्ट करने के लिए डिनो और लक्ष्मण उटेकर सर को बहुत सारा थैंक्यू। मैं आप दोनों से बहुत प्यार करती हूं। मैड्डॉक फिल्म्स और फिल्म की पूरी कास्ट और क्रू को थैंक्यू, जिन्होंने मिमी को और स्पेशल बना दिया। मेरी प्यारी ऑडियंस और मेरे फैंस को मुझे और मेरी फिल्म को इतना प्यार देने के लिए धन्यवाद। मम्मी, पापा, नूपुर मैंने यह कर दिखाया। यह ट्रॉफी बड़े सपने देखने के लिए। सभी को गुड नाइट।

**कृति सेनन के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स**

कृति सेनन ने टाइगर श्रॉफ के साथ 2014 में आई फिल्म 'हीरोपंती' से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था। कृति ने 'दिलवाले', 'बरेली की बर्फी', 'लुका छुपी', 'पानीपत' और 'मिमी' जैसी कई सक्सेसफुल बॉलीवुड फिल्में दी हैं। कृति अपनी अपकमिंग फिल्म 'भेड़िया' में वरुण धवन के साथ नजर आएंगी। उनके पास प्रभास स्टारर फिल्म 'आदिपुरूष' भी है। साथ ही एक्ट्रेस कार्तिक आर्यन के साथ 'शहजादा' फिल्म में भी नजर आएंगी।

## अमिताभ बच्चन की कोरोना रिपोर्ट आई निगेटिव: 9 दिनों के आइसोलेशन के बाद काम पर लौटे बिग बी



बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन हाल ही में दूसरी बार कोरोना की चपेट में आ गए थे, लेकिन अब उनकी रिपोर्ट निगेटिव आ गई है। आज सुबह उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने ब्लॉग के जरिए फैंस के साथ ये गुड न्यूज शेयर की। अमिताभ बच्चन ने गुरुवार सुबह अपने ब्लॉग पर लिखा, 'काम पर वापसी..आपकी प्रार्थना के लिए आभारी हूं। बीती रात मेरी कोरोना रिपोर्ट निगेटिव आई। 9 दिन का आइसोलेशन अब खत्म हुआ। वैसे 7 दिन ही अनिवार्य हैं। हमेशा की तरह आप सभी को मेरा प्यार। आप लोग इस कोविड पीरियड के दौरान काफी दयालु और चिंतित रहे। परिवार ने भी मेरी बहुत देखभाल की। आप सभी को मैं हाथ जोड़कर शुक्रिया करता हूं।'अमिताभ ने हाल ही में अपने ब्लॉग में लिखा था, 'कोरोना से बचने के लिए मैं लगातार जरूरी कदम उठा रहा था और सावधान रह रहा था। मैंने कोविड वैक्सीन के दोनों डोज के अलावा बूस्टर शॉट भी लगवाया था, लेकिन आखिर में कोविड जीत गया। कोरोना संक्रमण के बारे में ब्योरा देना व्यर्थ होगा। ये कहना भी गलत होगा कि मैं निराश हूं...मैं सिर्फ अपनी फैमिली और करीबियों के लिए चिंतित हूं।' बिग बी हाल ही में दूसरी बार कोरोना पॉजिटिव हुए थे। इससे पहले जुलाई 2020 में वो कोरोना की चपेट में आए थे। अमिताभ बच्चन ने अप्रैल 2021 में वैक्सीन की पहली डोज ली थी और दूसरी मई 2021 में ली थी। इसके साथ ही उन्होंने लंबे समय से फैंस से मिलना-जुलना भी बंद कर रखा है। वो इन दिनों टीवी पर 'कौन बनेगा करोड़पति 14' को भी होस्ट कर रहे हैं।

## पति की मौत के बाद दर्दनाक हो गई थी हिमानी शिवपुरी की हालत, बोलीं- बच्चों को अकेला छोड़कर...

दिग्गज अभिनेत्री हिमानी शिवपुरी ने याद किया कि कैसे उन्होंने 1995 में अपने पति ज्ञान शिवपुरी के



निधन के बाद अभिनय में अपना करियर छोड़ने के बारे में सोचा था और इसे अपने जीवन का सबसे कठिन और निराशाजनक दौर बताया. उन्होंने साझा किया, "अपने पति की अप्रत्याशित मृत्यु के बाद, कई बार मैंने गंभीरता से अभिनय छोड़ने पर विचार किया. मुझे एक मां के रूप में शो में जाने के लिए अपने बच्चे को घर पर छोड़ना बुरा लगता था. क्योंकि हमारे पास ज्यादा पैसा नहीं था, इसलिए मेरे पास काम करने के अलावा कोई और चारा नहीं था."

शिवपुरी फिलहाल कॉमेडी ड्रामा 'हप्पू की उलटन पलटन' में कटोरी अम्मा के रूप में नजर आ रही हैं और इसके अलावा वह 'हम आपके हैं कौन.!', 'कभी खुशी कभी गम..', 'मैं प्रेम की दीवानी हूं' जैसी कुछ बड़े बैनर की फिल्मों में नजर आई थीं." कई बॉलीवुड फिल्मों का हिस्सा होने के बावजूद, उन्हें शुरू में इस उद्योग में शामिल होने में कोई दिलचस्पी नहीं थी.

**"मैं फिल्मों में नहीं आना चाहता थी."**

हिमानी ने खुलासा किया, "मेरा मानना था कि बॉलीवुड वह जगह है जहां अभिनेत्रियों से खुद को दिखाने की उम्मीद की जाती थी. मैं अपने दिवंगत पति ज्ञान शिवपुरी से मिलने तक नाटक और थिएटर से संतुष्ट थी, जिन्होंने मुझे फिल्मों में काम करने के लिए प्रेरित किया". जब उनसे पूछा गया कि अभिनय को करियर के रूप में लेना उनके लिए कितना चुनौतीपूर्ण था, तो उन्होंने जवाब दिया, "उस समय, मनोरंजन उद्योग में कदम रखना मुश्किल था, और परिवार में किसी ने भी मेरे करियर के चुनाव को गंभीरता से नहीं लिया था." 'हप्पू की उलटन पलटन' में अपनी अब तक की यात्रा के बारे में बात करते हुए, उन्होंने कहा, "'हप्पू की उलटन पलटन' के साथ मेरी यात्रा उल्लेखनीय रही है. जब शो की पहली बार कल्पना की गई थी, तब से यह एक आसान सवारी रही है." सह-अभिनेताओं के साथ अपने संबंधों पर, 61 वर्षीय अभिनेत्री ने टिप्पणी की, "मैं योगेश (त्रिपाठी) को थिएटर के दिनों से ही जानती थी, इसलिए हमारी केमिस्ट्री बहुत अच्छी थी."

## कपिल शर्मा के साथ अनबन पर बोले कृष्णा अभिषेक : कहा- हमारे बीच कोई इश्यू नहीं है, वो मेरा भी शो है






**कपिल शर्मा जल्द** ही अपने शो के नए सीजन के साथ टीवी पर वापसी कर रहे हैं। खबरें आई थीं कि शो में सपना के कैरेक्टर में नजर आने वाले कृष्णा अभिषेक इस सीजन में नजर नहीं आएंगे। दोनों के बीच एग्रीमेंट को लेकर कुछ इश्यूज थे, लेकिन अब कृष्णा ने खुद इस बात पर चुप्पी तोड़ी है। कृष्णा ने कहा कि शो के होस्ट कपिल और उनके बीच कोई इश्यू नहीं है और वो शो में फिर वापसी करेंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसके पहले कृष्णा ने खुद कंफर्म किया था की वो शो के तीसरे सीजन का हिस्सा नहीं होंगे। कृष्णा को हाल ही में पत्नी कश्मीरा शाह के साथ स्पॉट किया गया। इस दौरान उनसे कपिल शर्मा शो के तीसरे सीजन को लेकर चल रही कंट्रोवर्सी पर सवाल किए गए। इस पर कृष्णा ने कहा, कपिल और मैं आज रात को साथ में ऑस्ट्रेलिया जा रहे हैं। पता नहीं क्या अफवाह है कि ऐसा हो गया, वैसा हो गया। हमारे बीच कोई इश्यू नहीं है। कृष्णा ने आगे कहा, ₹वो मुझसे और मैं उनसे बहुत प्यार करता हूं। मेरा भी शो है वो और मैं दोबारा उस शो में आउंगा। कृष्णा से पिछले महीने शो में उनकी अपीयरेंस को लेकर पूछा गया था। उन्होंने पिंकविला से बातचीत करते हुए कहा था, मैं यह शो एग्रीमेंट इश्यूज की वजह से नहीं कर रहा हूं।

**प्रोमो शेयर कर किया था नई कास्ट का खुलासा**

द कपिल शर्मा शो के तीसरे सीजन की नई कास्ट का हाल ही में खुलासा किया गया है। कुछ दिनों पहले सोनी टीवी ने शो का पहला प्रोमो शेयर किया था। इसमें कपिल हॉस्पिटल में नजर आए और उनके सिर पर पट्टी बंधी दिखाई दी। उन्होंने मजेदार अंदाज में बाकी स्टार्स को इंट्रोड्यूस कराया। शो में टीवी एक्ट्रेस सृष्टि रोड़े की भी एंट्री हुई है। 'द कपिल शर्मा शो' के नया सीजन 10 सितंबर से रात 9:30 बजे सोनी टीवी पर ऑनएयर होगा। कपिल के शो में सिद्धार्थ सागर, गौरव दुबे, इश्तियाक खान और श्रीकांत मस्की जैसे नए कॉमेडियन शामिल हुए हैं। ये कप्पू के साले, ससुर, सास से लेकर उनके दोस्त चंदन की पत्नी तक अलग-अलग भूमिकाओं में नजर आएंगे। गजल यानी की सृष्टि रोडे 'मोहल्ले की रौनक' हैं।

## बाथटब में बैठकर विद्या बालन ने शेयर किया फनी वीडियो:'अनुपमा' के डायलॉग पर बना डाली मजेदार रील



बॉलीवुड एक्ट्रेस विद्या बालन का मजाकिया अंदाज इन दिनों कई वीडियो में देखने को मिल रहा है। हालही में एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक मजेदार रील वीडियो शेयर किया है। इस लेटेस्ट वीडियो में वह बाथरुम में मस्ती करती हुई नजर आई हैं। वीडियो में विद्या ने बाथटब में बैठ कर 'अनुपमा' के ट्रेडिंग डायलॉग को रिक्रिएट किया है। दरअसल, ये डायलॉग टीवी शो अनुपमा के एक सीन है जिसमें एक्ट्रेस अपने एक्स हसबैंड वनराज शाह से कहती है ' मैं घूमूं, फिरूं, नाचूं, गाऊं, हसूं, खेलूं, बाहर जाऊं, जब जाऊं, जैसे भी जाऊं, आपको क्या?' शो का ये सीन काफी सुर्खियों में रहा था, जिसे अब तक कई सेलेब्स रिक्रिएट कर चुके हैं। अब विद्या के वीडियो पर फैंस जमकर लाइक्स और कमेंट्स कर रहे हैं।

## दिशा पाटनी के साथ ब्रेकअप के बाद टाइगर का खुलासा : बोले - अब मैं सिंगल हूं, फिलहाल किसी को डेट करने के लिए देख रहा हूं



बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्रॉफ जल्द ही करण जौहर के चैट शो 'कॉफी विद करण' में नजर आने वाले हैं। इस दौरान उन्होंने अपने रिलेशनशिप स्टेटस के बारे में खुलासा किया। टाइगर पिछले कई दिनों से दिशा पाटनी संग ब्रेकअप की खबरों को लेकर चर्चा में चल रहे थे। लेकिन पहली बार टाइगर ने इस शो के जरिए अपनी लव लाइफ के बारे में बात की है।

टाइगर ने कहा, 'मैं ऐसा मानता हूं कि मैं सिंगल हूं और फिलहाल मैं किसी को डेट करने के लिए देख रहा हूं।' टाइगर ने आगे कहा, 'मैं हमेशा से श्रद्धा कपूर की तरफ अट्रैक्टेड रहा हूं। मुझे लगता है कि वो ग्रेट हैं।' आपको बता दें शो में उनके साथ कृति सेनन भी स्पेशल गेस्ट के रूप में नजर आईं।

टाइगर का हाल ही में ब्रेकअप हुआ है। वो एक्ट्रेस दिशा पाटनी को 6 साल से डेट कर रहे थे, लेकिन हाल ही में दोनों अलग हो गए हैं। दोनों के रिश्ते में कई दिनों से उतार-चढ़ाव आ रहे थे। टाइगर और दिशा ने कभी भी ऑफिशियली अपने रिश्ते को एक्सेप्ट नहीं किया, लेकिन दोनों को अक्सर एक साथ स्पॉट किया जाता था।

टाइगर के एक दोस्त ने हाल ही में उनके ब्रेकअप की पुष्टि करते हुए कहा था कि हम सभी को इसके बारे में कुछ हफ्तों पहले ही पता चला था। उन्होंने आज तक किसी से भी इस बारे में बात नहीं की थी। फिलहाल टाइगर अपने काम पर फोकस कर रहे हैं। वो दिशा के साथ ब्रेकअप से ज्यादा एफेक्टेड नहीं हैं। टाइगर ने अपने करियर की शुरुआत साल 2014 आई फिल्म 'हीरोपंती' से की है। इस फिल्म में उनके अपोजिट कृति सेनन थीं। उसके बाद उन्होंने कई फिल्मों में काम किया, जिनमें से ज्यादातर फिल्में सुपरहिट रहीं। टाइगर के अपकमिंग प्रोजेक्ट की बात करें तो वो 'गणपत', 'बड़े मियां छोटे मियां', 'रेम्बो' और 'बागी-4' जैसी फिल्मों में दिखाई देंगे। वो आखिरी बार 'हीरोपंती 2' में नजर आए थे।





# कानों में झुमके-बालों में गजरा, दुपट्टा लहराकर कपिल शर्मा की 'गर्लफ्रेंड' ने दिखाई अदाएं, घायल हुए फैंस

द कपिल शर्मा शो में सृष्टि कपिल शर्मा का लव इंटरेस्ट गजल का रोल प्ले करती दिखेंगी. द कपिल शर्मा शो में धमाल मचाने से पहले सृष्टि ने एक खास वीडियो शेयर करके फैंस को स्पेशल ट्रीट दी है. वीडियो की शुरुआत में एक्ट्रेस शरारा सूट पहने नो मेकअप लुक में दिखाई देती हैं. क्या आपने देखा वीडियो?

टीवी एक्ट्रेस सृष्टि रोड़े जल्द ही अपनी नई जर्नी की शुरुआत करने वाली हैं. जी हां, टीवी और रियलिटी शोज करने के बाद सृष्टि अब अपने फैंस को अपने मस्तीभरे अंदाज से हंसाने के लिए बिल्कुल तैयार हैं. द कपिल शर्मा शो के नए सीजन में सृष्टि रोड़े भी अपने फैंस को एंटरटेन करती दिखेंगी.

कपिल के शो से फैंस के दिलों को जीतेंगी सृष्टि

द कपिल शर्मा शो में सृष्टि कपिल शर्मा का लव इंटरेस्ट गजल का रोल प्ले करती दिखेंगी. द कपिल शर्मा शो में धमाल मचाने से पहले सृष्टि ने एक खास वीडियो शेयर करके फैंस को स्पेशल ट्रीट दी है.

गणेश चतुर्थी के खास मौके पर एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपना मेकओवर वीडियो शेयर किया. वीडियो की शुरुआत में एक्ट्रेस शरारा सूट पहने नो मेकअप लुक में दिखाई देती हैं. फिर वो कानों में झुमके पहनकर तैयार होती हैं. बालों में गजरा और न्यूड मेकअप में सृष्टि खूबसूरत लग रही हैं.

**फैंस हुए सृष्टि के लुक पर फिदा**

सृष्टि रोड़े का मेकओवर वीडियो सोशल मीडिया पर छाया हुआ है. वे जिस तरह दुपट्टे को हवा में लहराते हुए खुशी से झूम रही हैं वो देखने लायक है. सृष्टि का अंदाज फैंस को घायल कर रहा है. एक्ट्रेस की अदाओं पर फैंस अपना दिल हार रहे हैं. यूजर्स गॉर्जियस, सुपर, क्यूट, ब्यूटीफुल लिखकर सृष्टि की तारीफें कर रहे हैं.

इसके बाद सृष्टि ने कई सीरियल्स में छोटे बड़े रोल किए. लेकिन खास पहचान उन्हें 'छोटी बहू', 'पुनर्विवाह', 'सरस्वतीचंद्र' जैसे सीरियल्स से मिली. सृष्टि बिग बॉस के सीजन 12 में भी नजर आ चुकी हैं. हालांकि, इस शो में सृष्टि ज्यादा कमाल नहीं दिखा पाई थीं. वे जल्द ही शो से बाहर हो गई थीं. अब सृष्टि द कपिल शर्मा शो से लंबे समय बाद टीवी पर वापसी कर रही हैं. एक्ट्रेस इस शो में क्या धमाल मचाती हैं, ये देखने वाली बात होगी.

**सृष्टि ने साल 2007 में एकता कपूर के सीरियल 'कुछ इस तरह' से अपने करियर की शुरुआत की थी.**



# 19 साल में करोड़ों की मालकिन हैं जन्नत जुबैर

## महंगी गाड़ियों का रखती है शौक...लिस्ट में शामिल है कई लग्जरी कार

**टीवी एक्ट्रेस जन्नत जुबैर** जन्नत जुबैर रहमानी इन दिनों रोहित शेट्टी के शो खतरों के खिलाड़ी 12 में नजर आ रही है. जन्नत फुलवा और तू आशिकी शो से काफी पॉपुलर हुई है. खतरों के खिलाड़ी के दर्शक उन्हें खतरनाक स्टंट करते दिख रही है. उनकी फन फॉलोइंग जबरदस्त है और वो उनके बारे में ज्यादा से ज्यादा जानना चाहते है. साल 2009 में टीवी सीरियल फुलवा से बतौर चाइल्ड एक्ट्रेस अपने करियर की शुरुआत करने वाली एक्ट्रेस जन्नत जुबैर रहमानी आज टीवी के साथसाथ सोशल मीडिया सेंसेशन बन गई हैं. छोटी सी उम्र में जन्नत जुबैर रहमानी आज करोड़ों की मालकिन हैं, तो चलिए आपका बताते है उनके कार कलेक्शन के बारे में.

जन्नत ज़ुबैर ने बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट साल 2010 में टीवी शो दिल मिल गए से अपने करियर की शुरुआत की थी. इसके बाद साल 2011 में जन्नत फुलवा शो में नज़र आयी थी. इस शो में छोटी जन्नत की मासूमियत और अभिनय ने उन्हें पहचान दिलाई और जन्नत ने घर घर में अपनी पहचान बनाई. वही जन्नत सीरियल 'तू आशिकी' में लीड रोल में नजर आ चुकी है. इन दिनों वो खतरों के खिलाडी में अपनी उम्दा परफॉरमेंस से दर्शकों का दिल जीत रही है.

जन्नत जुबैर रहमानी काफी लग्जरी लाइफ जीती हैं. इसके अलावा उनकी स्टाइलिंग और फैशन सेंसर भी कमाल का है. पर्सनल लाइफ की बात करें तो जन्नत जुबैर रहमानी का भाई कई फिल्मों में काम कर चुके हैं. जन्नत जुबैर ने हाल ही में अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में एक क्लिप शेयर की जिसमें एक ब्लैक मग दिखा, और उसपर धर्मा 2.0 लिखा था. खबरों के अनुसार जन्नत फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' का हिस्सा बनने वाली हैं.

इसके अलावा जन्नत जुबैर के पास लग्जरी कार ऑडी क्यू7 ऑडी Q7 है. इसकी कीमत भारत में 80 लाख है. इसके साथ एक्ट्रेस ने तसवीर अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया था. रेड क्रॉप टॉप और व्हाइट पैंट में वो काफी स्टाइलिश लगी थी.

जन्नत ज़ुबैर के कार कलेक्शन को देखकर लगता है कि उन्हें महंगी गाडियों का काफी शौक है. उनके पास जॉगौर XJL. इसकी कीमत 1.20 करोड़ है और ये उन्हें उनके 19वें जन्मदिन पर मिला था. बता दें कि एक ऑलव्हीलड्राइव लक्ज़री सेडान है.

जन्नत ज़ुबैर के पास Ford इंडोवर हुरीकेन भी है. इसके साथ एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर फोटो पोस्ट की थी. कार के साथ



पोज देते हुए एक्ट्रेस ने लिखा था, कुछ गिर गया नीचे. इस फोटो में वो अपनी कार के साथ पोज कर रही हैं.

वही पर्सनल लाइफ की बात करे तो जन्नत को सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और खतरों के खिलाडी 12 में नज़र आये फैजल शेख के साथ देखा जाता है. सोशल मीडिया पर दोनों अक्सर साथ में वीडियो शेयर करते है. माना जाता है कि दोनों एक दूसरे को डेट कर रहे है लेकिन दोनों ने हमेशा खुद को एक दूसरे का अच्छा दोस्त बताया है.जन्नत जुबैर रहमानी के सोशल मीडिया पर भी सबसे पॉपुलर एक्ट्रेस हैं. इंस्टाग्राम पर जन्नत के तीन करोड़ यानी 30 मिलियन से ज्यादा फॉलोवर्स हैं. वहीं, यूट्यूब चैनल पर 3.06 मिलियन यानी 36 लाख फॉलोवर्स हैं. फुलवा से पहले जन्नत जुबैर रहमानी ने दिल मिल गए टीवी सीरियल में काम किया था. हालांकि, उन्हें पहचान फुलवा से मिली थी. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जन्नत की प्रॉपर्टी की कीमत सात करोड़ रुपए है. इसके अलावा उनकी नेटवर्थ एक मिलियन डॉलर यानी 7.12 करोड़ रुपए है. एक्टिंग के अलावा वह ब्रांड एंडोर्समेंट और एड भी करती हैं, इससे उनकी संपत्ति में काफी इजाफा हुआ है.

# सलमान के शो बिग बॉस का काउंटडाउन शुरू, 8-9 अक्टूबर को टेलीकास्ट

**टी**वी की दुनिया के सबसे पॉपुलर रियलिटी शो 'बिग बॉस' एक बार फिर से टीवी पर आने के लिए तैयार है. जी हां बिग बॉस के फैंस के लिए खुशखबरी है आपका पसंदीदा शो एक बार फिर से वापसी कर रहा है. इस बार भी सलमान खान अपने शो को कलर्स के विवादित रियलिटी शो का आगाज बहुत ही जल्द होने वाला है. हालांकि फैंस को इस शो के लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा. दरअसल सलमान खान के इस बड़े शो के लिए प्रीमीयर की तारीख को बढ़ा दिया गया है. जी हां, पहले बताया जा रहा था कि यह शो अक्टूबर की पहली तारीख से शुरू होने वाला है, लेकिन अब चर्चा है कि मेकर्स ने प्रीमियर की नई तारीख तय की है. 'बिग बॉस 16' के प्रीमियर डेट को लेकर पहले यही खबर थी कि सलमान खान इस साल एक अक्टूबर से शो शुरू करने वाले हैं, लेकिन अब इसकी डेट बढ़ा दी गई है. टेली चक्कर की रिपोर्ट के मुताबिक, बिग बॉस 16 को टेंटेटिव रिलीज डेट मिल गई है और देश के सबसे बड़े रियलिटी शो को 8-9 अक्टूबर को ऑनएयर किया जाएगा. हालांकि इस खबर में कितनी सच्चाई है ये आने वाले कुछ दिनों में मालूम चल ही जाएगा. 'बिग बॉस 16' के लिए सलमान खान की बतौर होस्ट फीस को लेकर भी चर्चाओं का बाजार गर्म है. खबर आई थी कि सलमान खान ने इस 16वें सीजन को होस्ट करने के लिए पूरे 1000 करोड़ रुपये की फीस ली है. इस पर सोशल मीडिया पर जमकर बहस भी हुई थी, लेकिन अब टेलीचक्कर' की रिपोर्ट के मुताबिक, 1000 करोड़ रुपये की फीस की खबरें फर्जी हैं. इस रिपोर्ट में दावा किया गया है कि सलमान खान 'बिग बॉस 16' के लिए 1000 नहीं, बल्कि 180 करोड़ रुपये की



# #बायकॉट ट्रेंड पर स्वरा भास्कर बोलीं -'बॉलीवुड से नफरत करते हैं, बर्बाद करना चाहते हैं...'

बायकॉट ट्रेंड ने कई बड़ी फिल्मों को बर्बाद कर दिया है. अब इस पर एक्ट्रेस स्वरा भास्कर ने चुप्पी तोड़ी है. स्वरा ने कहा कि ऐसा ही ट्रेंड संजय लीला भंसाली की फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' की रिलीज से पहले चलाया गया था, लेकिन उस फिल्म को कोई नुकसान नहीं पहुंचा. लोग फिल्म देखने गए और इसे पसंद भी किया. 2022 बॉलीवुड फिल्मों के लिए काफी खराब साबित हो रहा है. बी टाउन के कई बड़े स्टार्स की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर पिट रही हैं और इसकी एक बड़ी वजह फिल्मों को लेकर चल रहे बायकॉट ट्रेंड को माना जा रहा है. बायकॉट ट्रेंड ने कई बड़ी फिल्मों को बर्बाद कर दिया है. अब इस पर एक्ट्रेस स्वरा भास्कर ने चुप्पी तोड़ी है.



स्वरा भास्कर ने कहा कि बायकॉट ट्रेंड को हाइप किया गया है. अगर फिल्म अच्छी होगी, तो दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींच लेगी. ZOOM को दिए इंटरव्यू में स्वरा भास्कर ने कहा कि बायकॉट ट्रेंड के बीच लोगों ने आलिया भट्ट की 'गंगूबाई काठियावाड़ी' देखी है और जो हिट साबित हुई है.

स्वरा भास्कर ने ये भी दोहराया कि सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद आलिया भट्ट को किस तरह से टारगेट किया गया था, जिसकी वजह से उनकी फिल्म सड़क 2 बर्बाद हो गई थी. स्वरा ने इस बारे में बात करते हुए कहा- मुझे नहीं पता कि बायकॉट ट्रेंड कब तक बिजनेस को अफेक्ट करेगा. सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद आलिया भट्ट को सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल किया गया था और ये पूरी तरह से अनफेयर था. स्वरा ने आगे कहा- उस समय बॉलीवुड के ए लिस्टर्स स्टार्स पर कई तरह के आरोप लगाए गए थे. उस टाइम सड़क 2 रिलीज हुई थी. फिल्म को बायकॉट करने की बात की गई. निगेटिव पब्लिसिटी की वजह से फिल्म का काफी बुरा हाल हुआ. स्वरा ने कहा कि ऐसा ही ट्रेंड संजय लीला भंसाली की फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' की रिलीज से पहले चलाया गया था, लेकिन उस फिल्म को कोई नुकसान नहीं पहुंचा. लोग फिल्म देखने गए और इसे पसंद भी किया. स्वरा ने कहा- ये कुछ लोगों का छोटा सा ग्रुप है, जो एजेंडा चला रहे हैं. ये लोग बॉलीवुड से नफरत करते हैं. बॉलीवुड को बर्बाद करना चाहते हैं, इसलिए बॉलीवुड के बारे में झूठी और गलत बातें फैला रहे हैं. मुझे लगता है कि इन लोगों की इससे कमाई हो रही है. स्वरा ने कहा कि उनके पास इस चीज के कई सबूत हैं कि इनमें से ज्यादातर पेड ट्रेंड्स हैं. स्वरा के ख्यालात के बारे में आपकी क्या राय है, बताना मत भूलिएगा.

# करिश्मा कपूर ने पानी में दिखाई बेबाकी, लोग बोले- हाय! कोई रोको भई

एक्ट्रेस करिश्मा कपूर ने पिछले कुछ समय से फिल्मी पर्दे से खुद को जरूर दूर कर लिया है, लेकिन इसके बावजूद वह लगातार चर्चा में बनी हुई हैं. इसकी एक वजह एक्ट्रेस के सोशल मीडिया पोस्ट भी हैं, जो तेजी से वायरल होने लगते हैं. करिश्मा इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव हो गई हैं. ऐसे में अब उन्होंने एक बार फिर अपने एक वीडियो से तहलका मचा दिया है. करिश्मा कपूर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं

करिश्मा अक्सर इंस्टाग्राम पर अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ की झलकियां दिखाती रहती हैं. खासकर उनके इंस्टाग्राम पेज पर उनकी थ्रोबैक तस्वीरें देखने को मिलती हैं, जो उनके 90 के दशक की हैं. हालांकि इस बार एक्ट्रेस ने अपना बेहद बोल्ड लुक दिखाया है. उनका ये अवतार देख फैंस काफी हैरान हो रहे हैं और पसंद भी कर रहे हैं. एक्ट्रेस ने जिस तरह से खुद को मैंटेन कर रखा है कोई बोल भी नहीं सकता कि वो 48 साल की हैं. करिश्मा के वर्क फ्रंट की बात करें तो पिछले कुछ समय से वह अपनी अगली वेब सीरीज 'ब्राउन' को लेकर चर्चा में हैं. एक्ट्रेस के फैंस उन्हें पर्दे पर देखने के लिए हमेशा काफी एक्साइटेड रहते हैं।



# लाल सिंह चड्ढा के फ्लॉप होने से आहत आमिर खान नहीं लेंगे अपनी फीस! करेंगे नुकसान की भरपाई

आमिर खान की फिल्म लाल सिंह चड्ढा बॉक्स ऑफिस बुरी तरह से फ्लॉप हुई है और लगातार फिल्म को लेकर कई सारी खबरें सामने आ रही हैं. 11 अगस्त को रिलीज हुई इस फिल्म से अभिनेता और इसके मेकर्स को काफी उम्मीदें थीं. इस फिल्म को हॉलीवुड की सुपरहिट और ऑस्कर विनर फिल्म फॉरेस्ट गंप की रीमके थी और उम्मीदें थी कि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह से गिरी है. यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप साबित हुई. हालांकि, फिल्म ने विदेशों में ठीक-ठाक प्रदर्शन किया। बड़े बजट से बनी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 60 के ऊपर की कमाई भी नहीं पाई. ऐसे में अब बुरे वक्त से गुजर रही इस फिल्म के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है. दरअसल अब खबरें आ रही हैं कि आमिर खान इस नुकसान की भरपाई करने के लिए अपनी फीस नहीं लेंगे.


बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट्स के अनुसार, आमिर ने मेकर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स के हालात देखते हुए ये फैसला लिया है कि वो अब लाल सिंह चड्ढा के लिए फीस नहीं लेंगे. ऐसा माना जा रहा था कि अगर आमिर अपनी फीस लेते तो मेकर्स को 100 करोड़ से ज्यादा का नुकसान हो



जाता. ऐसे में आमिर ने खुद आगे आकर फिल्म के फ्लॉप होने की जिम्मेदारी लेते हुए फीस छोड़ दी है.

इसके चलते मेकर्स को अब छोटे स्तर पर ही नुकसान उठाना पड़ेगा. आमिर ने इस फिल्म को 4 साल दिए, लेकिन फिल्म से उन्हें एक रुपए का फायदा नहीं हुआ.

अपनी स्लो कमाई और जबरदस्त हेट के चलते फिल्म बॉक्स ऑफिस पर डिजास्टर साबित हुई. ऐसे में आमिर नहीं चाहते थे कि फिल्म का नुकसान उनके अलावा कोई और भुगते. लाल सिंह चड्ढा 11 अगस्त को रिलीज हुई. कुल 20 दिनों फिल्म मात्र 60 करोड़ रुपए की कमाई कर पाई, जिससे फिल्म को कुल 110 करोड़ का नुकसान हुआ. फिल्म के फ्लॉप होने का दूसरा कारण था लोगों में मन आमिर और करीना को लेकर हेट, जिस वजह से फिल्म बायकॉट ट्रेंड का शिकार हुई.



# आईटी व मेटल सेक्टर पर दबाव के कारण सेंसेक्स 700 अंक टूटा,निफ्टी 17600 के नीचे

नई दिल्ली, 1 सितंबर(एजेंसियां)। ग्लोबल मार्केट से मिल रहे नकारात्मक संकेतों के बीच गुरुवार को भारतीय शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। बाजार पर आईटी और मेटल कंपनियों के शेयरों में कमजोरी के कारण दबाव बढ़ा, जिसे बाजार नहीं झेल पाया और आखिरकार 700 से अधिक अंक टूटकर बंद हुआ। गुरुवार के कारोबारी सेशन में ग्रोथ की चिंता से जहां



आईटी कंपनियों के शेयर टूटे वहीं सरकार की ओर से तेल के निर्यात पर टैक्स बढ़ाए जाने से एनर्जी कंपनियों के शेयरों में भी कमजोरी आई। सेंसेक्स गुरुवार को 770 अंक गिरकर शेयर 58,767 अंकों पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 216 अंकों की कमजोरी आई, यह 17543 अंकों के लेवल पर बंद हुआ। सेक्टोरल इंडेक्स की बात करें तो निफ्टी रियल्टी, पीएसयू बैंक और निफ्टी ऑटो इंडेक्स में तेजी दिखी। वहीं, बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं, एफएमसीजी, आईटी, मेटल, फार्मा सेक्टर के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए।

## सरोगेट और भ्रामक विज्ञापनों को लेकर एडवर्टाइजर्स को चेतावनी

# सरकार बोली- सीसीपीए की गाइडलाइन का सख्ती से पालन हो, उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई होगी

नई दिल्ली, 1 सितंबर(एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने टेलीविजन और सोशल मीडिया पर भ्रामक विज्ञापनों को दिखाने को लेकर सख्ती दिखाई है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने बुधवार को विज्ञापन एजेंसियों को सरोगेट ऐड्स के लिए जारी की गई गाइडलाइन का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। सरकार का कहना है कि इसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मंत्रालय ने कहा कि यह देखा गया है कि विज्ञापन एजेंसियां सेंट्रल कंज्यूमर प्रोटेक्शन अथॉरिटी (सीसीपीए) की ओर से जारी गाइडलाइन का पालन नहीं कर रही हैं और प्रतिबंधित चीजों का किसी दूसरी चीजों या फिर दूसरे माध्यम से विज्ञापन किया जा रहा है। मंत्रालय ने कहा कि हाल ही में वर्ल्ड लेवल पर आयोजित कई खेलों में ऐसे सरोगेट एडवर्टाइजमेंट के उदाहरण देखे गए। साथ ही यह भी देखा गया कि म्यूजिक सीडी, क्लब सोडा और पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर की आड़ में कई शराब के ब्रांड का विज्ञापन किया जा रहा है। गुटका और तंबाकू का इलायची की आड़ में प्रचार किया जा रहा है। इसके अलावा, ऐसे कई ब्रांड सेलिब्रिटीज का भी इस्तेमाल कर रहे हैं, जिसका युवाओं पर गलत प्रभाव पड़ रहा है। मंत्रालय ने कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री, एसोचैम, इंटरनेशनल स्पिरिट्स एंड वाइन एसोसिएशन ऑफ इंडिया और इंडियन सोसाइटी ऑफ एडवरटाइजर्स को भ्रामक और सरोगेट एड से संबंधित प्रावधानों के दिशानिर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कहा है।

इसका पालन नहीं करने पर सीसीपीए की ओर से विज्ञापन एजेंसियां के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।यदि विज्ञापनों में दी गई जानकारी प्रोडक्ट में नहीं पाई जाती है, तो उन विज्ञापनों को भ्रामक विज्ञापन माना जाएगा। जो विज्ञापन उनके डिस्क्लेमर से अलग होते हैं, उन्हें भी भ्रामक विज्ञापन माना जाएगा। इसके अलावा, यदि कोई सेलिब्रिटी किसी विज्ञापन में कुछ दावा कर रहा है और वह सही नहीं पाया जाता है तो वह विज्ञापन भी भ्रामक विज्ञापन श्रेणी में आता है।

# सोने-चांदी के भाव में बड़ी गिरावट, 2500 रुपये सस्ती हुई चांदी

## 787 रुपये सस्ता हुआ गोल्ड

नई दिल्ली, 1 सितंबर(एजेंसियां)। सर्राफा बाजारों में गुरुवार को सोने-चांदी के हाजिर भाव में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। आज चांदी मंगलवार के बंद भाव की तुलना में जहां 2500 रुपये सस्ती मिल रही है, वहीं सोना भी 787 रुपये सस्ता हुआ है। 24 कैरेट सोना 50401 रुपये पर खुला, जो मंगलवार के बंद रेट से 787 रुपये प्रति 10 ग्राम सस्ता है। वहीं, चांदी भी 2500 रुपये टूट कर 51850 रुपये प्रति किलो के रेट पर खुली। अब शुद्ध सोना अपने ऑल टाइम हाई रेट से 56254 रुपये प्रति 10 ग्राम से 5853 रुपये सस्ता है। जबकि, चांदी अपने दो साल पहले के उच्च रेट 76008 रुपये प्रति किलो से 24185 रुपये सस्ती है। इसके अलावा 23 कैरेट गोल्ड की कीमत अब 50199 रुपये पर है। वहीं, 22 कैरेट 46167, जबकि 18 कैरेट 37801 और 14 कैरेट गोल्ड की कीमत अब 29485 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है। इसमें जीएसटी और ज्वैलर का मुनाफा नहीं जुड़ा है। 24 कैरेट सोने पर 3 फीसद जीएसटी यानी 1512 रुपये जोड़ लें तो इसका रेट 51913 रुपये हो जा रहा है। वहीं ज्वैलर का 10 फीसद मुनाफा जोड़ने के बाद सोने का भाव 57104 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच जा रहा है।



जीएसटी जोड़ने के बाद चांदी की कीमत 53405 रुपये प्रति किलो हो गई है। इसमें ज्वैलर का 10 से 15 फीसद मुनाफा अलग से है। यानी आपको 10 फीसद मुनाफा लेकर ज्वैलर करीब 58746 रुपये में देगा। 23 कैरेट गोल्ड पर भी 3 फीसद जीएसटी और 10 फीसद मुनाफा जोड़कर आपको मिलेगा 56875 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से। जबकि, 22 कैरेट सोने का भाव तीन फीसद जीएसटी के साथ यह 47552 रुपये का पड़ेगा। इससे बने जेवरों पर भी ज्वैलर्स का मुनाफा अलग से जोड़ने पर करीब 52307 रुपये का पड़ेगा। 18 कैरेट गोल्ड की कीमत 3 फीसद जीएसटी के साथ 38935 रुपये प्रति 10 ग्राम होगी। ज्वैलर का 10 पर्सेंट मुनाफा जोड़कर यह 42828 रुपये का पड़ेगा। अब 14 कैरेट सोने का भाव जीएसटी के साथ यह 30369 रुपये प्रति 10 ग्राम पड़ेगा। इस पर 10 पर्सेंट मुनाफा जोड़ लें तो यह 33406 रुपये का पड़ेगा।

## डिब्बाबंद खाने-पीने के समानों के पैकेट पर स्वास्थ्य चेतावनी को जरूरी मानते हैं 91 फीसदी लोग



नई दिल्ली, 1 सितंबर(एजेंसियां)। लोग चाहते हैं कि पैकेटबंद खाद्य पदार्थों पर स्वास्थ्य संबंधी चेतावनी अनिवार्य की जानी चाहिए। एक ऑनलाइन सर्वेक्षण में 91.4 फीसदी लोगों ने यह बात कही। उनका कहना था कि उपभोक्ताओं के लिए पैकेट पर यह जानकारी होनी चाहिए कि डिब्बाबंद खाद्य पदार्थ में वसा, नमक, चीनी आदि की मात्रा कितनी है। यह चेतावनी पैकेट के ऊपर एवं सामने होनी चाहिए ताकि आसानी से उस पर नजर पड़ सके। हाल में हुए इस सर्वे में 20 हजार से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया और अपनी राय जाहिर की। उनका मानना है कि उपभोक्ताओं की पसंद का ध्यान रखते हुए भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) को फूड लेबलिंग के बहुप्रतीक्षित मसौदा विनियमन को जल्द जारी करना चाहिए। यह पूछे जाने पर कि डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की ओर से निर्धारित सीमा से अधिक वसा, नमक और चीनी के स्तर को दर्शाने वाले चेतावनी लेबल से क्या वे खुद को सुरक्षित महसूस करेंगे, सर्वे में शामिल 99 फीसद लोगों ने इसका जवाब हां में दिया। इसके अलावा, 95 फीसद लोग चाहते हैं कि फूड पैकेट्स पर दिए गए चेतावनी लेबल में वसा, नमक और चीनी की मात्रा को स्पष्ट रूप से दर्शाया जाए।

# बाढ़ से तबाह पाकिस्तान में पेट्रोल 235 रुपये लीटर के पार, फिर भी भारत से है सस्ता



नई दिल्ली, 1 सितंबर(एजेंसियां)। आर्थिक तंगी की मार झेल रहे पाकिस्तान को भीषण बाढ़ की अब मार पड़ रही है। ऊपर से पाकिस्तान में कई चीजों के दाम आसमान छू रहे हैं। अब पाकिस्तान में एक बार फिर पेट्रोल की कीमतें बढ़ाई गई हैं, जिससे यहां पेट्रोल का दाम 235 रुपये प्रति लीटर के पार पहुंच गया है। हालांकि, यह अभी भी भारत में सबसे सस्ता बिक रहे पेट्रोल से बहुत थोड़ सा महंगा है। भारतीय रुपये में 235.98 पाकिस्तानी रुपये की वैल्यू 86.51 रुपये है। जबकि, पोर्ट ब्लेयर में एक लीटर पेट्रोल के दाम आज 84.10 रुपये है। भारत में पेट्रोल की औसत कीमत 100 रुपये प्रति लीटर है। इस हिसाब से देखें तो दिल्ली में 96.72 रुपये प्रति लीटर बिक रहे पेट्रोल से तो पाकिस्तान में पेट्रोल सस्ता ही है। पाकिस्तान की वेबसाइट डॉन के मुताबिक पेट्रोल की कीमतों में 2.07 रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की गई। वहीं हाई स्पीड डीजल भी 2.99 रुपये प्रति लीटर महंगा हो गया है। जबकि, केरोसिन में 10.92 रुपये और लाईट डीजल में 9.79 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। पाकिस्ता के वित्त मंत्रालय ने कहा, ₹पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों की पाक्षिक समीक्षा (15 दिन) में सरकार ने अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतों में बदलाव और विनिमय दर में उतार-चढ़ाव के अनुरूप पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में आंशिक वृद्धि करने की सिफारिश पर विचार किया है। उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करने के लिए पेट्रोलियम लेवी को न्यूनतम रखा गया है₹। 1-15 सितंबर की अवधि के लिए नई एक्स-डिपो कीमतें जारी की गई है। इसके मुताबिक पेट्रोल 235.98 रुपये, एचएसडी 247.43 रुपये, मिट्टी का तेल 210.32 रुपये और एलडीओ 201.54 रुपये प्रति लीटर हो गया है। वर्तमान में पाकिस्तान में जीएसटी सभी चार ईंधन उत्पादों पर 17 प्रतिशत की सामान्य कर दर के मुकाबले शून्य है।

# बढ़ती मांग के कारण अगस्त में भी निर्माण उद्योग मजबूत, महंगाई की चिंता घटी



नई दिल्ली, 1 सितंबर(एजेंसियां)। अगस्त महीने में भारत के निर्माण उद्योग की गतिविधियों में सुधार देखने को मिला है। हलांकि एस एंड पी ग्लोबल का पीएमआई जुलाई महीने के 56.4 की तुलना में मामूली रूप से कमजोर होकर 56.2 पर आ गया है। बता दें के 50 के ऊपर का पीएमआई आंकड़ा कारोबारी गतिविधियों में सुधार का संकेत देता है। अगस्त महीने में पीएमआई इंडेक्स के आंकड़े लगातार चौदहवें महीने में 50 अंको के ऊपर रहे हैं। S&P ग्लोबल की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि देश में डिमांड की स्थितियों में लगातार आ रहे सुधार से अगस्त महीने में देश के निर्माण उद्योग को मिल रहे ऑर्डर में वृद्धि हुई है। जिसके चलते आउटपुट ग्रोथ बीते नौ महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए हैं। इस महीने देश की उत्पादन गतिविधियों को निर्यात में आई तेजी और आने वाले वित्तीय वर्ष के अच्छे रुझानों के कारण मजबूती मिली है। एस एंड पी ग्लोबल की रिपोर्ट के अनुसार सर्वे में शामिल कंपनियों ने अपने प्रोडक्ट की कीमतों और मार्जिन में बढ़ोतरी की की उम्मीद जताई है। इन कंपनियों का मानना है कि हाल के दिनों में कॉमोडिटीज की कीमतों में आई गिरावट से महंगाई की चिंता कम हुई है। एस एंड पी ग्लोबल की सर्वे रिपोर्ट के अनुसार अगस्त महीने में उत्पादन लागत भी घटकर बीते एक वर्ष के निचले स्तर पर आ गई है। एल्यूमीनियम और स्टील जैसे कच्चे माल की कीमतों में नरमी आई है। वहीं दूसरी ओर तैयार माल के सेलिंग प्राइस हल्की ही सही पर बढ़ोतरी दर्ज की गई।

## जीएसटी में 28% उछाल, 1.43 लाख करोड़ रुपये के पार गया कलेक्शन



नई दिल्ली, 1 सितंबर(एजेंसियां)। जीएसटी कलेक्शन में उछाल का सिलसिला अगस्त महीने में भी बरकरार रहा। अगस्त 2022 के महीने में ग्रॉस जीएसटी कलेक्शन साल दर साल 28% उछला है। आंकड़ों के अनुसार, अगस्त का जीएसटी कलेक्शन 1,43,612 करोड़ रहा, जिसमें सीजीएसटी 24,710 करोड़, एसजीएसटी 30,951 करोड़, आईजीएसटी 77,782 करोड़ और उपकर है। आपको बता दें कि अगस्त 2022 के महीने के लिए राजस्व पिछले वर्ष के इसी महीने में 1,12,020 करोड़ के जीएसटी राजस्व से 28% अधिक है। वहीं, लगातार छह महीनों से मासिक जीएसटी राजस्व 1.4 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है। अगस्त 2022 तक जीएसटी राजस्व में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 33% की वृद्धि हुई है, जो बहुत अधिक उछाल दिखाता है। जुलाई 2022 के महीने के दौरान, 7.6 करोड़ ई-वे बिल जनरेट हुए, जो जून 2022 में 7.4 करोड़ से मामूली अधिक और जून 2021 में 6.4 करोड़ से 19% अधिक था। अप्रैल में सबसे ज्यादा कलेक्शनः आपको बता दें कि अप्रैल 2022 में अब तक का सबसे ज्यादा जीएसटी कलेक्शन हुआ है। अप्रैल में जीएसटी कलेक्शन 1 लाख 67 हजार करोड़ रुपये के पार पहुंच गया था। वहीं, जुलाई 2022 में कलेक्शन 1 लाख 48 हजार करोड़ रुपये के पार था। यह दूसरा बड़ा कलेक्शन है। भारत में केपीएमजी में इनडायरेक्ट टैक्स के पार्टनर अभिषेक जैन ने कहा, लगातार हाई कलेक्शन अच्छे संकेत हैं।

# मूडीज ने भारत की उम्मीदों को दिया झटका

## जीडीपी अनुमान घटाया



नई दिल्ली, 1 सितंबर(एजेंसियां)। मूडीज ने भारत की उम्मीदों को झटका दिया है। संस्था ने अनुमान लगाया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था 2022 में 7.7 प्रतिशत और 2023 में 5.2 प्रतिशत की तेजी के साथ आगे बढ़ेगी। जीडीपी अनुमान में लगातार गिरावट भारत के लिए अच्छे संकेत नही हैं। बता दें, बुधवार को सरकार की तरफ से जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार अप्रैल से जून के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था 13.5 प्रतिशत की रफ्तार से आगे बढ़ी थी। देश के अलग-अलग इकोनॉमिस्ट के अनुसार बढ़ती महंगाई और वैश्विक स्तर विकास की गति धीमी पड़ने का बुरा असर भारत पर भी दिखेगा। आने वाली तिमाही में जीडीपी की रफ्तार स्लो रह सकती है। बता दें, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने मंहगाई को नियंत्रित करने के लिए मई से अबतक रेपो रेट में 140 बेसिस प्वाइंट का इजाफा किया है। आखिरी बार ब्याज दरों में इजाफा 50 बेसिस प्वाइंट का किया गया था। मूडीज ने कंमेंट करते हुए लिखा,'जुलाई में मंहगाई दर गिरावट के बाद भी 6.7 प्रतशित थी। जोकि सेंट्रल बैंक के टारगेट रेंज 2 प्रतिशत से 6 प्रतिशत से अधिक है। यह लगातार सातवां महीना है जब महंगाई दर 6 प्रतिशत से अधिक बना हुआ है। रिजर्व बैंक के अनुमान के मुताबिक 2023 में महंगाई दर 5.8 प्रतिशत के बीच रहेगा। जनवरी से मार्च के बीच 5.8 प्रतिशत और अप्रैल से मई के बीच 5 प्रतिशत महंगाई कर रहने की उम्मीद है। वहीं आरबीआई की तरफ से रेपो रेट को अगस्त में 50 बेसिस प्वाइंट बढ़ाकर 5.4 प्रतिशत कर दिया गया है। ऐसे में उम्मीद कम है कि इस साल केंद्रीय बैंक की तरफ से कोई राहत दी जाएगी।' गोल्डमैन साक्स ने भी भारत के जीडीपी अनुमान को घटाया है। 2022 के लिए गोल्डमैन साक्स का अनुमान है कि भारतीय अर्थव्यवस्था 7.6 प्रतिशत की बजाए 7 प्रतिशत की रफ्तार से आगे बढ़ेगी। वहीं मौजूदा वित्त वर्ष के लिए नया अनुमान 7.2 प्रतिशत से घटाकर 7 प्रतिशत कर दिया गया है।

# एलपीजी सिलेंडर 100 रुपए सस्ता

## दिल्ली से पटना तक जारी हुए नए रेट

नई दिल्ली, 1 सितंबर(एजेंसियां)। एलपीजी सिलेंडर आज से 100 रुपये तक सस्ता हो गया है। इस महीने कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर सस्ते हुए थे। इंडियन ऑयल द्वारा आज यानी 1 सितंबर को एलपीजी के नए रेट जारी किए गए हैं, जिसके मुताबिक इंडेन का सिलेंडर दिल्ली में 91.50 रुपये, कोलकाता में 100 रुपये, मुंबई में 92.50 रुपये और चेन्नई में 96 रुपये सस्ता मिलेगा। यह कटौती दिल्ली से पटना, जयपुर से दिसपुर, लद्दाख से कन्याकुमारी तक हुई है। बता दें यह बदलाव केवल कामर्शियल सिलेंडर पर हुआ है। जबकि, 14.2 किलो वाला घरेलू एलपीजी सिलेंडर 6 जुलाई के रेट पर ही मिल रहा है। बता दें 6 जुलाई को घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 50 रुपये की बढ़ोतरी की गई थी। लेह 1299 आईजोल 1205 श्रीनगर 1169 पटना 1142.5 कन्या कुमारी 1137 अंडमान 1129 रांची 1110.5 शिमला 1097.5 डिब्रूगढ़ 1095 लखनऊ 1090.5 उदयपुर 1084.5 इंदौर 1081 कोलकाता 1079 देहरादून 1072 चेन्नई 1068.5 आगरा 1065.5




चंडीगढ़ 1062.5 विशाखापट्टनम 1061 अहमदाबाद 1060 भोपाल 1058.5 जयपुर 1056.5 बेंगलुरू 1055.5 दिल्ली 1053 मुंबई 1052.5 आज से दिल्ली में 19 किलो वाला एलपीजी सिलेंडर 1976.50 रुपये की जगह 1885 रुपये में मिलेगा। वहीं, कोलकाता में पहले यह 2095.50 रुपये में मिलता था, लेकिन एक सितंबर से 1995.50 रुपये में मिल रहा है। मुंबई में आज से कॉमर्शियल सिलेंडर की कीमत घटकर 1844 और चेन्नई में 2045 रुपये हो गई है।

# रिलायंस जैसी कंपनियों को झटका, सरकार ने विंडफॉल टैक्स बढ़ाया

## डीजल को विदेश भेजने पर देना होगा अधिक टैक्स

नई दिल्ली, 1 सितंबर(एजेंसियां)। सरकार ने डीजल के एक्सपोर्ट पर विंडफॉल टैक्स को बढ़ाकर 13.5 रुपये प्रति लीटर कर दिया है, जबकि विमानों के संचालन में इस्तेमाल होने वाले एटीएफ (एविएशन टर्बाइन फ्यूल) के एक्सपोर्ट पर इसे बढ़ाकर 9 रुपये प्रति लीटर किया गया है। वहीं, घरेलू सरकार ने घरेलू स्तर पर उत्पादित क्रूड ऑयल पर भी शुल्क 13000 रुपये प्रति टन 300 रुपये बढ़ाकर 13,300 रुपये कर दिया गया है। वित्त मंत्रालय की तरफ से 31 अगस्त की रात को नोटिफिकेशन जारी करके इसकी जानकारी दी गई थी। सरकार के इस नए फैसले से रिलायंस जैसी कंपनियों को झटका लगा है। सरकार की तरफ से जारी किए गए नोटिफिकेशन में कहा गया है कि



रिव्यू करने के बाद डीजल के एक्सपोर्ट पर विंडफॉल टैक्स को सात रुपये से बढ़ाकर 13.5 रुपये प्रति लीटर कर दिया, जबकि एटीएफ (एविएशन टर्बाइन फ्यूल) के निर्यात पर इसे दो रुपये बढ़ाकर 9 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया। बता दें, भारत ने पहली बार एक जुलाई को विंडफाल टैक्स लगाया गया था।

**कच्चे तेल की कीमतों में तेज इजाफा**

4 अगस्त को क्रूड ऑयल की कीमते घटकर 95 डॉलर प्रति बैरल हो गया था। आगे इसमें और गिरावट देखी गई। अगस्त के बीच में क्रूड ऑयल की कीमतें घटकर 92.34 डॉलर प्रति बैरल के लेवल पर आ गई थी। हालांकि, पिछले सप्ताह कीमतों में फिर तेजी देखने को मिली है। एक बार फिर कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल को बार कर गई हैं। बता दें, भारत अपनी जरूरतों को 85 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है। 17 अगस्त की तुलना में 30 अगस्त को भारत को एक बैरल तेल के लिए 11 प्रतिशत अधिक खर्च करना पड़ा था। ओपेक के द्वारा कच्चे तेल के प्रोडक्शन में कटौती के बाद से ही क्रूड ऑयल की कीमतों में तेजी देखने को मिल रही है।

**तेल की बढ़ती कीमतें हैं सरकार का सिरदर्द**

इंटरनेशनल मार्केट में कच्चे तेल की कीमतों में हो रहा इजाफा सरकार और रिजर्व बैंक के लिए सिरदर्द साबित हो सकता है। कीमतों में हो रही बढ़ोतरी की वजह से महंगाई को नियंत्रित करने के प्रयासों को झटका लग सकता है। बता दें, अप्रैल में महंगाई अपने उच्चतम स्तर 7.8 प्रतिशत के लेवल पर पहुंच गया था। वहीं, अगस्त में यह 6.71 प्रतिशत रहा है। महंगाई दर 6 प्रतिशत से अधिक होने की वजह से यह सरकार के लिए अब भी बड़ी चिंता है।

**क्या है विंडफॉल टैक्स**

विंडफॉल टैक्स ऐसी कंपनियों पर लगाया जाता है, जिन्हें किसी खास तरह के हालात से फायदा होता है।

यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमत में काफी तेजी आई थी। इससे तेल कंपनियों को काफी फायदा मिला था।

# रोना-धोना नहीं, 18 घंटे काम करो

## बॉम्बे शेविंग के सीईओ फ्रेशर्स से बोले- 5 साल खुद को झोंक दें; लोगों का जवाब- गुलाम तैयार होंगे

नई दिल्ली, 1 सितंबर(एजेंसियां)। बॉम्बे शेविंग कंपनी के सीईओ ने लिंक्डइन पर एक पोस्ट किया, जिसे लेकर लोग गुस्सा निकाल रहे हैं। दरअसल, सीईओ शांतनु देशपांडे ने फ्रेशर्स को दिन में 18 घंटे काम करने की सलाह दी थी। लिंक्डइन पर मंगलवार सुबह शेयर किए गए पोस्ट में उन्होंने लिखा कि यदि आप 22 साल के हैं और कंपनी में नई नौकरी है, तो अपने आप को इसमें झोंक दें। शांतनु ने आगे सलाह देते हुए लिखा- 'अच्छा खाओ और फिट रहो, लेकिन कम से कम 4-5 साल तक दिन में 18 घंटे काम करना जारी रखो। उन्होंने अपने पोस्ट में यह दावा भी किया कि फ्रेशर के लिए यह बेहद मददगार साबित होगा और चीजें धीरे-धीरे सही होती जाएंगी। अपने काम की पूजा करो और




रोना-धोना मत करो।' इस पोस्ट को करने के बाद देशपांडे सोशल मीडिया यूजर्स के निशाने पर आ गए। एक यूजर ने लिखा कि इन्हीं जैसे लोगों की वजह से गुलामों की नई जेनरेशन तैयार होगी जो शांतनु जैसे लोगों को अमीर बनाएगी। यह सही समय जब हमें इस तरह के शोषण करने वाले जहरीले वर्क कल्चर को बाय बोला जाए। एक अन्य यूजर ने उनके पोस्ट पर रिप्लाई देते हुए लिखा, 'सभी शुरुआती स्टार्टअप, रोना-धोना न करें बल्कि ग्राहकों को मुफ्त में प्रोडक्ट दें। प्रॉफिट के बारे में मत सोचें। उसने लिखा पहले ऐसा करें और फिर फ्रेशर्स से इस तरह की उम्मीद करें। केंद्र सरकार नए लेबर कोड को लागू करने पर काम कर रही है। यदि ऐसा होता है तो कर्मचारियों को रोजाना 12 घंटे तक काम करना पड़ सकता है। हालांकि, कर्मचारियों को सप्ताह में 48 घंटे ही काम करना होगा, यानी अगर वो 1 दिन में 12 घंटे काम करते हैं तो उन्हें सप्ताह में केवल चार दिन काम करना होगा। 44 सेंट्रल लेबर एक्ट को मिलाकर ये 4 नए लेबर कोड तैयार किए गए हैं। कई कंपनियां इसकी तैयारी कर रही हैं। इस कोड के तहत ईएसआईसी और ईपीएफओ की सुविधाओं को बढ़ाया गया है। इस कोड के लागू होने के बाद असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले वर्कर्स, गिग्स वर्कर्स, प्लेटफॉर्म वर्कर्स को भी ईएसआईसी की सुविधा मिलेगी। इसके अलावा किसी भी कर्मचारी को ग्रेच्युटी पाने के लिए पांच साल का इंतजार नहीं करना होगा। इस कोड में लीव पॉलिसी और सेफ एन्वायरमेंट तैयार करने की कोशिश की गई है। इस कोड के लागू होने के बाद 240 के बजाय 180 दिन काम के बाद ही लेबर छुट्टी पाने की हकदार बन जाएगी। इसके अलावा किसी कर्मचारी को वर्कप्लेस पर चोट लगने पर कम से कम 50% मुआवजा मिलेगा। इसमें 1 सप्ताह में अधिकतम 48 घंटे काम का भी प्रावधान शामिल है। यानी 12 घंटे की शिफ्ट वालों को सप्ताह में 4 दिन काम करने की छूट होगी। इसी तरह 10 घंटे की शिफ्ट वालों को 5 दिन और 8 घंटे की शिफ्ट वालों को सप्ताह में 6 दिन काम करना होगा।



# आज राज्यपाल जोधपुर में

## सरदार पटेल पुलिस यूनिवर्सिटी के कामकाज की समीक्षा करेंगे कलराज मिश्र



जोधपुर, 1 सितंबर (एजेंसियां)। राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र शुक्रवार से दो दिवसीय प्रवास पर जोधपुर और पाली दौर पर रहेंगे। राज्यपाल जोधपुर में सरदार पटेल पुलिस यूनिवर्सिटी के कामकाज की समीक्षा करेंगे। शाम को उनका एक और स्थानीय कार्यक्रम है। अगले दिन वे पाली के जाडन जाएंगे।

प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल कलराज मिश्र 2 सितंबर यानि की कल प्रातः 10.45 बजे जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। 10.55 बजे सरदार पटेल यूनिवर्सिटी जोधपुर के लिए रवाना होंगे। राज्यपाल 11.25 बजे सरदार पटेल यूनिवर्सिटी पहुंचेंगे तथा 11.30 बजे विश्वविद्यालय की समीक्षा बैठक में भाग लेंगे। इसके पश्चात दोपहर 3.35 बजे सर्किट हाउस के लिए रवाना होंगे। कार्यक्रम के तहत 5.40 बजे वे कायलाना जाएंगे तथा सांय 7 बजे सर्किट हाउस आयेंगे तथा रात्रि विश्राम सर्किट हाउस में करेंगे। शनिवार को 3 सितंबर को राज्यपाल कलराज मिश्र प्रातः 10.15 बजे जाडन-पाली के लिए रवाना होंगे।

# गहलोत बोले-कई एक्सईएन, अफसर ठेकेदारों के पार्टनर बन जाते हैं

## कहा-अफसर बिजनेस-पार्टनर ठेकेदारों से रिश्ते निभाते हैं, सड़कें छह महीने में टूट जाती हैं




जयपुर, 1 सितंबर (एजेंसियां)। सीएम अशोक गहलोत ने प्रदेश की खराब सड़कों को लेकर पीडब्ल्यूडी के अफसर और इंजीनियर्स को खरी-खरी सुनाई। गहलोत ने कहा- आजकल कई एक्सईएन तो ठेकेदार के पार्टनर बन जाते हैं। समय के साथ बहुत बदलाव आया है, करप्शन बहुत बढ़ गया है। कई एक्सईएन को मैं देखता हूं, नीचे के अफसर ठेकेदारों के पार्टनर बन जाते हैं। ठेकेदार फिर क्वालिटी से समझौता करता है और बिजनेस पार्टनर से रिश्ते भी निभाता है। इस कारण से सड़कों की क्वालिटी इतनी खराब बन जाती है कि छह महीने में ही टूट जाती हैं।

दरअसल, गुरुवार को प्रदेश में 3324 करोड़ की लागत से बनी 113 सड़कों का शिलान्यास व लोकार्पण का कार्यक्रम था। इस दौरान प्रदेश की खराब सड़कों और क्वालिटी को लेकर अफसरों की क्लास लगा दी। इस लाइव समारोह में वे बोले- सब कुछ मंजूर है लेकिन सड़कों की क्वालिटी से समझौता मंजूर नहीं होगा। हम सड़कों को बनाने के बाद थर्ड पार्टी जांच भी करवा रहे हैं। सड़कों की क्वालिटी चीफ इंजीनियर पर निर्भर है। आपके यहां आजादी के बाद से जो सिस्टम बना हुआ है, वह सिस्टम है। आप ठेकेदारों को दो टूक कह दीजिए कि क्वालिटी से समझौता बर्दाश्त नहीं होगा। मैं दो टूक कहना चाहता हूं कि मैं नीचे वालों को जिम्मेदार नहीं मानूंगा, जिम्मेदारी चीफ इंजीनियर की है। जो गड़बड़ी करते हैं उन्हें आप एपीओ करें, खिंचाई करें , कुछ भी करें लेकिन सड़कों की क्वालिटी से समझौता बर्दाश्त नहीं होगा।

**जोधपुर की खराब सड़कों का किया जिक्र**

इस कार्यक्रम में सीएम ने दोबारा जोधपुर की खराब सड़कों का जिक्र करते हुए कहा- मैं कल ही जोधपुर जाकर आया हूं। जोधपुर की पूरी सड़कें बर्बाद हो चुकी हैं। मुझे कहना पड़ा कि जिन अधिकारियों को यहां रहना है, उन्हें सड़कें ठीक करनी होंगी, रिपेयर करनी होंगी। यह बात खाली जोधपुर की नहीं है, यह हालत सब शहरों की बनी हुई है, गांवों की बनी हुई है। जो जिस पद पर बैठा है वह ईमानदारी से ड्यूटी निभा ले तो जनता की तकलीफ दूर हो जाएगी।

गहलोत ने कहा- ठेकेदार जब टेंडर लेता है तो उस सड़क की मेंटेनेंस की जिम्मेदारी उसकी होती है, एग्रीमेंट कर लिया, पाबंद कर दिया, बाद में आप उसे देखते ही नहीं हैं। ठेकेदार जानबूझकर उस सड़क को रिपेयर नहीं करता है और जनता तकलीफ पाती है। जनता में मैसेज गलत जाता है। हमारी लापरवाही से जनता तकलीफ पाती है। ठेकेदार को पाबंद किया हुआ है और टेंडर एग्रीमेंट में होता है कि सड़क की रिपेयर की जिम्मेदारी ठेकेदार की है, फिर मॉनिटरिंग का काम कौन करेगा। इसलिए अफसर अपने दिल से पूछकर काम करें कि वे पोस्ट पर बैठे हैं तो जनता की तकलीफ का ध्यान रखें।

**गुजरात की सड़कों पर बोले: नींद खुल जाए तो समझो गुजरात आ गया**

सीएम ने कहा राजस्थान में पिछले 20 साल में सड़कों में अच्छा काम हुआ है। राजस्थान की सड़कें अब गुजरात से अच्छी हो गई हैं। पहले कहा जाता था कि आप गुजरात से आ रहे हैं और झटकों से नींद खुल जाए तो समझो कि राजस्थान आ गया। अब गुजरात के लोग उसके उल्टी बात कहने लग गए हैं। अब लोग कहते हैं राजस्थान से यात्रा करते वक्त झटकों से नींद खुल जाए तो समझो गुजरात आ गया।

गहलोत ने कहा- सड़कें सरकार की टॉप प्रायोरिटी है। सड़कों के मामले में राजस्थान अव्वल बने, यह सरकार चाहती है। जब सड़कें अच्छी होंगी तो ही प्रदेश में निवेश आएगा, विकास होगा। अक्टूबर में जो इन्वेस्टमेंट समिट हो रहा है, उसके लिए 11 लाख करोड़ के एमओयू अब तक हो चुके हैं। राजस्थान में लॉ एंड ऑर्डर तुलनात्मक रूप से अच्छा है।

# सतीश पूनिया बोले- गहलोत का राजस्थान मॉडल फेल

## कहा - सीएम जोधपुर में 10 किलोमीटर भी हेलिकॉप्टर से गए, अन्यथा नट बोल्ट हिल जाते



जयपुर, 1 सितंबर (एजेंसियां)। बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने कहा राजस्थान की परम्परा, संस्कृति, आचार-विचार, भाईचारे पर जादूगर की नजर लग गई। वही जादूगर जो गुजरात में जाकर राजस्थान मॉडल की बात करते हैं। 2018 चुनाव के जन घोषणा पत्र में जिसने एक भरोसा दिलाया और वादा किया कि जनसुरक्षा देंगे। महिलाओं की सुरक्षा का ख्याल रखेंगे। पुलिस को आधुनिक बनाएंगे, संसाधनों से लैस करेंगे। जन घोषणा पत्र की कितनी बातें थोथी हैं, कितनी कागजों पर उतरीं। मैं उस पर नहीं जाऊंगा। लेकिन गुजरात में राजस्थान का जो मॉडल कहा जाता है, वो है- दुष्कर्म में नम्बर 1, भ्रष्टाचार, महंगाई, डीजल-पेट्रोल मूल्य वृद्धि, बेरोजगारी, साइबर क्राइम और बिजली की महंगाई में नम्बर वन।

**राजस्थान में 17 रेप हर दिन हो रहे**

पूनिया ने राजस्थान मॉडल को फेल बताते हुए कहा-हम ऐसी सरकार की सरपरस्ती में शर्मसार हैं, जहां एनसीआरबी आंकड़ों के जरिए इस बात को सर्टीफाइड करता है। 6337 केवल बलात्कार के आंकड़े हैं। राजस्थान में 17 बलात्कार प्रतिदिन होने से क्या राजस्थान शर्मसार नहीं होगा। कभी बिहार और उत्तरप्रदेश की बिगड़ी कानून व्यवस्था पर चर्चा होती थी। लोग सड़कों पर कहते थे कि ये लालू-मुलायम का यूपी-बिहार नहीं है। आज लोग उससे पीछे छूट गए। राजस्थान आज अपराधों में नम्बर 1 है। जब उदयपुर में किसी कन्हैयालाल का गला काट दिया जाता है, तो उदयपुर के पर्यटन को सबसे ज्यादा प्रभावित होना पड़ता है। होटल्स की बुकिंग कैंसल हो जाती हैं और टूरिस्ट टिकट कैंसिल करवा लेते हैं। देश में आने वाला हर तीसरा पर्यटक राजस्थान आता है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था का बड़ा कारण पर्यटन है। प्रदेश में आने वाला पर्यटक जयपुर, उदयपुर, जोधपुर जाता है। कानून व्यवस्था की कमजोरी के कारण कितने लोगों की रोजी रोटी पर मार पड़ी होगी, अंदाजा लगाया जा सकता है।

बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने जयपुर में अपने जन संवाद केंद्र पर मीडिया से रूबरू होकर कहा- मैंने जनता से लाइव आकर संवाद किया है। मैंने अशोक गहलोत का दौरा भी देखा।जिसमें उन्होंने अपने गृह क्षेत्र जोधपुर में 10 किलोमीटर की यात्रा भी हेलिकॉप्टर से की। जानकारी में आया उस सड़क पर 10 किलोमीटर में इतने खड्डे थे, कि मुख्यमंत्री के नट बोल हिल जाते, गाड़ी के तो हिलते ही। इसलिए उन्होंने हेलिकॉप्टर से यात्रा की। फिर मैंने उनका एक वीडियो देखा, जिसमें सीएम जोधपुर शहर की मेयर से मुखातिब होते हैं, मेयर कह रही हैं कि फंड नहीं है तो डेवलपमेंट कैसे होगा।

# यूथ कांग्रेस, सेवादल, एनएसयूआई से दफ्तर खाली करवाने पर विवाद

## मंत्री चांदना ने सीएम को लिखा- हेडक्वार्टर खाली करवाने से मन दुखी



जयपुर, 1 सितंबर (एजेंसियां)। राजस्थान में कांग्रेस के तीन अग्रिम संगठनों से उनके हेडक्वर्टर खाली करवाने पर विवाद हो गया है। कलेक्ट्रेट के पास एनएसयूआई, सेवादल और यूथ कांग्रेस के मौजूदा दफ्तरों को सरकार ने खाली करवा लिया है। खेल मंत्री अशोक चांदना ने इस पर सवाल उठाते हुए सीएम अशोक गहलोत को चिट्ठी लिखकर विरोध जताया है।

अशोक चांदना ने सीएम को चिट्ठी में लिखा- कांग्रेस के अग्रिम संगठन सेवादल, यूथ कांग्रेस और एनएसयूआई के बनीपार्क हेडक्ववार्टर को खाली करवाने की सूचना से मन पीड़ित (दुखी) है। मेरा मानना है कि यह तीनों ही संगठनों और उनके कार्यकर्ताओं के साथ न्याय नहीं है। कार्यकर्ताओं की भावनाओं को देखते हुए इस पर संज्ञान लेना चाहिए। अशोक चांदना ने सीएम से पूरे मामले में दखल देने की मांग की है।

अशोक चांदना इससे पहले खेल परिषद से जुड़े मामले में सीएम के प्रमुख सचिव पर आरोप लगाकर इस्तीफे की पेशकश कर चुके हैं। इसके बाद मुख्यमंत्री से मिलने के बाद इस मामले में चांदना ने अपना स्टैंड बदला था। अशोक चांदना खेल परिषद अध्यक्ष से विवाद को लेकर भी चर्चा में रहे हैं। अब भी दोनों के बीच कोल्ड वॉर की चर्चाएं होती रहती हैं। अब अशोक चांदना ने अग्रिम संगठनों के दफ्तर खाली करवाने पर सवाल उठाकर फिर सियासी चर्चाएं छेड़ दी हैं।

कांग्रेस सेवादल, यूथ कांग्रेस और एनएसयूआई के बनीपार्क के दफ्तर खाली करवाकर इसका कब्जा पीडब्ल्यूडी को दिया गया है। इसके बाद अब तीनों संगठनों के पास अब खुद का दफ्तर नहीं रह गया है। पहले कांग्रेस ने अस्पताल रोड पर बंगला आवंटित करवाने के लिए कलेक्ट्रेट के पास तीनों अग्रिम संगठनों के दफ्तर सरेंडर करने करने का फैसला किया। अस्पताल रोड पर कांग्रेस के नाम दफ्तर के लिए बंगला अलॉट हो गया, लेकिन अब पार्टी वहां पर वॉर रूम बनाने जा रही है। इस वजह से अग्रिम संगठनों को वहां दफ्तर नहीं मिलेगा।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के लिए मानसरोवर में सरकार ने जमीन अलॉट करने का फैसला किया है। पहले कांग्रेस ने अग्रिम संगठनों के मुख्यालय वाला बंगला पीडब्ल्यूडी को सरेंडर किया। इसके बदले अस्पताल रोड पर बंगला लिया। जब अग्रिम संगठनों का दफ्तर खाली हो गया तो पार्टी ने अस्पताल रोड के बंगले पर फिलहाल पार्टी का वॉर रूम बनाने का फैसला करके अग्रिम संगठनों को नई जगह शिफ्ट होने से रोक दिया।

# सितंबर में भारी बारिश की चेतावनी

## 7 सितंबर के बाद दोबारा एक्टिव होगा मानसून 4 दिन की गर्मी और फिर बारिश का दौर



जयपुर, 1 सितंबर (एजेंसियां)। अगस्त में चले मानसून के दौर के बाद एक बार ब्रेक लग चुका है। ऐसे में गर्मी ने अपना पारा बढ़ा दिया है। लेकिन, एक बार फिर से सितंबर में भारी बारिश की चेतावनी जारी कर दी गई है। वर्तमान में अधिकांश जिलों में मौसम साफ होने से तापमान भी 40 डिग्री के करीब पहुंच गया है। लेकिन, इस गर्मी के बाद एक बार फिर मानसून एक्टिव होने सकी संभावना है।

जानकारी के अनुसार, मौसम केन्द्र नई दिल्ली के मुताबिक सितम्बर में इस बार सामान्य से कहीं अधिक बारिश होने का पूर्वानुमान जताया है। इसमें सेंट्रल इंडिया के उत्तर प्रदेश (पश्चिमी, दक्षिणी हिस्सा), मध्य प्रदेश (उत्तरी व पूर्वी हिस्सा) और राजस्थान (पूर्वी व सेंट्रल) के हिस्सों में कहीं-कहीं भारी बारिश से अतिभारी बारिश हो सकती है। मौसम केंद्र के अनुसार पूर्वी राजस्थान के कोटा, झालावाड़, बारां व भरतपुर संभाग के पूरे हिस्से में बारिश होगी। जबकि सेंट्रल हिस्सा जयपुर, अजमेर, भीलवाड़ा और पाली समेत आस-पास के इलाकों में भी बारिश का दौर चलेगा। जयपुर और जोधपुर संभाग के आंशिक हिस्सा भारी बारिश से प्रभावित हो सकता है। हालांकि पश्चिमी राजस्थान (बीकानेर, जालोर, सिरोही, बाड़मेर, जैसलमेर) के हिस्से में थोड़ी कम बारिश होने का अनुमान है।

**5 सितंबर तक बारिश की संभावना नहीं**

जयपुर मौसम केन्द्र से जारी फोर कास्ट के मुताबिक 2 से लेकर 5 सितम्बर तक राज्य के किसी भी हिस्से में अच्छी या तेज बारिश होने की कोई संभावना नहीं है। इसके के कारण सभी जगह मौसम साफ रहेगा और तापमान में इजाफा होगा। बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में भी अभी कोई साइक्लोनिक सिस्टम एक्टिव नहीं है, जिससे अच्छा मॉइश्चर राजस्थान को मिल रहा हो। केवल लोकल लेवल पर मौजूद मॉइश्चर से कहीं-कहीं बूंदाबांदी या हल्की बारिश हो सकती है।

# राजस्थान में पायलट समर्थक करेंगे शक्ति प्रदर्शन

**सचिन के बर्थडे पर एक दिन पहले जुटेंगे; जयपुर से बड़ा मैसेज देने की तैयारी**



जयपुर, 1 सितंबर (एजेंसियां)। पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट के जन्मदिन से एक दिन पहले जयपुर में उनके समर्थक बड़ी संख्या में जुटने की तैयारी में है। सचिन पायलट का जन्मदिन 7 सितंबर को है, लेकिन इस बार समर्थकों से मिलने का कार्यक्रम 6 सितंबर को रखा गया है।

7 सितंबर से राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा शुरू हो रही है इसलिए पायलट उसमें शामिल होने कन्याकुमारी जाएंगे, इस वजह से जन्मदिन से एक दिन पहले समर्थकों से मिलने का कार्यक्रम तय किया गया है। बदले हालात के बीच इस बार पायलट के जन्मदिन पर जुटने वाली भीड़ के सियासी मायने हैं।

कोरोनाकाल के दो साल बाद इस बार भीड़ जुटाने पर कोई पाबंदी नहीं है, इसलिए पायलट समर्थक बड़ी तादाद में जुटने के प्रयास में हैं। पिछले साल कोरोना काल की पाबंदियों के बीच ही पायलट ने अपने समर्थकों से सिविल लाइंस बंगले के बाहर मुलाकात की थी। इस बार बड़े आयोजन की तैयारी है। प्रदेश भर में ब्लड डोनेशन और वृक्षारोपण के कार्यक्रमों की तैयारी की जा रही है। हर जिले में पायलट समर्थक जन्मदिन पर कार्यक्रम करने जा रहे हैं।

**पायलट की अगली जिम्मेदारी पर सबकी निगाह**

सचिन पायलट को सत्ता या संगठन में भूमिका दिए जाने पर जल्द फैसला होने के आसार हैं। पिछले दो साल से ज्यादा समय से पायलट के पास कोई पद नहीं है। बताया जाता है कि सुलह कमेटी की सिफारिशों में तय फार्मूला के हिसाब से हाईकमान ने उन्हें सम्मान जनक जिम्मेदारी दिए जाने का आश्वासन मिला हुआ है,पायलट समर्थकों को अब उसी का इंतजार है।

सरकार में हुई राजनीतिक नियुक्तियों में कई पायलट समर्थकों को जगह दी गई है। पिछले साल मंत्रिमंडल विस्तार-फेरबदल में भी उनके समर्थकों को जगह दी गई है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव से पहले राजस्थान कांग्रेस में गहमागहमी सचिन पायलट के जन्मदिन पर होने वाले कार्यक्रमों का सियासी महत्व उनकी टाइमिंग की वजह से है। इसी महीने 22 सितंबर से कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव का नोटिफिकेशन जारी होने के साथ ही प्रोसेस शुरू हो रहा है।

पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव पर कौन चेहरा आता है, इसे लेकर राजस्थान कांग्रेस में भी सियासत गर्माई हुई है।

# बीजेपी विधायक दिलावर बोले- सड़कों का हाल भी देखो

**कहा- गरीब आदमी हेलिकॉप्टर कहां से लाए, उन्हें तो गड्ढों से ही निकलना है**



कोटा, 1 सितंबर (एजेंसियां)। बीजेपी के प्रदेश महामंत्री व रामगंजमंडी से विधायक मदन दिलावर ने कोटा जिले की खस्ताहाल सड़कों को लेकर सरकार पर निशाना साधा है। दिलावर ने वीडियो बयान जारी कर कहा मुख्यमंत्री तो हेलिकॉप्टर से जाते हैं,गरीब आदमी हेलिकॉप्टर कहां से लाए?उन्हें तो उन्हीं गड्ढों से निकलना है,गाड़ियां तुड़वानी है,पैर तुड़वाने है। जोधपुर की सड़कों का हाल तो मुख्यमंत्री ने देख लिया कभी कभी रामगंजमंडी व कोटा जिले की सड़कों के हाल भी देख लो।

उन्होंने आरोप लगाया यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने कोटा जिले में भ्रष्टाचार किया है। उस पर भी जरा मुख्यमंत्री नजर डालें। गोबरिया बावड़ी में 28 करोड़ की लागत से अंडरब्रिज बनाया था। जीरो हो गया है। 1 महीने से बंद कर रखा है। कितना पैसा खाने की छूट देंगे चोरों को?लूटपाट कितनी करवाओगे? अच्छा काम कर कहां रहे हैं।

आपसे आग्रह है,आइए रामगंजमंडी व कोटा जिले की सड़कों को देखिए, तो आपको पता चलेगा कि आपका डिपार्टमेंट, आपके अधिकारी नोट लूट लूट कर ऊपर कितना पहुंचा रहे! शायद इसीलिए चुप्पी साध रखी है, क्योंकि मोटी रकम पहुंच जाती है। इसीलिए कोई चिंता नहीं करता।

# पेट्रोल पंप पर अचानक बाइक में लगी आग

जैसलमेर, 1 सितंबर (एजेंसियां)। पेट्रोल पंप पर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब वहां खड़ी एक बाइक में अचानक आग लग गई। बाइक में लगती आग को देख वहां मौजूद लोग भी डर गए। इस पर एक कर्मचारी ने बड़ी सूझबूझ से आग पर काबू पाया। घटना जैसलमेर शहर में बुधवार रात 8 बजे नीरज बस स्टैंड के पास बने पेट्रोल पंप की है। दरअसल, पेट्रोल पंप पर एक बाइक सवार पेट्रोल भरवाने आया था। पेट्रोल पंप पर बस और कार सवार समेत करीब 7 से 8 बाइक सवार मौजूद थे। युवक बाइक को स्टार्ट कर एक तरफ खड़ा था और अपनी बारी का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान अचानक से इंजन में आग लगना शुरू हो गई। इस दौरान युवक भी बाइक पर ही बैठा था। वह नीचे उतरा और आग बुझाने के प्रयास करने लगा। इस पर पंप पर मौजूद कर्मचारी ने बाइक में आग देख फायर फाइटिंग इक्विपमेंट लेकर आया और आग बुझाई।

पेट्रोल पंप संचालक जयंत सांवल ने बताया कि पेट्रोल पंप पर कई लोग मौजूद थे। यह गनीमत थी कि वह एक तरफ खड़ा था और अचानक से आग लग गई।

# एएसआई ने कॉलर पकड़कर घसीटा, सिर फटा



भरतपुर, 1 सितंबर (एजेंसियां)। मेले के बीच एक व्यक्ति को स्टेज से उतारकर एएसआई ने बुरी तरह से पीटा। पुलिसकर्मी उसे सड़क पर घसीटता रहा। उसका सिर फट गया और वह लहूलुहान हो गया। वह व्यक्ति स्टेज पर चढ़ने जा रहा था तभी वहां मौजूद एएसआई ने उसका कॉलर पकड़ लिया। इसका वीडियो भी सामने आया है। इधर, पुलिस का दावा है कि व्यक्ति शराब के नशे में था।

घटना बुधवार रात भरतपुर के कामां की है। कामां नगर पालिका की ओर से हर साल भोजन थाली मेला का आयोजन किया जाता है। बुधवार शाम को इसमें रागिनी का कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान अनिल कौशिक(48) स्टेज पर चढ़ने की कोशिश करने लगा।

इस पर वहां मौजूद कामां थाने के एएसआई जगराम ने उसका कॉलर पकड़ लिया और घसीटते हुए उसे नीचे उतार लिया। इतना ही नहीं स्टेज से उतारने के बाद भी वह कॉलर पकड़कर उसे घसीटता रहा। इस दौरान उसके सिर में चोट आई और खून बहने लगा। उसे हॉस्पिटल ले जाया गया।

**3 सितंबर तक चलेगा मेला, 100 पुलिसकर्मी तैनात**

भोजन थाली मेला 29 अगस्त से शुरू हुआ था। यह 3 सितंबर तक चलेगा। बड़ी संख्या में लोग मेला देखने आ रहे हैं। एएसपी रघुवीर सिंह कविया का कहना है कि वीडियो सामने आने के बाद कामां थाना अधिकारी दौलत साहू से जानकारी ली है। एक व्यक्ति शराब के नशे में स्टेज पर चढ़ने की कोशिश कर रहा था।

उसे लॉ एंड ऑर्डर बनाए रखने के लिए रोका गया, लेकिन वह नहीं माना। इसके बाद पुलिस ने उसे स्टेज से उतारा। मेले में करीब 100 से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात थे।

# स्टूडेंट ने पीटने पर टीचर को मारा

**बोला, सॉरी बोलने पर भी मारते रहे, लोहे की पाइप से पीठ लाल की**

सीकर, 1 सितंबर (एजेंसियां)। 12th क्लास में पढ़ने वाले एक स्टूडेंट के साथ बेरहमी से मारपीट का मामला सामने आया है। स्कूल के टीचर, प्रिंसिपल से लेकर डायरेक्टर तक पर पीटने का आरोप लगाया है। बच्चे का कहना है कि, उसे बिना कारण लोहे की पाइट से पीटा गया। उसके पीठ पर पाइप के निशान भी है। वहीं टीचर का आरोप है कि, बच्चे उन पर हाथ उठाया था। पुलिस में दोनों ओर से मामला दर्ज करवाया गया है।

मामला सीकर के श्रीमाधोपुर का है। 16 साल का स्टूडेंट एक निजी स्कूल में पढ़ता है। बच्चा लालसोट, दौसा का रहने वाला है। 3 महीने पहले अपने चाचा एईएन रामकेश के साथ सीकर आकर स्कूल में एडमिशन लिया था। बच्चे के चाचा ने बताया कि 31 अगस्त की सुबह स्कूल से फोन आया था। स्टाफ ने कहा कि, आप अपने भतीजे को घर ले जाए। स्कूल से लेकर उसे घर छोड़ दिया। उसके बाद ऑफिस चला गया। शाम को घर आकर देखा तो भतीजा सोया हुआ था। बच्चे को उठाया और लेट तक सोने का कारण पूछा। तब उसने पूरे घटनाक्रम के बारे में बताया।

**टीचर-प्रिंसिपल ने मारा थप्पड़, डायरेक्टर ने लोहे की पाइप से पीटा**

बच्चे ने बताया कि सुबह करीब 8 बजे वह स्कूल के असेंबली ग्राउंड में था। इस दौरान टीचर ने आगे आने की बात कही। वह आगे की तरफ चलने लगा। इस दौरान टीचर ने बिना बात के थप्पड़ मारना शुरू कर दिया। पीछे की तरफ मुड़ने लगा तो गलती से हाथ टीचर को टच हो गया। इसके बाद स्कूल प्रिंसिपल सागरमल ने अपने ऑफिस में बुलाकर मारपीट की। टीचर ने उसे चार-पांच थप्पड़ मारे तो उसने सेल्फ डिफेन्स में टीचर को एक बार मारी। मैंने टीचर्स को सॉरी भी बोला।

# रेवंत ने सीएम केसीआर को लिखा पत्र

## शहीद जवान यादैया के परिवार के साथ न्याय करने का आग्रह

हैदराबाद, 1 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। टीपीसीसी प्रमुख और कांग्रेस सांसद ए. रेवंत रेड्डी ने आज मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव को एक पत्र लिखा और उनसे शहीद जवान यदैया के परिवार के सदस्यों को वित्तीय सहायता देने का आग्रह किया। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार शहीद के परिजनों की मदद करने में लापरवाही बरत रही है। यह उल्लेख करते हुए कि मुख्यमंत्री देश भर में जा रहे हैं और अन्य राज्यों के लोगों को पैसा बांट रहे हैं, उन्होंने केसीआर से पहले तेलंगाना राज्य के शहीदों और किसानों को वित्तीय सहायता देने के लिए कहा। यह स्पष्ट करते हुए कि कांग्रेस पार्टी को अन्य राज्यों के शहीद सैनिकों और किसान परिवारों के साथ पूरी सहानुभूति है, रेवंत ने कहा कि जिस तरह से मुख्यमंत्री अपने अपने राज्य के लोगों की अनदेखी करते हुए दूसरे



राज्यों के लोगों को वित्तीय सहायता प्रदान कर रहे हैं, वे उस पर आपत्ति कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री के बिहार दौरे का जिक्र करते हुए उन्होंने दावा किया कि इस यात्रा ने स्पष्ट रूप से गलवान घाटी के शहीदों के परिवार के सदस्यों को वित्तीय सहायता देने के बजाय राष्ट्रीय स्तर पर अपनी उपस्थिति का विस्तार करने की मुख्यमंत्री की प्रबल इच्छा को दिखाया है। उन्होंने दावा किया कि सीएम शहीद जवानों के परिवार के सदस्यों को अपने फायदे के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि महबूबनगर जिले के वंगूर मंडल के कोंडारेड्डीपल्ले के मूल निवासी यदैया 2013 में जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों के साथ गोलीबारी के दौरान शहीद हो गए थे। उन्होंने सीएम को बताया कि उनकी बेटी कविता ने यदैया के परिवार के सदस्यों से व्यक्तिगत मुलाकात की और शहीद के पात्र परिवार के सदस्यों को पांच एकड़ जमीन, घर की जगह और एक सरकारी नौकरी देने का वादा किया।

रेवंत रेड्डी ने सीएम से कहा कि कविता ने जो वादा किया है, वह नौ साल बाद भी पूरा नहीं हुआ। उन्होंने मांग की कि सीएम यदैया के परिवार के सदस्यों की मदद के लिए तत्काल कदम उठाएं, जिसमें परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदान करना शामिल है।

# पीड़ितों को मदद देकर सीएम केसीआर ने किया सराहनीय कार्य : बिनय यादव

## तेलंगाना में रहने वाले दूसरे प्रदेश के लोगों जाति प्रमाण-पत्र दिलाने का अनुरोध

हैदराबाद, 1 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। बिहार सहयोग समिति, तेलंगाना के अध्यक्ष बिनय कुमार यादव ने कहा कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर द्वारा गलवान के शहीदों के परिजनों और सिकंदराबाद में अग्निकांड में मारे गए बारह लोगों के परिजनों को बिहार जाकर आर्थिक सहायता का 5 लाख रूपए का चेक प्रदान करना एक सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि घटना के समय मुख्यमंत्री केसीआर ने मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता देने ऐलान किया था और उन्होंने अपना वादा पूरा कर दिया। इससे तेलंगाना में रह रहे बिहार के लोगों का हौसला बढ़ा है। उन्होंने कहा कि घटना के दिन बिहार सहयोग समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने पीड़ितों की गांधी हॉस्पिटल में मदद की थी। उन्होंने कहा कि तेलंगाना सरकार अब ऐसा कदम उठाना चाहिए कि घटना की दुबारा पुनरावृत्ति न हो। तेलंगाना में काम रहे सभी श्रमिकों की सुरक्षा के जुड़े आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि तेलंगाना के कई वर्षो से रह रहे लोगों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसमें सबसे बड़ी समस्या है कि रोजी-रोजी के लिए वर्षो पहले आए दूसरे राज्यों के लोगों के बच्चों को जाति प्रमाण पत्र नहीं मिल रहा है। सबसे कष्टकारी यह है कि तेलंगाना में कक्षा एक से उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों को वीसी, एससी प्रमाण-पत्र नहीं मिल रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री केसीआर से बिहार, यूपी और दूसरे राज्यों के छात्रों को जाति प्रमाण- पत्र प्रदान करवाने की मांग की है।

# राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण का कार्य जल्द पूरा किया जाए : जिला कलेक्टर

आसिफाबाद, 1 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। जिला कलेक्टर राहुल राज ने कहा कि जिले में चार राष्ट्रीय राजमार्ग, तालाब व नहरों के निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण का कार्य शीघ्र पूरा किया जाए.श।

गुरुवार को जिले के समाहरणालय भवन सभागार में राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग, राजस्व, सिंचाई, सड़क एवं भवन, पंचायत राज विभाग के इंजीनियरिंग विभाग और सिंगरेनी निगम के अधिकारियों के साथ जिला अपर कलेक्टर राजेशम के साथ समीक्षा बैठक की गयी। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण हेतु भूमि अधिग्रहण के क्रम में लंबित अवार्ड एवं अन्य अनुमतियों में तेजी लाई जाये, सर्वे शीघ्र पूरा



किया जाये तथा जगन्नाथपुर परियोजना नहरों के साथ ही तालाबों एवं जिले में नहरों का निर्माण कार्य पूर्ण कराकर कार्य कराया जाये, जमीन गंवाने वाले भूस्वामियों को मुआवजा दिया जाये और भूमिहीनों को सभी सुविधाएं उपलब्ध करायी जाये। इस अवसर पर न्यायालय में लंबित भूमि संबंधी मामलों की समीक्षा की गई।इस अवसर पर जिला राजस्व अधिकारी सुरेश, राजस्वा मंडल अधिकारी, राष्ट्रीय राजमार्ग निगम परियोजना अधिकारी एम. रविंदर राव, एस. ओ जी. एम. के.एच.एन. गुप्ता, सिंचाई विभाग ई. गुणवंत राव, संबंधित विभागों के अधिकारी एवं अन्य ने भाग लिया।



महेश बैंक प्रधान कार्यालय में गणेश चतुर्थी पर गणेश प्रतिमा की पूजा-अर्चना करते हुए बैंक के चेयरमैन रमेश कुमार बंग। साथ में हैं निदेशकगण सीए मुरली मोहन पलोड, बृजगोपाल असावा, रमाकांत इन्नाणी, सीए सुमन हेडा व र्कचारीगण।

# सिलेंडर फटने से एक की मौत, दो घायल

हैदराबाद, 1 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। रंगारेड्डी जिले के शेरिंगमपल्ली के रेल विहार कॉलोनी में एक रसोई गैस सिलेंडर फटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

विस्फोट में घर की छत भी गिर गई। घायलों को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। चंदाननगर सर्कल इंस्पेक्टर नागेश्वर राव ने कहा कि गैस सिलेंडर में विस्फोट होने पर घर में चार लोग थे। सभी पीड़ित राजस्थान राज्य के मूल निवासी थे। सीआई ने कहा कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# हुसैन सागर में गणेश विसर्जन शुरू

हैदराबाद, 1 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। शहर में विसर्जन जुलूस शुरू होने के साथ ही विनायक चविथी के दूसरे दिन हैदराबाद में टैंक बांध में सैकड़ों श्रद्धालु और आगंतुक उमड़ पड़े। कई क्षेत्रों के लोगों ने हुसैन सागर में भगवान विनायक का विसर्जन जुलूस निकाला।

हुसैन सागर का स्थान रंगीन हो गया और हैदराबाद की महान संस्कृतियों को प्रतिध्वनित कर रहा है।

ढोल-नगाड़ों की थाप के बीच श्रद्धालु टैंक बांध तक जुलूस निकाल रहे हैं और हुसैन सागर में भगवान विनायक की प्रतिमाओं का विसर्जित कर रहे हैं। दूसरी तरफ जीएचएमसी के अधिकारी हुसैन सागर से मूर्तियां हटा रहे हैं।

# एनएएआरएम का 47वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित

हैदराबाद, 1 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। एनएएआरएम (नार्म) के 47वें स्थापना दिवस समारोह में भाकृअनुप के डेयर सचिव एवं महानिदेशक डॉ. हिमांशु पाठक मुख्य अतिथि के रूप में सभा को ऑनलाइन संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि आईसीएआर और संपूर्ण राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान और विस्तार प्रणाली (एनएआरईएस) के थिंक टैंक के रूप में अधिक ध्यान समय की आवश्यकता है और नार्म को सही समाधान कैसे देना है और कैसे सही सेवा प्रदान करना है, इस पर नए निर्देश और मार्गदर्शन के साथ सामने आना चाहिए।

संस्थागत आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए हमें नए और प्रभावी परिणाम प्राप्त करने के लिए सोच, योजना और निष्पादन के विभिन्न नए तरीकों की आवश्यकता है। सही समय पर सही व्यक्ति से संवाद



करना कृषि क्षेत्र के विभिन्न हितधारकों तक पहुंचने में सफलता की कुंजी है।

डॉ चौ. श्रीनिवास राव, निदेशक, भाकृअनुप-नार्म ने समारोह की अध्यक्षता की। उन्होंने नार्म की उपलब्धियों और गतिविधियों को प्रस्तुत किया और बताया कि पिछले कुछ वर्षों में परिवर्तन कैसे हुआ है जिसके कारण नार्म को आईसीएआर सर्वश्रेष्ठ संस्थान पुरस्कार-2021 के रूप में चुना गया था। उन्होंने बताया कि भारत में कृषि शिक्षा के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा को आकर्षित करना है। उन्होंने कहा कि कृषि छात्रों को नौकरी प्रदाता बनने के लिए प्रोत्साहित किया और इस बात पर प्रकाश डाला कि स्टार्टअप अपने व्यवसाय की स्थापना में ए-आईडीईए से कैसे सहायता प्राप्त कर सकते हैं। विभिन्न श्रेणियों के तहत सभी पुरस्कार विजेताओं को नार्म पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर डॉ. जी. वेंकटेश्वरलू, संयुक्त निदेशक, भाकृअनुप-नार्म ने हरित क्रांति को संजोने के लिए अंतर्राष्ट्रीय गेस्ट हाउस-1 का नाम बदलकर "हरित आईजीएच -1" और नीली क्रांति को संजोने के लिए अंतर्राष्ट्रीय गेस्ट हाउस II को "सागरिका आईजीएच -2" के रूप में नामित करने की घोषणा की। कार्यक्रम का समापन संयुक्त निदेशक डॉ. जी. वेंकटेश्वरलू के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# केबीआर पार्क में गणेश पूजा आयोजित



हैदराबाद, 1 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर केबीआर पार्क में स्थापित गणेशजी की पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर भगवान का श्रृंगार कमल के फूल से बहुत सुंदर सजावट की गई। सभी भक्तों ने बहुत उत्साह से दर्शन का लाभ लिया। पूजा कार्यक्रम में राजेंद्र कुमार अग्रवाल, सुरेंद्र अग्रवाल, विनोद कुमार अग्रवाल, समाजसेवी गोपाल बल्दवा, मुन्नालाल अग्रवाल, सुभाष कुमार अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, मोहनलाल टुंडावाले, प्रमोद सरायवाला, विट्ठलदासजी बड़ागांव, मित्तल कुमार, रामनिवास, सावरमल अग्रवाल का स्वागत सम्मान किया गया। पूजा में करीब 400 भक्तों ने भाग लिया।

# माथुर वैश्य इंटरनेशनल ने की बैठक



हैदराबाद, 1 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। माथुर वैश्य इंटरनेशनल हैदराबाद ग्रेटर द्वारा गणेशोत्सव पर गणपति भगवान की पूजा-अर्चना कर मीटिंग की शुरुआत की। अध्यक्षा अरुणा गुप्ता ने आगामी महिनों में आने वालें त्यौहारों जैसे नवरात्रि, दशहरा, दिपावली पर अपने सनातन हिन्दू संस्कृति एवं धार्मिक आस्थाओं का ध्यान रखतें हुए त्यौहारों, उत्सवों को उत्साहपूर्ण मनाना है। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के खेल और तम्बोला आदि खेला। कार्यक्रम में अध्यक्षा अरुणा गुप्ता, सचिव नीलम दौनेरिया, कोषाध्यक्षा रचना गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्य मीनू, सुनीता, श्वेता, तनिषा दौनेरिया, अंजली गुप्ता, श्वेता कतरौलिया, किरन गुप्ता आदि उपस्थित रही।

# लोगों में भेदभाव निर्माण करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग



मदनूर, 1 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मदनूर मंडल लिंगायत समाज के प्रतिनिधियों ने स्थानीय एसआई शिवकुमार को एक ज्ञापन देते हुए लिंगायत समाज प्रधान सचिव बंशी पाटील ने बताया कि चार वर्ष पहिले लिंगायत समाज के कुल गुरु क्रांति वीर महात्मा बसवेश्वर प्रतिमा स्थापना करने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सहयता से भूमि पूजन करने के बाद दूसरे दिन से ही महात्मा बसवेश्वर प्रतिमा स्थापना के लिए एक चबूतरा निर्माण किया गया था। मदनूर मंडल में कोरोना महामारी के कारण हम लोग समय पर महात्मा बसवेश्वर की प्रतिमा को उस चबूतरे पर नहीं बिठाने से कुछ समाज विरोधी अजनबी लोगों ने दूसरे जाति में भेदभाव पैदा करने के लिय मंगलवार देर रात को शुर वीर छत्रपति शिवाजी महाराज की एक छोटी प्रतिमा उस चबूतरे के ऊपर स्थापित कर दिया। इससे मंडल केंद्र में एक तनाव का वातावरण बन गया है। उन्होने आगे बताया कि मंडल में विविध जातियों में भेदभाव निर्माण करने वाले अजनबी वेक्तियों के खिलाफ जल्दी से जल्द कानूनी कार्यवाही करने की मांग की। इस समय बंशी पटेल, तेलंगाना राष्ट्र समिति मंडल अध्यक्ष संगमेश्वर, कृषि बाजार समिति उपाध्यक्ष अशोक पाटील, मदनूर सोसायटी अध्यक्ष श्रीनिवास पाटील, डोंगली सोसायटी अध्यक्ष राम पाटिल, बसवंतराव पाटिल लीबुर, सुभाष बडू पाटील, के साथ अन्य समाज के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# गैर-इंटरलॉक कार्यों के कारण ट्रेनों का मार्ग बदला

हैदराबाद, 1 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण मध्य रेलवे ने 18 अगस्त को विजयवाड़ा स्टेशन के पास कोंडापल्ली और न्यू वेस्ट ब्लॉक हट के बीच तीसरी लाइन का काम शुरू किया और ये काम 20 सितंबर तक जारी रहेगा।

यह काजीपेट-विजयवाड़ा परियोजना के बीच तीसरी लाइन की परियोजना का हिस्सा है, जो व्यस्त और संतृप्त खंड में खंड क्षमता को बढ़ाएगा। एक बार परियोजना पूरी हो जाने के बाद, यह सेक्शन में ट्रेन की आवाजाही को आसान बना देगा और ट्रेनों की औसत गति में सुधार करते हुए अधिक संख्या में ट्रेनों को संचालित करने की क्षमता होगी। इन कार्यों के कारण गैर-इंटरलॉक कार्य को अनुभाग में लिया जाएगा। तदनुसार, रेल यात्रियों को न्यूनतम असुविधा सुनिश्चित करने के लिए, दक्षिण मध्य रेलवे ने 30 अगस्त से 20 सितंबर तक कुछ ट्रेनों की आवाजाही में कुछ बदलाव किए हैं। जबकि 12 जोड़ी नियमित ट्रेनों और सात विशेष ट्रेनों को वैकल्पिक मार्ग में संचालित करने के लिए डायवर्ट किया गया है। एक जोड़ी ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है और तीन जोड़ी ट्रेनों को आंशिक रूप से रद्द कर दिया गया है। तीन ट्रेनों के समय में बदलाव किया गया है और आठ पार्सल कार्गो एक्सप्रेस ट्रेनों को वैकल्पिक मार्गों में बदल दिया गया है।

इसके अलावा, डायवर्ट किए गए मार्गों में चलने वाली ट्रेनों के लिए स्टेशनों (नए मार्ग में पड़ने वाले) पर अतिरिक्त ठहराव की सुविधा भी प्रदान की गई है।

# वीएच ने गांधी परिवार से ही पार्टी अध्यक्ष बनाने का आग्रह किया

हैदराबाद, 1 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्यसभा के पूर्व सदस्य और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वी. हनुमंत राव ने गांधी भवन में मीडिया को संबोधित करते हुए बताया कि एआईसीसी चुनाव का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। इसे लेकर कई चर्चा-परिचर्चाएं भी शुरू हो गई है। कुछ लोगों का कहना है कि उन्हें गांधी परिवार के अलावा बाहरी लोगों को रखना चाहिए।



बाकी को छोड़कर नेतृत्व के लिए गांव-गांव जाना मुश्किल है। अगर राहुल गांधी हैं तो किसी को कोई आपत्ति नहीं है। मेरे ख्याल से अगर प्रियंका कांग्रेस अध्यक्ष बनती हैं तो पार्टी के लिए अच्छा होगा, क्योंकि जिस परिवार ने देश की आजादी के लिए लड़ाई लड़ी और सोनिया का परिवार, जिन्होंने प्रधानमंत्री का पद भी छोड़ दिया, बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि कई अच्छे लोगों का पार्टी छोड़ना कांग्रेस के लिए नुकसानदेह होगा। उन्होंने कहा कि आजाद को पार्टी में उच्च पद प्राप्त थे। आजाद अकेले ऐसे शख्स हैं जो 42 साल से इस पद पर रहे। उनका कहना है कि वे डॉक्टर नहीं बल्कि कंप्यूटर हैं। अगर आजाद इस्तीफा देने से पहले बोलते, तो उनकी बातों का महत्व होता। अगर ऐसा कोई व्यक्ति पार्टी छोड़ता है तो कार्यकर्ताओं को दुख होगा।

# बिहार समाज सेवा संघ के प्रयास से मिली पीड़ित परिवारों को मुआवजा राशि : राजू ओझा

हैदराबाद, 1 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। बिहार समाज सेवा संघ के राष्ट्रीय चेयरमैन राजू ओझा कि 31 अगस्त को बिहार समाज सेवा संघ हैदराबाद के सभी पदाधिकारियों के कठिन परिश्रम का परिणाम मिल गया। विगत 23 मार्च 2022 को सिकंदराबाद स्थित भोईगुड़ा में स्थित कबाड़ के गोडाउन में आग लगने से बिहार राज्य के छपरा, साारण और कटिहार जिले के 12 श्रमिकों की मौत हों गई थी। उन सभी पीड़ित परिवार को मुआवजा राशि मिल गई है। बिहार समाज सेवा संघ के राष्ट्रीय चेयरमैन ने बताया कि बिहार के छपरा, सारण व कटिहार के रहने वाले मजदूर सिकंदराबाद के भोईगुड़ा के कबाड़ गोडाउन में लगी भाषण आग में जलकर मर गए थे।

केंद्र सरकार के द्वारा 2 लाख, बिहार सरकार द्वारा 2 लाख और तेलंगाना सरकार के द्वारा 5 लाख रुपए पीड़ित परिवार को देने की घोषणा की गई थी। एक पीड़ित परिवार को टोटल 9 लाख मुआवजा आज तक सभी पीड़ित परिवार को मिल चुका है। इसके लिए बिहार समाज सेवा संघ हैदराबाद, तेलंगाना सरकार और बिहार सरकार तथा केंद्र सरकार का आभारी है। राष्ट्रीय चेयरमैन राजू ओझा ने दावा किया कि विगत 5 महीनों से पीड़ित परिवार के सदस्यों से और बिहार सरकार व तेलंगाना सरकार से बराबर सम्पर्क में समाज के पदाधिकारी रहें है। आज समाज के तरफ से सभी सरकारी पदाधिकारी बिहार व तेलंगाना राज्य के सभी पदाधिकारियों की सराहना की गई। बिहार समाज सेवा संघ के बिहार के पीड़ित परिवार को मुआवजा राशि के लिए भागदौड़ में लगे बिहार समाज सेवा संघ के राष्ट्रीय चेयरमैन राजू ओझा, बिहार समाज सेवा संघ हैदराबाद के अध्यक्ष पप्पू सिन्हा, महामंत्री मनीष तिवारी, कोषाध्यक्ष राधेश्याम प्रजापति, प्रवक्ता विकास सिंह, उपाध्यक्ष प्रताप गौरव सिंह आदि ने इस कार्य से जुड़े रहे।

# गवर्मेंट बॉयज व गर्ल्स कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित



हैदराबाद, 1 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। महान तपस्वी आचार्य श्री महाश्रमण जी की परम विदुषी सुशिष्या साध्वी श्री त्रिशलाकुमारी जी की प्रेरणा से श्रद्धा की प्रतिमूर्ति, अणुव्रत सेवी श्रीमती निर्मला बैद ने गवर्मेंट बॉयज व गर्ल्स कॉलेज में अणुव्रत कर्यक्रम किया। कॉलेज के विद्यार्थियों ने मंगलाचरण राष्ट्रीय गान से वंदेमातरत से शुरू हुआ। विद्यार्थीयों को कॉलेज के निदेशक ने कार्यक्रम की प्रेरणा दी। विद्यार्थीयों को इमोशनल डेवेलपमेन्ट के बारे में बताया। आज की बढती हुई समस्याओं से बच्चे कैसे वंचित रह सकते हैं, इस बारे में बताने के साथ-साथ पैशन्स व विनम्रता के तरीके बताये। जीवन का लक्ष्य क्या होना चाहिए, इसके बारे में कई उदाहरणों द्वारा जानकारी दी गयी। मन की चंचलता को कम करने व स्मरण शक्ति बढाने के कई प्रयोग बताये गये। प्रिंसिपल ने निर्मला बैद का आभार ज्ञापित किया।

# अग्रणी महिला मंच द्वारा गणेश पूजा आयोजित



हैदराबाद, 1 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अग्रणी महिला मंच द्वारा गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में दोमलगुड़ा स्थित वेंकट फॉर्चून ब्लिस्स में गणेश पूजा का आयोजन किया गया। अध्यक्षा सुमन भुवानिया ने बताया कि इस दौरान पूजा और भजन कीर्तन भी किया गया। इस अवसर पर बबिता गर्ग, रितु गर्ग, सुनयना नर्सरिया, टीना खंडेलवाल, वंदना पचरिया, रीता अग्रवाल, प्रीति गोयल, स्मिता शाह, रूपा गुप्ता, संगीता जजोदिया, मीनाक्षी अग्रवाल, सुमन पांडेय, अन्नू अग्रवाल, अर्चना, दीपा, संगीता, कमला देवी, रुचि आदि उपस्थित थे।



विनायक चतुर्थी के आयोजन के लिए सभी प्रकार की व्यवस्थाओं में मदद करने पर मंत्री तलसानी श्रीनिवास का सम्मान करते हुए गोशामहल टीआरएस नेता एम. आनंद कुमार गौड़ एवं जामबाग संभाग के युवाकार्यकर्ता।



गणेश नवरात्रि के अवसर पर कारखाना गणेश मंदिर में पूजा-अर्चना करते हुए बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष जंपन्ना प्रताप। साथ में हैं नारायण मुरली, प्रदीप, विक्रम, दिनेश व अन्य।




राजस्थान पाली जिले के पिपलिया कला श्रीमती सुंदरबाई राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय से सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य दीपाराम सीरवी (काग) गुड़िया रांकि बेरा पर स्वागत एवं प्रतिभोज समारोह में धर्मगुरु दीवानमाधव सिंहजी व गुरुदेव श्री युधिष्ठिर जी शास्त्री एवं महेंद्रसिंहजी राणावत के सान्निध्य में सीरवी समाज संगारेड्डी के सदस्यों द्वारा स्वागत करते हुए घीसाराम काग, लिकमाराम सानपुरा, सुरेश परिहरिया, पीताराम चौयल, मोहनलाल सैंणचा, रमेश लेरचा, सोहनलाल चौयल, प्रकाश राठौड़, गिरधारीलाल चौयल, केसाराम परिहार, धर्मीचंद परिहारिया, मांगीलाल सोलंकी, पुनाराम सानपुरा, हंसाराम काग, प्रदीप सानपुरा एवं अन्य।

# एशिया कप के सुपर- 4 में भारत

## हांगकांग को 40 रन से हराया, कोहली फॉर्म में लौटे

### सूर्या ने 26 गेंद में बनाए 68 रन




नई दिल्ली, 1 सितंबर (एजेंसियां)। अफगानिस्तान के बाद टीम इंडिया एशिया कप के टॉप-4 में जगह बनाने वाली दूसरी टीम बन गई है। भारतीय टीम ने अपने दूसरे लीग मैच में हांगकांग को 40 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया ने 20 ओवर में दो विकेट खोकर 192 रन बनाए। सूर्यकुमार यादव ने भारत की ओर से सबसे बेहतरीन पारी खेली। उन्होंने 26 गेंदों पर 6 चौके और 6 छक्के की मदद से नाबाद 68 रन बनाए। उनका स्ट्राइक रेट 261 का रहा। पूर्व कप्तान विराट कोहली 44 गेंदों पर 59 रन बनाकर नाबाद रहे। विराट ने अपनी पारी में 1 चौका और 3 छक्के जमाए। केएल राहुल ने 39 गेंद पर 36 और कप्तान रोहित शर्मा ने 13 गेंदों पर 21 रन बनाए।



जवाब में हांगकांग ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 152 रन ही बनाए। भुवनेश्वर कुमार, रवींद्र जडेजा, अर्शदीप सिंह और आवेश खान को एक-एक विकेट मिला।

**जडेजा का शानदार थ्रो**

रवींद्र जडेजा को क्यों विश्व का सबसे शानदार फिल्डर कहा जाता है, उन्होंने हांगकांग के खिलाफ अपने कमाल के थ्रो से बता दिया। अर्शदीप सिंह की 6वें ओवर की आखिरी गेंद फ्री हिट थी और निजाकत खान बड़ा शॉट खेलना चाहते थे, लेकिन वो ऐसा नहीं कर पाए और बॉल को प्वॉइंट पर खेल कर एक रन भागना चाहा, लेकिन वहां खड़े थे रवींद्र जडेजा। उन्होंने सीधा थ्रो मारा और निजाकत को पवेलियन भेज दिया।

**इसके बाद उन्होंने अपनी शानदार गेंदबाजी से बाबर हयात को 41 रन पर आउट किया।**

कोहली ने 6 महीने और 11 पारियों के बाद कोई अर्धशतक जड़ा है। पिछली बार विराट ने 18 फरवरी 2022 को वेस्टइंडीज के खिलाफ अर्धशतक जड़ा था। उस मैच में उन्होंने 41 गेंद में 52 रन बनाए थे। कोहली ने 32 महीने बाद टी-20 क्रिकेट में लगातार 3 मैच में 10 से ज्यादा रन बनाए हैं। आखिरी बार जनवरी 2020 में लगातार 3 मैच में उनके बल्ले से 10 से ज्यादा रन निकले थे।

पाकिस्तान के खिलाफ मैच के हीरो रहे हार्दिक पंड्या को आज के मुकाबले में आराम दिया गया है। उनकी जगह ऋषभ पंत को मौका मिला है। पंत पहले मैच में टीम का हिस्सा नहीं थे।

टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने हांगकांग के खिलाफ पहला रन बनाते ही वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। रोहित टी-20 इंटरनेशनल में 3500 रन बनाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बने हैं। वहीं, मैच के तीसरे ओवर में केएल राहुल और रोहित शर्मा ने मिलकर 22 रन बना दिए।

भारत- रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर),रवींद्र जडेजा, भुवनेश्वर कुमार, आवेश खान, अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल।

हांगकांग- निजाकत खान (कप्तान), यासिम मुर्तजा, बाबर हयात, किनचित शाह, एजाज खान, स्कॉट मैककेनी (विकेटकीपर), जीशान अली, हारुन अरशद, एहसास खान, मोहम्मद गजनाफर, आयुष शुक्ला।

# टी-20 वर्ल्ड कप के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम का ऐलान

## सिंगापुर के टिम डेविड टीम का हिस्सा भारत के दौरे पर नहीं आएंगे वार्नर



नई दिल्ली, 1 सितंबर (एजेंसियां)। इस साल अक्टूबर में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के लिए ऑस्ट्रेलिया ने अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। वर्ल्ड चैंपियन की कमान एरोन फिंच के हाथ में होगी। जबकि उपकप्तान पैट कमिंस होंगे। पिछले साल यूएई में खेले गए वर्ल्ड कप को ऑस्ट्रेलिया ने जीता था। उस टीम में सिर्फ एक बदलाव हुआ है। स्पिनर मिचेल स्वेपसन की जगह ऑलराउंडर टिम डेविड आए हैं। वहीं, भारत के खिलाफ 20 सितंबर से शुरू होने वाली टी-20 सीरीज के लिए भी टीम का ऐलान कर दिया गया है।

**भारत के दौरे पर नहीं होंगे वार्नर**

ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर भारत के दौरे पर नहीं आएंगे। उन्हें सीरीज से आराम दिया गया है। उनकी जगह कैमरून ग्रीन टीम का हिस्सा होंगे। टी-20 वर्ल्ड कप और भारत के दौरे के लिए चुनी गई इस टीम में स्टीव स्मिथ को भी जगह मिली है। टी-20 क्रिकटे में स्मिथ का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है। ऐसे में माना जा रहा था कि वो ऑस्ट्रेलिया टीम का हिस्सा नहीं होंगे, लेकिन उनपर एक बार फिर ऑस्ट्रेलिया की टीम ने भरोसा जताया है।

टिम डेविड मार्च 2020 तक सिंगापुर की टीम के लिए 11 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेल चुके हैं। वे इस साल आईपीएल में भी नजर आए थे और मुंबई इंडियंस के लिए 9 मैच खेले थे। वहीं, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बताया है कि डेविड आईसीसी के नियमों के तहत तत्काल प्रभाव से ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलने के लिए तैयार हैं।

**ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम वर्ल्ड कप के लिए**

एरोन फिंच (कप्तान), मैथ्यू वेड, डेविड वार्नर, मार्कस स्टोइनिस, एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, जोश हेजलवुड, जोश इंग्लिस, मिचेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, केन रिचर्डसन, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क और एडम जम्पा।

**भारत दौरे के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम**

एरोन फिंच (कप्तान), मैथ्यू वेड, मार्कस स्टोइनिस, एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, जोश हेजलवुड, जोश इंग्लिस, मिचेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरून ग्रीन, केन रिचर्डसन, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क और एडम जम्पा।

# सेरेना यूएस ओपन के तीसरे दौर में

## वर्ल्ड नंबर-2 कोंटेविट को हराया, 2021 की रनरअप फर्नांडीज और सेमीफाइनलिस्ट सक्कारी बाहर

न्यूयार्क, 1 सितंबर (एजेंसियां)।US ओपन के बाद संन्यास का ऐलान करने जा रही दिग्गज टेनिस खिलाड़ी सेरेना विलियम्स ने साल के चौथे और आखिरी ग्रैंड स्लैम के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। अपना आखिरी प्रोफेशनल टूर्नामेंट खेल रही 40 वर्षीय खिलाड़ी ने दूसरी सीड एनेट कोंटेविट को 7-6 (4), 2-6, 6-2 से हराया। इस जीत के साथ टूर्नामेंट में अमेरिकी स्टार का सफर जारी है। वे अगले दौर में ऑस्ट्रेलिया की आयला टोमीयानवीच का सामना करेंगी।

**वरीय खिलाड़ियों का हारना जारी**

इस ग्रैंड स्लैम में विमेंस सिंगल्स की वरीय खिलाड़ियों के हारकर बाहर होने का क्रम जारी है। चौथे दिन पिछले सीजन 2021 की रनरअप लेला फर्नांडीज और



वरीय फर्नांडीज को ल्यूडमिला सैमसोनोवा ने 6-3, 7-6 (3) से पराजित किया। जबकि सक्कारी को सेमीफाइनलिस्ट मारिया सक्कारी दूसरे दौर से बाहर हो गईं। इससे पहले पिछली दो चैंपियन नाओमी ओसाका और एम्मा राडुकानू पहले ही बाहर हो चुकी हैं।

एक साल पहले फाइनल में राडुकानू से हारने वाली 14वीं दूसरे दौर में चीन के वांग शियू ने 3-6, 7-5, 7-5 से हराया।

12वीं वरीय प्राप्त कोको गॉफ और 20वीं वरीयता प्राप्त मैडिसन कीज को आगे बढ़ने में परेशानी नहीं हुई। अमेरिका की दोनों खिलाड़ी तीसरे दौर में आमने-सामने होंगी। गॉफ ने एलेना गैब्रिएला रुसे को 6-2, 7-6 (4) से, जबकि US ओपन 2017 की उपविजेता कीज़ ने कैमिली जियोर्गी को 6-4, 5-7, 7-6 (6) से हराया।

**मरे की जबर्दस्त वापसी, मेदवेदेव भी जीते**

मेंस सिंगल्स में एंडी मरे और मेदवेदेव अपने-अपने मुकाबले जीतकर अगले दौर में पहुंचे। तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन मरे ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके अमेरिका के एमिलियो नवा को 5-7, 6-3, 6-1, 6-0 से हराया। उनका अगला मुकाबला अब 13वीं वरीयता प्राप्त मैटियो बैरेट्टिनी से होगा।

रूसी के टेनिस खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव ने फ्रांस के आथर रिंडरकिंच को 6-2, 7-5, 6-3 से हराया। एक अन्य मैच में निक किर्गियोस ने फ्रांस के बेंजामिन बोन्जी को 7-6 (3), 6-4, 4-6, 6-4 से शिकस्त दी।

# सूर्या ने दिलाई डिविलियर्स और धोनी की याद

## 20वें ओवर में जड़े 4 छक्के, 360 डिग्री और हेलीकॉप्टर शॉट लगाए; 261 का रहा स्ट्राइक रेट



नई दिल्ली, 1 सितंबर (एजेंसियां)। एशिया कप में भारत का दूसरा लीग मैच। दुबई का स्टेडियम और भारत के सामने थी हांगकांग जैसी कमजोर टीम। ऐसा लगा भारत के बल्लेबाज खूब रन बरसाएंगे। पर शुरुआती ओवरों में हांगकांग के गेंदबाजों ने ऐसा नहीं होने दिया। तेजी से रन बनाने की कोशिश कर रहे कप्तान रोहित शर्मा 21 रन बनाकर आउट हो गए। वहीं, केएल राहुल तो मानों टेस्ट मैच खेल रहे थे। उनका फ्लॉप शो दूसरे मैच में भी जारी रहा। राहुल के बल्ले पर गेंद ही नहीं आ रही थी। जबकि विराट कोहली अपने खोए हुए फॉर्म की तलाश में थे। ऐसे में वो बड़े-बड़े शॉट खेलने से घबरा रहे थे।

केएल राहुल 39 गेंद में 36 रन बनाकर आउट हुए। स्ट्राइक रेट सिर्फ 92.30 का। उनके आउट होने के बाद बल्लेबाजी करने आए सूर्यकुमार यादव और बताया कि दुबई की पिच पर कैसे बल्लेबाजी की जाती है।

जब सूर्या के बल्ले से लंबे-लंबे शॉट निकल रहे थे तो उन्हें देख साउथ अफ्रीका के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी एबी डिविलियर्स और महेंद्र सिंह धोनी की याद आ गई। उन्होंने अपनी पारी में डिविलियर्स जैसे 360 डिग्री शॉट के साथ-साथ धोनी का हेलीकॉप्टर शॉट भी दिखाया।

**एजाज खान को लगाया ऐसा शॉट की वो देखते रह गए**

भारतीय पारी का 16वां ओवर चल रहा था। हांगकांग के गेंदबाज थे एजाज खान और ओवर की चौथी गेंद थी। एजाज ने ऑफ साइड के बाहर बॉल डाली। सूर्यकुमार ने एक कदम आगे किया और नीचे झुक कर डिविलियर्स की स्टाइल में बैठते हुए विकेटकीपर के ऊपर से गेंद को बाउंड्री के पार पहुंचा दिया। उनके इस शॉट को देखकर गेंदबाज सहित पूरी हांगकांग की टीम उन्हें देखती रही। कॉमेंट्री कर रहे पूर्व दिग्गज खिलाड़ियों ने तो यहां तक कह दिया कि सूर्या भारत के डिविलियर्स हैं।

भारतीय पारी का 18वां ओवर आयुष शुक्ला करने आए और ओवर की चौथी गेंद पर सूर्या ने धोनी की तरह हेलीकॉप्टर शॉट खेला। गेंद बाउंड्री के बाहर चली गई। इस ओवर में सूर्या ने 15 रन बनाए।

# इंस्टा पर शिखर-चहल की साझेदारी

## कसरत कर रहे युजी को धवन ने कहा- तुम्हें रब का वास्ता है, शर्ट पहन लो




दुबई, 1 सितंबर (एजेंसियां)।टीम इंडिया के ओपनर शिखर धवन और स्पिनर युजवेंद्र चहल की रील पार्टनरशिप देखने को मिली है। 16 सेकंड की इस रील में युजवेंद्र चहल एक्सरसाइज करते नजर आ रहे हैं। वे जिम में कर्ल बाइसेप्स लगा रहे हैं।

चहल को एक्सरसाइज करते देखकर शिखर धवन कहते हैं- 'तुम्हें रब का वास्ता...ये कमीज (शर्ट) पहन ले। तुम्हें देकर मुझे अपनी दादी की याद आ रही है।' इस पर चहल पूछते हैं- 'तेरी दादी भी बॉडी बिल्डर थी।' यह रील वीडियो आईपीएल फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स (आरआर) ने अपलोड किया है। जो सोशल मीडिया में खूब पसंद किया जा रहा हैं। इसे 6 घंटे में करीब 47 लाख लोग देख चुके हैं।

टीम इंडिया में इस समय रील कल्चर बढ़ रहा है। टीम के खिलाड़ी अपने फैंस के लिए फोटो और वीडियो शेयर करते रहते हैं। पिछले कुछ महीनों में टीम इंडिया ने हर जीत के बाद सोशल मीडिया में सेलिब्रेशन वीडियो शेयर किए हैं। चाहे वह वेस्टइंडीज दौरा हो, जिम्बाब्वे हो या फिर आयरलैंड।

# टी-20 हेड टु हेड मुकाबले में श्रीलंका 8-4 से आगे

दुबई, 1 सितंबर (एजेंसियां)।श्रीलंका और बांग्लादेश एशिया कप के पांचवें मुकाबले में गुरुवार को एक दूसरे के सामने होंगी। दोनों ही टीमें एशिया कप में मैच जीतकर दो प्वाइंट हासिल करना चाहेंगी। बात सिर्फ दो प्वाइंट की नहीं है। ये मैच दोनों टीम के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि श्रीलंका और बांग्लादेश, आफगानिस्तान से अपना पहला मैच हार चुकी हैं और जो इस मैच को जीतेगा वो एशिया कप के टॉप-4 में अपनी जगह पक्की करेगा।

एशिया कप का ये मुकाबला दुबई स्टेडियम में शाम 7:30 बजे शुरू होगा। फैंस मैच को हॉटस्टार पर स्ट्रीम कर सकते हैं। साथ ही स्टार स्पोर्ट्स इसे टीवी पर ब्रॉडकास्ट करेगा।

श्रीलंका हेड टु हेड में बांग्लादेश से बहुत आगे एशिया कप में दोनों टीमों के हेड टु हेड कॉन्टेस्ट में श्रीलंका, बाग्लादेश से बहुत आगे है। आमने-सामने की लड़ाई में श्रीलंका ने खेले गए कुल 13 मैच में से 11 में जीत हासिल की हैं। वहीं बांग्लादेश सिर्फ 2 मैच में ही श्रीलंका को हरा सकी है। पिछले दशक में दोनों ही टीमें एशिया कप में एक दूसरे से तीन बार भिड़ी हैं जिसमें 2 बार बांग्लादेश तो 1 बार श्रीलंका ने मैच जीता है।

बांग्लादेश ने एशिया कप 2012 और 2016 में श्रीलंका को हराया था। 2012 में श्रीलंका को हराकर बांग्लादेश पहली बार एशिया कप के इतिहास में फाइनल में पहुंची थी। बांग्लादेश की ओर से तमीम इकबाल और शाकिब अल हसन ने 50 रन बनाए थे। शाकिब अल हसन ने इस मैच में दो विकेट भी अपने नाम किए थे। इस




ऑलराउंड परफॉर्मेंस के बाद शाकिब ने मैन ऑफ द मैच का अवॉर्ड जीता था।

जब दोनों टीमें 2018 में एक दूसरे के सामने आईं तो श्रीलंका को उस मैच में मुंह की खानी पड़ी थी। बांग्लादेश ने इस मैच में पहले बैटिंग करते हुए 261 रन बनाए थे। बांग्लादेश की ओर से मुशफिकुर रहीम ने सबसे ज्यादा 144 रन बनाए थे। ये स्कोर वनडे में रहीम का बेस्ट परफॉर्मेंस भी है। 261 का टारगेट चेज करते हुए श्रीलंका की टीम सिर्फ 124 रन पर ऑल आउट हो गई थी।

टी-20 फॉर्मेट में भी श्रीलंका बांग्लादेश से आगे है। टी-20 में श्रीलंका और बांग्लादेश ने कुल 12 मुकाबले खेले हैं। श्रीलंका ने 12 में से 8 मैच जीतें हैं, तो बांग्लादेश ने केवल 4।

यह मुकाबला दुबई की पिच पर खेला जाएगा। दुबई की पिच पर भारत ने अपने दोनों एशिया कप के मुकाबले खेले हैं। दोनों ही मुकाबलों में पिच ने पेसर्स की मदद की है। शुरूआती ओवर में अगर पेसर्स बॉल को स्विंग करवाने में सफल होते हैं तो सामने वाले बैट्समेन के लिए उनको खेलना बहुत मुश्किल साबित हो सकता है।

# रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज के सीजन 2 का ऐलान

## इंडिया लीजेंड की कप्तानी करेंगे सचिन तेंदुलकर

नई दिल्ली, 1 सितंबर (एजेंसियां)। रिटायर्ड क्रिकेटरों की लीग रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज (RSWS) के दूसरे सीजन का ऐलान का हो गया है. भारत के रिटायर्ड क्रिकेटरों की टीम इंडिया लीजेंड्स की कप्तान करते दिखाई देंगे. मास्टर ब्लास्टर ने इस लीग के पहले सीजन भी कप्तानी की थी और अपनी टीम को खिताब जिताया था. उनकी इस टीम में वीरेंदर सहवाग, मोहम्मद कैफ, युवराज सिंह, इरफान पठान, यूसुफ पठान जैसे पूर्व दिग्गज खिलाड़ी साथ में खेले थे. इस बार भी इन खिलाड़ियों के खेलने की उम्मीद है. यह लीग 10 सितंबर से 1 अक्टूबर तक खेली जाएगी.

आरएसडब्ल्यूएस के मैच कानपुर, रायपुर, इंदौर और देहरादून में खेले जाएंगे. आरएसडब्ल्यूएस का पहला मैच कानपुर में होगा और दो सेमीफाइनल और फाइनल की मेजबानी रायपुर करेगा. न्यूजीलैंड लीजेंड्स इस संस्करण में नई टीम हैं और वे देश और दुनिया भर में में रोड सेफ्टी के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए मुख्य रूप से खेले जाने वाले 22 दिवसीय आयोजन के दौरान भारत, ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, वेस्टइंडीज, साउथ अफ्रीका, बांग्लादेश और इंग्लैंड के दिग्गज शामिल होंगे.

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा, 'रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज क्रिकेट के माध्यम से सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए एक बहुत अच्छी पहल है. हम चाहते हैं कि इस



देश में प्रत्येक व्यक्ति जागरूक हो और सड़क पर हर नियम और कानून का पालन करे. ऐसा करने के लिए हमें उन्हें जागरूक करना होगा. मेरा दृढ़ विश्वास है कि यह सीरीज भारतीय रोड सेफ्टी को लेकर कारगर साबित होगी.'

रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज (RSWS) को भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय और सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्रालय और युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा समर्थन दिया जा रहा है. अमेरिका-स्थित 27 इन्वेस्टमेंट्स द्वारा समर्थित 27 स्पोर्ट्स लीग के अन्य मार्केटिंग अधिकार धारक हैं ,जबकि प्रोफेशनल मैनेजमेंट ग्रुप (PMG) इवेंट मैनेजमेंट पार्टनर है.

केंद्रीय सूचना और प्रौद्योगिकी और युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा, 'मुझे यकीन है कि रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज सामाजिक परिवर्तन को बढ़ावा देगी. सड़क सुरक्षा पर लोगों के व्यवहार को प्रभावित करने के लिए एक आदर्श मंच के रूप में काम करेगी।'

# खेल जगत पर फिर कोविड-19 का साया, दो बड़े वर्ल्ड बैडमिंटन टूर्नामेंट रद्द

नई दिल्ली, 1 सितंबर (एजेंसियां)। वर्ल्ड बैडमिंटन फेडरेशन ने नवंबर में आयोजित होने वाले हॉन्ग कॉन्ग ओपन सुपर 500 और मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंटों को रद्द करने की घोषणा कर दी है. दोनों देशों में कोविड-19 के सख्त प्रतिबंध शुरू हो गए हैं. इसके चलते बैडमिंटन संघ ने यह फैसला लिया. मकाउ ओपन जहां 1 से 6 नवंबर के बीच खेला जाना था, वहीं हॉन्ग कॉन्ग ओपन का आयोजन 8 से 13 नवंबर के बीच होना था.

हॉन्ग कॉन्ग में कोविड-19 की स्थिति चिंताजनक है. ऐसे में वहां की सरकार ने यहां सख्त क्वॉरंटीन नियम लागू किए हुए हैं. हॉन्ग कॉन्ग



बैडमिंटन असोसिएशन ने सरकार ने इस सख्त नियमों में विदेशी खिलाड़ियों के लिए कुछ छूट की मांग की थी. लेकिन सरकार से उसके इसकी इजाजत नहीं मिली, जिसके बाद उसने वर्ल्ड बैडमिंटन फेडरेशन को उसने कहा कि इन हालात को देखते हुए कोई और दूसरा विकल्प नहीं है.

दूसरी ओर मकाऊ का भी ऐसा ही हाल है और उसके फेडरेशन ने भी यह माना कि इन हालात में इस साल इस टूर्नामेंट का आयोजन करना संभव नहीं है. इस सप्ताह जापान ओपन का आयोजन हुआ था. अब वर्ल्ड टूर का यूरोप में आयोजित होगा, जहां अक्टूबर से डेनमार्क, फ्रांस और जर्मनी में वर्ल्ड टूर्नामेंट्स खेले जाएंगे।

